माखू को परचार

आपणा देश मां घणो हुयो है क राजा
गा कर गरीब को भूपड़ो भी इण बुरी आद
ी बामण सू लगा कर भगी ताई पवित्र
त ताई बालक सूं लगा कर बुढा ताई शहर
ोवड़ा ताई समीने यो रोग लगा रीयो है।
तमाखू जस्या बुरा व्यसन की आदत
र्म, धर्म और शरीर ने घणो नुकसाण पुं
ा मां आवे नहीं।
से अस्या बुरा व्यसन ना रोकवा
मेमी भाया ने करणो चाईजे क आगे हो
वा इण कुव्यसन सु बचे।

कोई कवि को वचन है कि

सो गई अब राख रही को

आपका शुभचिंतक—
साधु नेदरामदास मानदास

तमाकू खोटी

घर की सीख घर की बोलीमां।

राग—थुं तो आजा ये नींद नैणामां घुल जाय।

टेर—मत पीवो मारा छैल तमाखू खोटी।
इण के बदले मुँ घी घाल जीमास्युं रोटो॥

समझ तमाखू सूगली जी कुतो न खावे काग।
जीण ने पीवे मानवी कोई ज्यांका खोटा भाग॥ १॥

कंथ हमारा मती करो जी बुरो तमाखू हेत।
टका एक की टाट में मारे दिन उग्याई देत॥ २॥

हाथ बलै मुंडो बलै जी कपड़ा बलै जरूर।
असी तमाखू सूगली जीसुं रीज्यो राजन दूर॥ ३॥

चिलम्या करतां चिलम झाड़ता होवे मोकलो पाप।
जिण सुं बरजुं साथबा मत पीवो तमाखू आप॥ ४॥

हूका सुं हुरमत सब बिगड़ी लाज शरम गई छूट।
सबको उंठ्यो भूँठ्यो पीवो गई हीया की फूट॥ ५॥

दुःख सुख देख धान बपरायो थेले भागा कीणो।
भूखां मरता टाबर रोवें धिरक तमाकू पीणो॥ ६॥

थांको वाल्यो कालजोर थे फेर विगाड़्या हाथ।
गुल की गाठी राख उडाई रांड तमाकू साथ॥ ७॥

पीवे जिणरो आंगणोजी खावे जीणरी भींत।
सूंघे जीणरा कपड़ा बिगड़े तोनु खोटी रीत॥ ८॥

मोखगस्या की छेर तमाकू पी पी रास उडावे ।
रूपीया मांगे मोख गस्यो जद घर घर में लुक आवे॥ ६ ॥
रूपीया नहीं छोडे मोख गस्यो हेर खोद कर ल्यावे ।
गास्यों काढे धक्का देवे बिगड़ माजनो जावे ॥१०॥
पीवे जीणरा हाथ सडे जी खावे जिण रो मु डो ।
सुंघे जिणरो नाक सडे यो सभी काम है मू डो ॥११॥
पीड़ी बाला खराई फांके हो बीवा की हांण ।
कांकड़,पीव,सभी बल जावे घास तणो नुकसाण १२
पांच सात बरसां पा टापर छमर में भी फोरा ।
बीड़ी को परचार हुवा सु गणा बिगड़िया छोरा ॥१३॥
सांची बात कहूं में थाना झूठी एक न भाखूं ।
तणा तणो होश नहीं स्याना वेभी पीवे तमाखू ॥१४॥
पीड़ी देवो तुको देवो यू कह हाथ पसारे ।
बीड़ावाज की दशा देखकर मंगता ही झकमारे॥१५॥
घर में बीड़ी बारां बीड़ी झाड़े जातां बीड़ी ।
बीड़ी के बश बस्या हुया ये ज्युं चीगट पर कीड़ी॥१६॥
खावो, पीवो, सू घो, कोहाफाई न बाकी राखी ।
तमाकू पर टूट पड़ो ये ज्यूं मिसरी पर माखी ॥१७॥
झाड़ जाता बीड़ी पीवे धुवा ना गिट जावे ।
धाका सरीखा सुलगा र मारे कोर निजर नहीं आवे॥१८
काटो दास सोच को दीक्यो बात सुणोजी मोदी ।
सब की यांची बीड़ी पीवो वणना तो ना सोधी ॥१६॥

ऊंच नीच सब बीड़ी बांधे बेचे सिरे बाजार ।
उण बीड़ीना पीवो कंथ थाना लाख लाख धिरकार॥२०
चरस, धतूरो, गांजो, आफू, इण सोबत सुं सीखे ।
कंचन जैसी काया बिगड़े पछां बैठकर भींके ॥२१॥
धन और धर्म बिगड़सी थांको फेर बिगड़सी काया ।
अकल बिगड़ आधी रह जासी जिणसुं मे समझाया॥२२
कांई फायदो होवे इण सुं साची बात बतावो ।
जाण बूझ मूरख बणोर क्यु धन को धुंवो उठावो २
एक बीड़ी के कारण र थे अपणी जीभ हरावो ।
ढकणी मांयां नाकडुबो कर क्यु ना थे मर जावो॥२४॥
थे सायबजी जरदो खावो मांया मिलावो चूनो ।
मुँडो थांको इसड़ो बासे जाणे जाजरू जूनो ॥२५॥
पोर बिगाड़्यो आंगणोरे थे खाय बिगाड्या खूंणा ।
सूंघ बिगाड़्यो नाक ना र बरज्यासुं होवो दूणा ॥२६॥
पंडित होकर बीड़ी पीवे टाबर बिगड़े सारा ।
बरजां तो उलटी यूं कहव पीवे गुरू भी मारा॥२७॥
इसड़ो खोटो असर पड़े है छोरां ऊपर थांको ॥
अब तो बीड़ी और चिलम न तोड़ फोड़ कर फांको॥२८
भला काम की सीख देवणो यो पंडित को काम ।
कोरो पंडित नाम धरा कर क्युं होवो बदनाम॥२९॥

हुका ज्यु थुं उणमणो र धारी धूदण देनों सेव ।
दोड़ दोड़ सब आवसी र ज्यु दौडो ऊपर देह ॥१०
जो कोई बामण पीव तमाखू बणना देवे दान ।
बामण गांव गडसूरो होसी नरक पड़े जुजमान॥११॥
एक बरस मां बीस रूपीया रोड तमाखू लूटे ।
तो भी पेठ हताई ऊपर कंथ तमाखू कूटे ॥१२॥
साधु, बामण, पंडित, पुजारी वे भी बुरी बतावे ।
आदत पड़गी छोड़सीर यांकी यु कह कर पछतावे॥१३
वेद, डाकदर, हकीम, जर्रा, ये भी नहीं सरावे ।
ना मानो तो पूछ ज्योर तमाखू जहर बतावे ॥१४॥
हिंदु, आरया मुसलमान, और जैन धरम धुधकारे ।
तोभी नकटा पणो धार ज्यु पड़ा तमाखू लारे॥१५॥
खांसी सांसी, रोग होवसी पड़सी घणो म्वसार ।
बस्यो तमाकू पीया माथा काई काढो सार ॥१६॥
तमाखू ऐसी रूखड़ी जींरा लांबा लांबा पात ।
चाल रूप्यां को मानवीया देटा मांडे हाथ ॥१७॥
मोटयार पाछो केवे है—
तमाकू और बीड़ो पीकर नहीं लगातो दागो ।
कबजी तथो दरद है मारे जिण सूं पीया लागो॥१८॥
लुगाई केवे—
कबजी को तो रोग बुरो है बात आपकी सांची ।
छोड़ो बीड़ी और तमाखू दवा बताउं आछी ॥१९॥

हरड़ै, बहड़ां, आवला रयो चूर्ण खावो आप ।
उठत ही परभाते थानां दस्त लागसी साफ ॥४०॥
जो इण सूं नहीं होय फायदो तो मतना घबराओ ।
सोना मखी का पानड़ा फिर कालो लूण मिलावो॥४१
बादी को सब रोग मिटासी कबजो दूर हटासी ।
सोती बगत रात का पाणी संग ज्यो चूर्ण खासी॥४२॥

लुगाई मन में केव—

दीनानाथ दयाल प्रभुजी एक अरज है थांने ॥
अब के बीड़ी बाज खांवंद के मति पटकज्यो पाने ॥
थांकी प्यारी बाजुं ढोला जिण सुं अरज करी है ।
झूंठी बात एक नहीं इण में सबही खरी खरी है॥४३॥
मानो तो या सीख भली है ना मानो तो मरजी ।
मै तो मारी तरफ सुं र थाना साफ सुणादी अरजी॥४४
थांको मांको घर नहीं न्यारो जिण सुं कहणो थांने।
ऊंच नीच कोई बात कही तो माफ करी ज्यो माने॥४५

मोटयार केवे—

हरड़े, बेड़ा, आवला र यो चूरण नितका खास्युं ।
समझ तमाकू सूगली र मे कद्या न नेड़ो जास्युं॥४६॥
सास चढे शक्ति घटैजो कफ पड़े ज्युं राद ।
कह नंदराम तमाखू छोडो इण मां कांई स्वाद ॥४ ॥

नाम मारो नंदराम है सजी मानदास का जाया ।
गुलायदासजी गुरु की किरपा गीत जोड़कर गाया॥४८॥
गांव भामोला कहीजे मारो पोस्ट मसूदो शहर ।
पोकरजी के पास ही र यो जिलो जाण अजमेर॥४६॥
पोथी वाचे इण पता सुं कागद देर मगाज्यो ।
पोथी पढ़ज्यो प्रेम सु र ये सपने याँस सुणा ज्यो ॥५०॥
कातो सुदी अष्टमी आयो चन्द्रवार सुखदाई ।
उगणी सौ पचायव र या पोथी लिखर छपाई ॥५१॥

भजन तमाखु को

राग—मेरे प्रभु अवगुन चित न धरो, समदर्शी है नाम तुम्हारा सोई पार करो ।

टेर ॥ तमाखू व्यसन महा दुःखदाई ॥ खाना पीना और सूंघना सब की करो जी विदाई ॥
पीनमें हा हिंसा भारी, खा कर सारी भीत बिगारी, सूघ के नाक सड़ाई ॥ तमाखू व्यसन ॥१॥ पहला धन का नाश कराती, दूजा तन में रोग लगाती, तीजा धर्मे मथाई ॥तमाकू॥२॥ चोथी अकल की होवे हानी, पंचम पेठ बिगाड़े मानी, छटवीं झूंठम खाई॥तमाकू॥३॥ सप्तम गुरु को साथ भवाती, हाथ होंठ कपड़े म चवाती, दे घर घर भीख मगाई ॥ तमाकू ॥
॥ ४ ॥ यह जिसके पीछे पड़ जाती, और यात

तमाखू के विषय में धर्मशास्त्र, धर्माचार्य, कवि, वैद्य, डाक्टर आदि देशी तथा विदेशी महानुभावों की सम्मति।

धर्मशास्त्र

तमाखू निषेधसे —

पद्म पुराण श्लोक—

धूम्रपान रत विप्रं दानं कुर्वन्तियेनराः
दातारो नरक यान्ति ब्राह्मणो ग्राम शूकरः ॥ १ ॥

अर्थात् जो ब्राह्मण तमाखू का पीने वाला हो और उसे यदि कोई पुरुष दान दे तो वह दाता पुरुष तो नरक में जाता है और वह ब्राह्मण ग्राम शूकर की योनी पाता है।

ब्रह्मपुराण-तमालपत्र भक्षितं येन स सगच्छेन्नर कार्णवे

अर्थात् जो मनुष्य तमाकू खाता है वह घोर नरक में जाता है।

महात्मा कबीरजी

कबीर उपासना नाम की पुस्तक में लिखते हैं।

भांग, तमाखू, छूतरा, आफू और शराब।
कौन करेगा बंदगी ये तो भये खराब ॥ १ ॥
पानी पिरथी के हते, धुंवा सुन्न के जीव।
हुक्का में हिंसा घणी क्यों कर पावे पीव ॥ २ ॥

भजन नम्बर २

तर्ज़—मन भजले नंद किशोर अमर तेरी चोरी रही ॥
इससे बचते रहीयो यार तमाखू विसन बुरा ॥
धन की ख्वार करत इक छिन में,
उड़त धुए को बयकार ॥ तमाखू ॥१॥
धर्म घटासी रोग बढ़ासी,
खांसी और बुखार ॥ तमाखू ॥ २ ॥
भीख मांगना यह सिखलाती,
एक बीड़ी देयो सरकार ॥ तमाखू ॥३॥
सब की झूंठन तुम्हें चखाती,
हुक्का पीवो कर प्यार ॥ तमाखू ॥ ४ ॥
गांजा चरस पीना सिखलाती,
सूंघे पागल पने की बहार ॥ तमाखू ॥५॥
एक बर्ष में एक अर्ब की पीते,
भारतीय नर-नार ॥ तमाखू ॥ ६ ॥
हानि लाभ को नाहीं विचारे,
निश्चय निपट गंवार ॥ तमाखू ॥ ७ ॥
हिन्सा कम करे नर मूरख,
दीन्ही दया को बिसार ॥ तमाखू ॥ ८ ॥
कहे मदराम इसके सेवन से,
होते अनेक विकार ॥ तमाखू ॥ ९ ॥

लीजो मती ॥ कभी ॥ ४ ॥ जाता है पैसा गांठ का फिर होती बीमारियां । चोथमल कह छोड़ दो भारत के नर और नारियाँ । सुनके बात को मेरी तुम खीजो मती ॥ कभी ॥ ५ ॥

जैन मुनी श्री खूबचन्दजी महाराज श्री जैन स्तवन मनोहर माला से ।

राग ख्याल की टेर—बदबू की लपटा मुख से निकले पिया छोड़ तमाखू ।

॥ दोहा ॥

महीना की महीने धरो र थे एक रुपया पर आग ।
एक वरस का खरच मेरथांके होवे सभी पोसाग ॥१॥
हाथ, होठ, कपड़ा, जलेरे थारो जले कलेजो दंत ।
बार बार मैं मना करूं मत पियो तमाखू कंथ ॥२॥
भेला होय हताई ऊपर सुलफा, चरस उडावे।
लाभ खरच जाणो नहीं र थाने मूरख लोग बतावे ॥३॥
भर भर कुरला नाको पीक रा सूग न आवे कोय ।
दिखण और गुजरात देश मा ऐसो जरदो होय ॥४॥
नीप्यो ढोल्यो आगणो रे थे सब कर दीनो कालो ।
सारा घरमें राख बखेरी बल्यो माजनो थारो ॥५॥
फोड़ो चिलम और ढोलो तमाखू सीधी तरां समझाऊं
घरमें होसी फायदोर थाना कहसी लोग कमाऊं ॥६॥

छाजन, भोजन हक है, और अनाहक खेय,
आपन दोजख जात है, और न दोजख देय ॥ २ ॥

किसी कवि ने कहा है—

नशा न नर को चाहिये, द्रव्य बुद्धि हर लेय ॥
एक नशा के कारणे सब जग तारी देय ॥

जैन धर्म के प्रसिद्ध वक्ता मुनी श्री चौथमलजी महाराज जैन सुबोध गुटिका से।

तर्ज—सियाराम अयोध्या बुलाओ मुझे।

कभी भूल तमाखू ये पीज्यो मती, पीने वालों का संग भी कीज्यो मती। है बुरी यह चीज ऐसी स्वर नहीं खाता इसे। इन्सान होकर पीने को तू किस तरह खाता इसे। इसको जाम अशुद्ध चित दीज्यो मती ॥ कभी ॥ १ ॥ देख पीते और को आते हैं वहाँ पर दौड़ कर। चाहे जैसा काम हो पीवेगा उसको छोड़ कर। ऐसी आदत पै हर दम रीझो मती ॥ कभी ॥ २ ॥ ब्राह्मण से लेकर शूद्र तक की एक हो जाती चिलम। शुद्धता रहती नहीं दे छोड़ तू मत कर विलम्ब। अपने कर से चिलम कभी छूओ मती ॥ कभी ॥ ३ ॥ दाता तमाखू दान यह दाता नरक में जायगा। देखो पुराणों में साफ लिखा तुम्हें मिल जायगा। मिले मुफ्त तोभी तुम

और ख़राब। थे सबही क्युं उलसूंधो खावो तुरत छोड़ दयो आप ॥मत०॥ जरदो खावे चूनो खावे जिण मुं बिगड़े दंत॥पद्मण बोली थूकथूंक क्यों जगां बिगाड़ो कंथ ॥ मत० ॥ मगज सडांवण वाली यातो रही नासका दीख ॥ कपड़ा बासे आपका कोई आवे छीक पर छींक ॥ मत० ॥ हुक्को, बीड़ी, चिलम, पींये सो घर घर मांगे भीख । चले बायरों उडे तण गारी नहीं पीवण में ठीक ॥ मत० ॥ ४ ॥ लारे लागे घणी मादगी घर रा पैसा जावे । लोग हंसे और घर में हानी श्रीनाथ समझावे ॥ मत पीवो ॥ ५ ॥

जैन कवि हंसराजजी करणवटा जोधपुर—

तज—गो पालन हिंदु जाति को सिखला दिया बसी वाले ने

मत पीवो तमाकू आप आज रामायण सीख सुनाती है
वृथा धन को क्यों खोते हो सोते में आन जगाती है ॥
बदबू मुंह में फैलाती है, चहरे की चमक हटाती है ।
धर ध्यान खूब तुम देखो यार सीने में आग जलाती है॥१
जब बायड़ तुम को आती है वो सहन करी नहीं जाती है।
बीड़ी के खातिर यार तुम्हें जन २ से भीख मंगाती है ।२।
सोवत बीड़ी जागत बीडी टट्टी में याद दिलाती है।
ऊपर नीचे फक फक फक अंजन सा धुवां उडाती है॥३॥
पैसे का बूरा उड़ाती है और बेशहूर बनाती है ।
यह हंसराज चेताता है तुम्हें नरकों बीच पठाती है॥४॥

छोडो तमाखू जोसुख पावो सुकरीया समझाई ॥
महामुनी मदनलाल तणा शिष्य जैयपुर जोड़ बणाई ॥७॥

कवि–शालिगरामजी (मारवाड)

कवित–जितनो खरच करो सुगली तमाखू पर येते दाम जोड़ जोड़ घर में धरीजिये धन को धुंआं उठाय हाथ होठ पालो मतो, पिस्ता, बिदाम, घोट दूध, घत, पीजिये ॥ साफी को लपेट कर सुलफा झपेट पीओ, खासी रोगफेट में न फोगट मरीजियो धनको बिगाड़ होय फायदो न यामें कछु चुर्ट, सिग रेट थोड़ी मेट कर दीजिये ॥

कवि मारवान् जी जोधपुर (समर काव्य) से

कुंडलिया

समझ तमाखू सुगली कुतो न खावे काग, ऊंट,टाट,खावे नहीं अपणों भाग्य अभाग ॥ अपणों जाण अभाग गजब नहीं खाय गधेडो ॥ सूकर मुडो समझ निपट खावे नहीं नेडो ॥ सुरा पशु पचजाय अहर्निशि खायन आखू ॥ यहा शरम की बात अको नर पीवे तमाखू ॥ १ ॥

जैनकवि मीनायमजी मोदी (जोधपुर) सुमर्गीत पहला भाग ।

राग ख्याल की टेर—मत पीवो तमाखू मुंडारी आवे मूडी वासना । तमाखू में मोटा औगुण खोटा

और खराब। थे सबहो क्युं उलसूंघो खावो तुरत छोड़
द्यो आप ॥मत०॥ जरदो खावे चूनो खावे जिण सुं
बिगड़े दंत॥पदमण बोली थूकथूंक क्यों जगां बिगाड़ो
कंथ ॥ मत० ॥ मगज सडांवण वाली यातो रही
नासका दीख ॥ कपड़ा वासे आपका कोई आवे छींक
पर छींक ॥ मत० ॥ हुक्को, बीड़ी, चिलम, पीये सो
घर घर मांगे भीख । चले बायरों उडै तण गारी
नहीं पीवण में ठीक ॥ मत० ॥ ४ ॥ लारे लागे घणी
मांदगी घर रा पैसा जावे । लोग हंसे और घर में
हानी श्रीनाथ समझावे ॥ मत पीवो ॥ ५ ॥
जैन कवि हंसराजजी करणवटा जोधपुर—

तर्ज—गो पालन हिंदु जाति को सिखला दिया वसी वाले ने

मत पीवो तमाकू आप आज रामायण सीख सुनाती है
वृथा धन को क्यों खोते हो सोते में आन जगाती है ॥
बदबू मुंह में फैलाती है, चहरे की चमक हटाती है ।
धर ध्यान खूब तुम देखो यार सीने में आग जलाती है॥१
जब बायड़ तुमको आती है वो सहन करी नहीं जाती है।
बीड़ी के खातिर यार तुम्हें जन २ से भीख मंगाती है ।२।
सोवत बीड़ी जागत बीड़ी टट्टी में याद दिलाती है।
ऊपर नीचे फक फक फक अंजन सा धुवां उडाती है॥३॥
पैसे का बूरा उडाती है और बेशहूर बनाती है ।
यह हंसराज चेताता है तुम्हें नरकों बीच पठाती है॥४॥

जैन कवि धीरजमलजी (जोधपुर) कृत गीत नवमा भाग।

राग—सिया राम अयोध्या पधारो मुझे। मत पीवो तमाखू लजाया करो, पिछी हुक्के से हेत हटाया करो ॥ पीना खाना सुंघना तीनु बुरा है छोड़ दो ॥ श्वान, खर, खाते नहीं इन्सान हो मुख मोड़ दो। जगली आदत को आप मिटाया करो ॥ सीखना पड़ता है इससे भीख घर घर मांगना ॥ मर खा रहे हैं गालियाँ घर नारियां करती मना ॥ नहीं श्यान के ढंग कराया करो ॥ मत ॥ २ ॥ धिक्कार उन मास्टरों को आप जो बीड़ी पियें ॥ पड़ता असर कितना बुरा उन स्कूल के पत्रों के लिये ॥ ऐसी शिक्षा का आग लगाया करो ॥ मत ॥ ३ ॥ चिलम भरी जहां देखते हैं लोग आते दौड़ कर ॥ होते इकट्ठे इस तरह क्यों देख मुर्दे ढोर पर ॥ ऐसी मजलिस को माचिस यमाया करो ॥ मत ॥ ४ ॥ चाखते झूठा परस्पर भ्रष्ट होकर धर्म से ॥ नष्ट होता स्वास्थ्य भी ऐसे अनिष्टित कर्म से ॥ नहीं आप असभ्य कहाया करो ॥ मत ॥ ५ ॥ सिगरेट में गाढे पसीने की कमाई जा रही ॥ ऐसे कपूतों के खर्च स हिन्द मा दुःख पा रही ॥ धीरज फक फक न धुवा उड़ाया करो॥ मत ॥६॥ तमाकू निषेध से-

श्री स्वामी आलारामजी सागर सन्यासी नशा खंडन चालीसी में लिखते है।

॥ दोहा ॥

भाग महात्म में लिखा सुजनो मन चित लाय,
अभी तमाखू की कथा सुनो विरोध मिटाय॥१॥

छन्द घनाक्षरी—

डाढी जले मूंछ जले शिखा और सूत्र जले, नोट जले हुन्डी जले, धूमर के पान से॥ आंख और कान जले नाक और जबान जले शौक और छान जले धूमर के आन से॥ कंठ जले तालु जले छाती और माथा जले, नाडी बीच धूंआ फसे हुक्के की कृशान से॥ दांतन की पांत और कांत जले होठन की, हुक्के से हटा सो हटा जगत झूंठ खान से॥१॥

हाथ जले पैर जले पेट और पीठ जले,
खाक होवे गुप्त अंग हुक्के की तपान से॥
दिल होवे श्याह और अकल भी स्वाहा होवे,
ईश्वर की चाह जले हुक्का गुड़ कान से॥
धोती जले पाग जले रेशमी दुपट्टा जले,
नीचे का गदेला जले हुक्के बेईमान से॥
जिस्म की आब और कलेजे का कबाब जले,
हुक्के से हटा सो हटा जगत झूंठ खान से॥२॥

(११) महात्मा गांधी अपनी आत्म-कथा में लिखते हैं, कि "मैं सदा इस टेव (तमाखू पीने की आदत) को जंगली, हानि कारक, और गन्दी मानता आया हूं। अब तक मैं यह न समझ पाया, कि सिगरेट, बीड़ी, आदि पीने का इतना जबर्दस्त शौक दुनिया को क्यों है, रेल के जिस डिब्बे में बहुतेरी बीड़ियां फूंकी जाती हों, वहां बैठना मेरे लिये मुश्किल हो जाता है, और उसके धूंए से दम घुटने लगता है"

यही महात्माजी "दक्षिण-आफ्रिका सत्याग्रह" नामक पुस्तक में एक जगह एक पुराने दम के बीमार का जिक्र करते हुए लिखते हैं, कि मैंने एक बूढ़े पुरुष को, जो श्वास, और खांसी की बीमारी से बिलकुल ही जर्जरित हो गया था, और जो तमाखू का पक्का ही भक्त था, उससे मैंने तमाखू के व्यसन से बिलकुल दूर रहने की सलाह दी, तथा कड़ी देख-रेख रखने के पश्चात मैंने उसे इस दुर्व्यसन से बिलकुल अलग भी कर दिया, बस फिर क्या था, वह रोगी एक ही महिने में पूर्ण निरोग हो गया।

रसीले--भजन

नं० १

(तर्ज—छोटे से वलमा मेरे आंगना में गिल्ली खेले)

ऋषभ कन्हैया लाला, आंगना में रुम झुम खेले ।
अखियन का तारा प्यारा, आंगना में रुमझुम खेले ॥ध्रु०॥

इन्द्र इन्द्रानी आई, प्रेम धर गोदी में लेवे ।
हंसे रमावे करे प्यार, दिल की रलियां रेले ॥ १ ॥
रत्न पालनिये माता, लाल ने झुलावे झूले ।
करे लल्ला से अति प्यार, नहीं वो दूरी मेले ॥ २ ॥
स्नान कराई माता, लाल ने पहिनावे झेले ।
गले मोतियन का हार, मुकुट सिर पर मेले ॥ ३ ॥
गुरु प्रसादे मुनि, चौथमल यों सबसे बोले ।
नमन करो हरबार, वो तीर्थंकर पहिले ॥ ४ ॥

नं० २

(तर्ज तुमको लाखों प्रणाम)

देवी हिन्द विख्याता, तुमको लाखों प्रणाम ।
धन धन सीता माता, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ध्रु० ॥

धर्म पतितमत पूर्ण मिटाया, अग्नि का भय शीघ्र बुझाया।
जग सारा यश गाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥ १ ॥
होते नाम राम के पहले पाला धर्म कष्ट सब झेले।
राम चरित दर्शाता तुमको लाखों प्रणाम ॥ २ ॥
जिन२ ने यह धर्म निभाया उनके हुआ सभी मनभाया
सुर नर शीश नमाता तुमको लाखों प्रणाम ॥ ३ ॥
हिन्दुस्तान किशनगढ़ मांही महिमा सोहन मुनि ने गाई।
हुकम मुनि गुणगाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ४ ॥

नं० ३

(तर्ज—तेरे पूजन को भगवान् बना मन मन्दिर आलीशान)

करने भारत का कल्याण पधारे वीर प्रभु भगवान ॥ ध्रु० ॥
जन्मे सिद्धार्थ के घर में, त्रिशला देवी के उदर में।
सुरांगना गाया मंगल गान पधारे वीर प्रभु भगवान ॥ १ ॥
छाया पापों का अन्धकार आती जग की भरी पुकार।
पकड़े दिव्य शक्ति कोई आन पधारे वीर प्रभु भगवान ॥ २ ॥
हिंसा झूठ अदत्त मिटारो अहिंसा परम धर्म को धारो।
दीना दुखियों को देत्राण पधारे वीर प्रभु भगवान ॥ ३ ॥
सुरभित गुलशन जैन खिलाया सींचन कर सरसब्ज बनाया।
महकते धर्म पुष्प अति महान पधारे वीर प्रभु भगवान ॥४॥
चौथमल कहे सुनो सब प्यारे अपनाओ वीर शरण के नारे।
होगा आतम का कल्याण, पधारे वीर प्रभु भगवान ॥ ५ ॥

नं० ४

(तर्ज—कोई से बलमा मोरे आंगना में गिल्ली खेले)

चौबीसों तीर्थंकर हैं मान से मेरे पियारे ॥ ध्रु० ॥

ऋषभ, अजित, सम्भव नाथ, हो सिरताज हमारे।
अभिनन्दन, भव टाल, भव जल तारण हारे ॥ १ ॥
सुमति, पद्म, सुपार्श्व, हो अवतार हमारे।
चन्दा, सुविधि, शीतल, श्रेयांस हो नैनोंके तारे ॥२॥
वासु, विमल, अनन्त, धर्म जी, गल हार हमारे।
शांति, कुंथु, अरनाथ, मल्ली, मोहन गारे ॥ ३ ॥
मुनि सुव्रत, नमी, नेम, पार्श्व पार उतारे।
महावीर, पुरो मेरी आस, सोहन शरण तिहारे ॥ ४ ॥

नं० ५

(तर्ज—पाइल की झनकार, कोइलिया काहि करत पुकार)

सतगुरुजी समझाय, उमरियां वीती तेरी जाय ॥ ध्रु० ॥
सन्ध्या राग स्वप्न की सृष्टि, क्षण भर में विरलाय ॥ १ ॥
वायुवत् आयु है चंचल, स्थिर रहने की नाय ॥ २ ॥
अंजलि नीर नीर सरिता को, देखत ही ढल जाय ॥ ३ ॥
जग असार, सार नहीं कुछ भी, सार धर्म सुखदाय ॥ ४ ॥
कर शुभ काम नाम हो जग में, नाथु मुनि जितलाय ॥ ५ ॥

नं० ६

(तर्ज—बालम आन बसो मोरे मन में)

यादवनन्द ! बसो मेरे मन में ॥ ध्रु० ॥
नेम कुँवर की सूरत प्यारी, ब्याहन आये राजुल नारी।
सुरनर मघवा देख रहे हैं, कृष्ण मुरारी संग में ॥ १ ॥
पशुअन की करुणा दिलधारी, आप चढ़े जा गढ़ गिरनारी।
यादव सब ही सोच रहे हैं, छाई उदासी तन में। २ ॥
सखियन से कहे राजदुलारी, प्राणेश्वर नहीं दया विचारी।
तन, मन सब कुम्हलाय रहे हैं, तज गये भर यौवन में ॥३॥

इस भव में भक्ति यही करूंगी, परभव शिवपुर जाय वरूंगी।
'मोहन' मन में समाय रहे हैं, 'मोहन' चित्त चरनन में ॥ ४ ॥

नं० ७

(तर्ज—अंधेरिया हो राज सजन रहियो कि जावो)

कलियुग में हो सरकार, जांके पास हो रुपैयो ॥ ध्रु० ॥
नार यार सब करत हैं आदर, आदर करे संसार ॥ जांके० ॥
निर्धनिया को मिले न तरुनी दुल्हा को मिले नार ॥ जांके० ॥
काछू २ सब जन कहते अब होगयो प्रसिद्ध जग में
कालूराम सेठो ॥ १ ॥
गणिका प्रेम बताकर बोले, आओ इधर सरकार !
जो हो पास में रुपैयो ॥ ३ ॥
मोहन मुनि अरु सोहन मुनि कहे, कीजे धर्म-प्रचार
जो हो पास में रुपयो ॥ ४ ॥

नं० ८

(तर्ज छोटे से बलमा मोरे आंगना में गिल्ली खेले)

पार्श्व प्रभुजी मेरे चित्त को लुभाने आये ॥ ध्रु० ॥
बनारस नगरी माहीं स्वर्ग से प्रभु चल कर आये।
स्वप्न चतुर्दश आय, माता को दर्शाये ॥ १ ॥
चौसठ मघवा आई प्रभु को मेरु पे लाये
मिलके सुरांगना नार, मंगल मधुरे गाये ॥ २ ॥
अज्ञान तिमिर प्रभु ज्ञान से हटाने आये।
दया धर्म उपदेश प्रभु फैलाने आये ॥ ३ ॥
तपस्या मुनि मंडल जयन्ती मनाने आये।
मुनि मोहन सोहन आज गुण प्रभु के गाये ॥ ४ ॥

नं० ९

(तर्ज—सुनादे, सुनादे, सुनादे कृष्णा)

फिर आना, फिर आना, फिर आना मोहन रे।
इन गैयों के प्राण बचाना मोहन रे ॥ ध्रु० ॥
हजारों कट रही हैं, प्रति दिन ये घट रही हैं।
बन्धाना२मोहन रे इन दुखियों को धैर्य बंधाना मोहन रे ॥१॥
बिन अपराध मारते हैं, छुरियों से काटते हैं।
छुड़ाना २ मोहन रे, इन गैयों के प्राण बचाना मोहन रे ॥२॥
हिंसा जो बढ़ रही है, दया जो घट रही है।
पिलाना २ मोहन रे, फिर जाम दया का पिलाना मोहन रे ॥३॥
दुनिया जो सो रही है, पाप बीज बो रही है।
जगाना २ मोहन रे, भारत को फिर से जगाना मोहन रे ॥४॥
कहे मोहन ! मोहन आ जा, सुरतिया बताजा।
बताजा २ मोहन रे, वो प्यारी सुरतियां बताजा मोहन रे ॥५॥

नं० १०

(तर्ज—तेरे पूजन को भगवान बना मन मन्दिर आलीशान)

लीना राम यहा अवतार, हुआ घर २ में मङ्गलाचार ॥ध्रु०॥
धन्य है मात पिता नगरी को जन्मे चेत सुदी नवमी को।
बोलो राम की जै नर नार ॥ हुआ० ॥ १ ॥
दशरथ कुल के हैं उजियारे, माता कौशल्या के प्यारे।
कीना देवों ने जयकार ॥ हुआ० ॥ २ ॥
छाया पाप तिमिर घर घर में, प्रकटे भानु सम भारत में।
करने सत्य धर्म परचार ॥ हुआ० ॥ ३ ॥
लगा है ठाठ मदनगंज भारी, मानो खिल रही केसर क्यारी।
कहता चोथमल [illegible]

नं० ११

(तर्ज—बिछूए की)

जन्म आपने पाया आनन्द आयो हो प्रभुजी ।
प्राण प्यारा प्रभुजी नैना से प्यारा प्रभुजी ॥ ध्रु० ॥
इन्द्र सकल मिल आवे मेरु पे लावे हो प्रभुजी ॥ १ ॥
छपन कुमारी आवे मंगल गावे हो प्रभुजी ॥ २ ॥
अवधि ज्ञान लगावे मेरु धुजावे हो प्रभुजी ॥ ३ ॥
कर्म रिपु को हर के मोक्ष श्री वर के हो प्रभुजी ॥ ४ ॥
मोहन सोहन गावे हर्ष मनावे हो प्रभुजी ॥ ५ ॥

नं० १२

(तर्ज—महावीर से ध्यान लगाया करो)

पिया भांग का रगड़ा लगाने लगे
लच्छी कहने पे गाली सुनाने लगे ॥ टेर ॥
मित्र को बुलवा के बैठे भांग तुम छनाय के ।
तैयार कीनी जाम फिर बादाम पिश्ता डाल के ॥
लेकर शङ्कर का नाम पिलाने लगे ॥ १ ॥
जब नशा गालिब हुआ तब नैन ने बदला है रंग ।
मिठाई मंगवाने लगे बाजार से नौकर के संग ॥
कुल्हड़ों में द्रव्य बहाने लगे ॥ २ ॥
नशा में कुछ भी पदार्थ दिखाई देता है नहीं ।
मैं कौन हूं कहां जा रहा हूं, यह ध्यान भी रहता नहीं ॥
फिर तो पत्थर से ठोकर भी खाने लगे ॥ ३ ॥
समझा रही लक्ष्मी पिया, तुम ख्याल दिल में कीजिये ।
चाहो भला तो आज से तुम, त्याग इसको दीजिये ॥
मस्त बोलो भी क्यूं शरमाने लगे ॥ ४ ॥

फिजूल खर्चा भंग का, हित जान कर तज दीजिये।
अनाथ रक्षा में यह पैसा, शोक से तुम दीजिये॥
शुभ चिन्तक नाथू सुनाने लगे ॥ ५ ॥

नं० १३

(तर्ज—मेरे मोला बुलालो मदीने मुझे)

हुकम माता पिता का बजाया करो।
नीति कहती है ध्यान लगाया करो॥ टेर॥
प्रेम से माता पिता का हुक्म पालन तुम करो,
बिन हुक्म के इक कदम भी आगे उठा कर मत धरो।
कर के भक्ति उन्हें तुम रिझाया करो ॥ १ ॥
श्री राम ने माता पिता का हुक्म पालन जो किया,
राज तक को छोड़ कर, वनवास का रास्ता लिया।
कर के अनुकरण उनका बताया करो॥ २ ॥
श्रवण ने माता पिता की, किस तरह सेवा करी,
तोक कर फिरता रहा, नहिं दूर कावड़ को धरी।
ऐसी बातों पे ध्यान लगाया करो॥ ३ ॥
गुरु चौथमलजी का यही कहना, सकल जो भ्रात से,
कहे राम मुनि उऋण नहीं, होते नहीं पितु मात से।
उन के वचनों पे ध्यान लगाया करो ॥ ४ ॥

नं० १४

(तर्ज—जाओ जाओ ए मेरे साधु रहो गुरु के संग)

जाओ २ ए रानी तारा रहो विप्र के संग ॥ टेक ॥
राज महल में रहने वाली कुटिया में रहोगी।
मखमल पर सोती थी, अब तो भूमि पर लेटोगी ॥ १ ॥

सेवा में रहती थी तेरे कई हजारों दासी ।
आज विपद पर आकर कैसे स्वयम् बनोगी दासी ॥ २ ॥
भोजन नित्य नये खाती थी ताजे सरस आहार ।
अब कैसे खाओगी प्यारी रूखा निरस आहार ॥ ३ ॥
मेरी नजरों में मस्तक ही वहां पर कष्ट दिखाता ।
कैसे दूं आज्ञा जाने की हृदय भर भर आता ॥ ४ ॥
और उपाय नहीं है प्यारी सच्ची मैं कहता हूं ।
मजबूरन होकर आज्ञा जाने की मैं देता हूं ॥ ५ ॥
हे रोहित तेरी माता को धीरज सदा बंधाना ।
सत धर्म को नहीं मिटाना इस पर ध्यान लगाना ॥ ६ ॥
धर्म शील का कायम रखना खूब शब्द सुनाया ।
मोहन सोहन सत धर्म से सब-मन भाया ॥ ७ ॥

नं० १५

(तर्ज—आओ आओ हे मेरे साधु प्यारो गुरु के संग)
सुनिये २ हे स्वामी मेरे दासी की अरदास ॥ टेक ॥
महलों की रानी हो कर भी कुटिया में रह लूंगी ।
भूमि पर सोने के दुःख को खुशी २ सह लूंगी ॥ १ ॥
रहती थी सेवा में मेरे दासी और सहेली ।
सत्य धर्म कायम रखने को रहूंगी आप अकेली ॥ २ ॥
यद्यपि आप बना लूंगी पर धर्म अखंड पालूंगी ।
सुखी दुखी जो कुछ होगी समता पर आ लूंगी ॥ ३ ॥
गुरु प्रसादे मोहन मुनि कहे धन्य २ तारा रानी ।
सोहन सत्य धर्म कारण मिली राज रिद्धि सारी ॥ ४ ॥

नं० १६

(तर्ज—गजल)

खिदमते धर्म पर जो कि मर जायगे ।
नाम दुनिया में रोशन वह कर जायगे ॥ टेर ॥
जैसे कर्म करेंगे वहीं जायगे ।
यह न पूछो कि मर कर किधर जायगे ॥ १ ॥
आप दिखला रहे हो किसे तुर श्राया ।
यह नशे घर नहीं जो कि उतर जायगे ॥ २ ॥
टूट जाय न माला कहीं प्रेम की ।
वरना अनमोल मोती बिखर जायगे ॥ ३ ॥
लो अछूतों को छाती लगा हिन्दुओं ।
वरना यह लाल गैरों के घर जायगे ॥ ४ ॥
गर लगाते रहो मरहम प्रेम की ।
एक दिन ज़ख्म उनके भर जायगें ॥ ५ ॥
चाहे मानो न मानो खुशी आपकी ।
हम मुसाफिर यूं कह कर चले जायगे ॥ ६ ॥

नं० १७

(तर्ज—कव्वाली)

न इज्जत दे न अजमत दे न सूरत दे न सीरत दे ।
वतन के वास्ते भगवन मुझे मरने की हिम्मत दे ॥टेर॥
जो रगवत दे वतन की दे जो उल्फत दे वतन की दे ।
मेरे दिल में वतन के जर्रे, जर्रे की मोहब्बत दे ॥ १ ॥
न दौलत दे न दे पुरजोश, दिल शोके शहादत दे ।
जो रो उठे वतन के वास्ते ऐसी तबियत दे ॥ २ ॥

मुझे मतलब नहीं दैरो हरम से दोनों शमा है।
वतन का प्यार है ध्याने सनातन है सनातन है ॥ ३ ॥
न दे सामान एशो इशरते दुनियाँ में तू मुझको।
ज़रूरत है मुझ इस्लामियत होने को गैरत है ॥ ४ ॥
वतन की ख़ाक पर क़ुर्बान होने की तमन्ना है।
जो देता और कुछ देता खुदा बन्दा शराफ़त है ॥ ५ ॥
पिलादे आज प्यालुम को मय इश्के वतन साकी।
कि पीकर मस्त हो जाऊँ इसी पीने की आदत है ॥ ६ ॥

नं० १८

(तर्ज़—बिछुड़ा)

बड़ी कठिन से बल्लभ तुमने पाया हाथे तनजी।
मुक्ति का होसी चेतन जी।।टेर

दोहा—सब पार्टी में भटकियो जीव अनन्ती बार।
पुण्य उदय मानव हुआ देखो आंख उघाड़।
(चाल)—एजी जनम मरण कर अनन्त काल बिताया
हो चेतन जी ॥ १ ॥

दोहा—करते इच्छा देव भी नर की स्वर्ग मझार।
मिले भोग सुख जोल को बल्लभ नर अवतार ॥
(चाल —एजी चिन्तामणि सम रत्न हाथ में आया
हो चेतनजी ॥ २ ॥

दोहा—फंस करके मोह जाल में क्यों करता बरबाद।
गर्भवास के कष्ट को कर भाखी तू याद ॥
(चाल,—एजी अधोमुख नव मास यहाँ बिताया
हो चेतन जी ॥ ३ ॥

दोहा—तिरने का अवसर मिला आम्ब सोच मन होय।
घाटी साटे तेन धो रे प्राणी मत खोय॥
(चाल)—आनी जन यूं सूत्र बीच फरमायो हो चेतनजी॥ ४॥
दोहा—कुमार्ग को छोड़ कर सुमार्ग पर आय।
रामपुरा के बीच में गायो सेखे काल॥
(चाल)—श्रीगुरु प्रसादे वृद्धिचन्द मुनि गायो हो चेतनजी ॥५॥

नं० १६

(तर्ज—रिकार्ड)

छोड़ चले गिरनार नेम बिन कैसे हो मेरी जान जी।
कन्थ बिन कैसे जीऊँगी पिया बिन कैसे जीऊँगी॥ ध्रुव॥
चन्दा बिन ज्यूं चांदनी हां तारा बिन ज्यूं रात।
पुत्र बिन परिवार ज्यूं हां, नमक बिना ज्यूं भात॥ २॥
सावन में बदली झरे ज्यूं हां नैना बरसे नीर।
पन औगुन तज के गये हां, कौन बधावे धीर॥ १॥
म पीहर तुम सासरो, हां तुम बिन कौन अधार।
तुम बिन जग सूनो सभी हां खाव पान सिनगार॥ ३॥
राजुल की कुछ ना सुनी हां पशुओं सुनी पुकार।
नाथु मुनि कहे जा मिलि हां राजुलजी गिरनार॥ ४॥

नं० २०

(तर्ज—मैं बन की चिड़िया)

क्यों बन की कोयल आज न बन में बोली रे॥ ध्रुव॥
चलती थी चाल निराली डोले तू डालीडाली।
वह फूल फूल पर, झूल झूल॥
करती किलोल थी आज कहां पर सोली रे॥ १॥

है बसन्त ऋतु की रानी है पुष्प भव शोक भुलानी।
कूह कूह पुकार बार बार ॥
रे हर्ष भीख भर देती हृदय खोलो रे ॥ २ ॥
मंजरी विकल रोती है, क्यों बहन आज सोता है।
कंचन तू बोल उठ आँख खोल ॥
क्यों रूठी आज न बोलो माठो बोलो रे ॥ ३ ॥
माला बन्द कराये पर, हैं पड़ी दूर भूमि पर।
फिर भी है ज्ञान देती ज्ञान ॥
मैं क्या हूं आज पक प्रिम सब की होली रे ॥ ४ ॥

नं० २१

(तर्ज—बिछुड़ा की)

नेमजी के कारण बन में चली हो बावलिया।
सहरदार डूंगरियां महलों से प्यारी डूंगरियां ॥
दोहा—जूनागढ़ उग्राहन चले भा श्री नेम कुमार।
रास्ते में शकेन्द्र ने खोलो माया जाल ॥
(चाल—चली पद्युमन के कारण गिरवर चढ़ गया
हो बावलिया ॥ १ ॥
दोहा—लिख मेरा बदल गया रथ का फिराना सुनके।
टपटप आंसु गिरने लगे नेम का जाना सुनके ॥
(चाल)—पड़ो पद्युमन के कारण कंकन तोड़ा
हो बावलिया ॥ २ ॥
दोहा—तोड़े कंकण डोरड़ा तोड़ा नवसर हार।
पान सुपारी काजल टीकी त्यागो सब सिंगार ॥
(चाल)—माताजी कहे जिन तोड़ा मारी हो बावलिया ॥ ३ ॥

नं० २२

(तर्ज—चन्द रोज)

जब तेरी डोली निकाली जायगी ।
बिन मूहुर्त के उठाली जायगी ॥ टेर ॥
उन हकीमों से यों कह दो बोलकर ।
करते थे दावा किताबें खोल कर ॥
यह दवा हरगिज न खाली जायगी ॥ १ ॥
जर सिकन्दर का यहीं पर रह गया ।
मरते दम लुक्मान भी यूं कह गया ॥
यह घडी हरगिज न टाली जायगी ॥ २ ॥
हो गया परलोक में तेरा हिसाब ।
कैसे मुकरोगे जनाब तुम वहां ॥
जब खाता बही तेरी दिखाली जायगी ॥ ३ ॥
ऐ मुसाफिर क्यों पसरता है यहां ।
है किराये पर मिला तुझको मकां ॥
कोठडी खाली करा ली जायगी ॥ ४ ॥
क्यों गुलों पर हो रही बुलबुल निसार ।
है खडा पीछे वह मालिक खबरदार ॥
मार कर गोली गिरा ली जायगी ॥ ५ ॥
चेत भैया लाल अब जिनवर भजो ।
मोह रूपी नींद को जल्दी तजो ॥
तो आत्मा परमात्मा बन जायगी ॥ ६ ॥

नं० २३

(तर्ज—छोटा सा बलमा मोरा आंगना में)

कृष्ण कन्हैया लाला आंगना में गेंद खेले ॥ टेर ॥

प्रेम से यशोदा मैया लाल ने गोदी लेवे।
करे मोहन का मैया प्यार कोमल कर में लेवे ॥ १ ॥
गेंद रमन आवे ग्वाल के बालों का लेवे।
जमना किनारे खेले खेल कर में डंडा लेवे ॥
मुकुट बिहारी बह तो नाग को नाथी को लाये।
कर में उठायो गिरवर आप होगये सब जन भेले ॥ ३ ॥
साधु मुनि की शिक्षा मानो तू जहां में प्रेम।
करें हिन्द में सब याद कीर्ति चहुं दिशि फैला ॥ ४ ॥

नं० २४

(तर्ज—म्हारी छोटी सी उमर लागी पनजीवार लाइयो)

म्हारी छोटी सी उमर गुरुवर थे दिखलाइयो ॥ टेर ॥
तुम अवतरे ५ बरसो ६७ में शिष्य मंडली लाइया।
जयपुर पावन पुनः कराइयो ॥ १ ॥ म्हारी ॥
जिन पाली तुम सुनाया कृपा इतनी तो करइयो।
मैया शिष्य से लिरइयो ॥ २ ॥ गुरुवर ॥
मऊ भूप की सुनायो सैर शिवपुर की करायो।
दया साधु पे रखाइयो गुरुवर दर्श दिखलाइयो ॥ ३ ॥

नं २५

(तर्ज—कव्वाली)

अगर जिन देव के चरणों में तेरा ध्यान हो जाता।
तो इस संसार सागर से बेड़ा पार हो जाता ॥ टेर ॥
न होती जग में ख्वारी न बढ़ती कर्म बीमारी।
जमाना पूजता सारा गले का हार हो जाता ॥ १ ॥

रोशनी ज्ञान की खिलती दिवाली दिल में हो जाती।
हृदय मन्दिर में भगवन का तुझे दीदार हो जाता ॥ २ ॥
परेशानी न हैरानी दशा हो जाती मस्तानी।
धर्म का प्याला पी लेता तो बेड़ा पार हो जाता ॥ ३ ॥
जमीं का बिस्तरा होता व चादर आशमां बनता।
मोक्ष गद्दी पे फिर प्यारे तेरा घर बार हो जाता ॥ ४ ॥
चढाते देवता तेरे चरण की धूल मस्तक पर।
अगर जिनदेव की भक्ति में मन इकतार हो जाता ॥ ५ ॥
राम जपता अगर माला का मणका एक भक्ति से।
तो तेरा घर ही भक्तों के लिये दरबार हो जाता ॥ ६ ॥

नं० २६

(तर्ज—पंजाबी गजल)

सदा बाल तेरे रहेंगे न काले, जो खाखा मलैयों है
माखन से पाले ॥ १ ॥
बना रूप तेरा रहेगा न ऐसा, करोड़ों दवाईयों न
आज तू खाले ॥ २ ॥
खड़ी हो घड़ो शीश ऊपर अजल की जरा मुंह को ऊपर
पे गाफिल उठाले ॥ ३ ॥
बना मल मूत्र का न शुद्ध होना है तूं कितना ही
साबुन से मल २ के न्हाले ॥ ४ ॥
करे क्यों गरूरी फिरे क्यों तू पेंठा, सभी पेंठ तेरी
कजा आ निकाले ॥ ५ ॥
लाखों मुफ्त में यह जन्म अमोलक है वेला बने

चन्दन सुनाता तुम्हे साफ शब्दे, सफल करले जीवन
प्रभु गुण तू गाले ॥ ७ ॥

न० २७

(तर्ज—नाटक)

महावीर मन मोहन प्रभु का, नाम है शान्ति करण सदा ॥ १ ॥
हार्दिक भाव से नमन २ करता हूँ मैं स्मरण सदा ॥ २ ॥
वीतराग त्रिभुवन विभु, भव सिन्धु तारण तिरण सदा ॥ ३ ॥
स्मरण करे तुम नाम हृदय में, मिथ्या कुमत तम हरण सदा ॥ ४ ॥
प्रणमत इन्द्र नरेन्द्र सुरासुर, अर्चित है तुम चरण सदा ॥ ५ ॥
मुनि प्रव सवेश चौथमल दास तुम्हारे शरण सदा ॥ ६ ॥

॥ समाप्त ॥

निवेदन

हमारे परम पुण्योदय से इस वर्ष पूज्य मुनिराज श्री श्री हुक्मीचन्दजी महा. सा. की सम्प्रदाय के जैन आचार्य पं. मुनि श्री कस्तूरचन्दजी महा. सा. के सुशिष्य पं. मुनि श्री पूनमचन्दजी महा. सा. एवं मुनि श्री रामचन्द्रजी महा. सा. आदि ठाणा ३ का चातुर्मास हुआ है। इसकी खुशी में प्रेमी पाठकों की सेवा में यह "रसीले भजन" नामक पुस्तक सादर समर्पित है। आशा है कि पाठक गण इससे अवश्य लाभ की प्राप्ति करेंगे।

प्रकाशक:—
श्री श्वे. स्था. जैन श्री संघ
राम गंज मंडी

त्रिम्मनसिंह लोढा के प्रबन्ध से
श्रीमदजवाहर प्रिंटिंग प्रेस ब्यावर में प्रकाशित।

ॐ

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

पद्य-सरोज

रचयिता.—

जैनदिवाकर प्रसिद्धवक्ता पँ. रत्न मुनि श्री चौथमलजी म० के सुशिष्य मनोहर व्याख्यानी मुनि श्री वृद्धिचन्द्रजी म०

प्रकाशक:—

साईदास घीसूलाल गादिया

मु० ब्यावर.

प्रथमावृत्ति १०००	मूल्य मनन	वीर स २४६६ वि. स १९९६

॥ भूमिका ॥

प्रकृति से ही मनुष्य संगीत प्रेमी है। संसार के दुःखों से पीड़ित व्यक्ति को यदि कोई आराम पहुँचाने वाला है तो वह केवल संगीत ही है। संगीत में वह शक्ति है कि जिससे प्रत्येक व्यक्ति एक अद्वितीय आनन्द की प्राप्ति कर सकता है। विश्व में संगीत कला ने विशेष उन्नति की है संगीत की शक्ति अद्भुत है। अतः प्रत्येक व्यक्ति के लाभार्थ यह छोटी सी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है जिसमें आधुनिक एवं पुराने तर्जों में गायनों की रचना की गई है। उम्मीद है कि प्रत्येक जैनी भाई इससे यथेष्ट लाभ की प्राप्ति करेगा।

भवदीय—

धर्मपाल मेहता,

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

पद्य-सरोज

स्तवन नं० १
(तर्ज-छोटासा वलमा)

शांति प्रभुजी मेरे, शांति के वरताने वाले ॥ टेर ॥
जनम लेते ही प्रभु, मृगी के नशाने वाले ।
सारी दुनियां में, सुयश आप प्रभु ले फैलाने वाले ॥१॥
मुरझित दिलों को स्वामी, आप हो सरसाने वाले ।
घर घर में कीना मंगलाचार, आनन्द करने वाले ॥२॥
सोते हुए को प्रभु, आप हो जगाने वाले ।
भूले हुए को सत्पथ आप, प्रभु दरशाने वाले ॥३॥
वृद्धि मुनि के दिल को, तुम ही हो हरशाने वाले ।
करूँ वन्दन मैं वारम्बार, शिव सुख देने वाले ॥४॥

स्तवन नं० २

(तर्ज—मांड)

प्रभुवीर स्वामी, तुम अन्तरयामी, जगत् में नामीजी आप ॥ टेर ॥ रिद्धिसिद्धि नवनिधि मिले सिद्ध होवे सब काज। मन इच्छित आशा फले कोई, जो ध्यावे जिनराज ॥ हो०॥१॥ जैसे बालक हठ करता है पितु देवे वस्तु लाय। ऐसी आस की मोगवी प्रभु, दीजे म्हार बकसाय ॥हो०॥२॥ वर्द्धमान तुमि करमाये, जिन्दा सूरज धार। रोग शोक दूरा टले, वरते मंगलाचार ॥ हो० ॥ ३ ॥ संवत् तराणु साल में, रामपुरा के मांय। गुरु प्रसादे पूर्णचन्द्र कहे, अरजी सुनो चितलाय ॥ हो० ॥ ४ ॥

स्तवन नं० ३

(तर्ज—सुनावे रे कृष्णा)

सुनावो सुनावो सुनावो गुरुजी जिनवाणी का ज्ञान सुनावो गुरुजी ॥ टेर ॥ श्री जिनवाणी अमिय समानी। पिलावो पिलावो पिलावो गुरुजी ॥ जिन० ॥ १ ॥ जो है शरण तुम्हारी। अरज हमारी बतावो रे गुरुजी सच्ची राह ॥बतावो गुरुजी ॥२॥ मोह नींद में सोय रहे हैं। दुनियां में सब मोह रहे हैं ॥ जगावो जगावो,जगावो गुरुजी, भव्यजियों को शीघ्र जगावो गुरुजी ॥ सुनावो ॥३॥ आगरा शहर के मांही आया। पूर्णचन्द्र मुनि जोड़ सुनाया ॥ सुनावो सुनावो सुनावो गुरुजी ॥ जिन० ॥ ४ ॥

स्तवन न० ४

(तर्ज-गुरुजी माहरो अब के जनम सुधारो)

तपकर सतियों ने धर्म दिपायो, जहां ने जीवन सफल बनायो ॥ टेर ॥ काली, महाकाली, सुकाली को यो, जिक्र सूत्र मांहि आयो। मुक्तावलि तप करके देखो, कैसो जोर लगायो ॥१॥ सती चन्दना ने तप करके, केवल ज्ञान जो पायो। सती रुकमणी तीन खण्ड को, गजब राज्य छिटकायो ॥ २ ॥ सूत्र अन्तगढ़ सुनी ने मुझ ने, अजब अचम्भो आयो। आत्म सबल करने के खातिर, कैसो जोर लगायो ॥३॥ साल बराणु रामपूरे में, आन चोमासो टायो। गुरु प्रसादे वृद्धिचन्द्र मुनि, भजन बनाकर गायो ॥ ४ ॥

स्तवन न० ५

(तर्ज—मोटर वाले रे)

छाय रयोरे २ सुयश हरिश्चन्द्र को ॥टेर॥ सत्य निभावन, रानी को बेची। और बेचारे, काशी में फरजन्द को ॥१॥ धर्म निभावन, हरिश्चन्द्र तो। जाके रयोरे, नौकर मातंग को ॥२॥ सुर प्रगटाया, शीश नमाया। माफी दीजेरे, कीना है अच्छा नन्द को ॥३॥ वृद्धिचन्द्र ने चरित्र सुनाया। आनन्द आयोरे, सुनी ने यह सम्बंध को ॥ ४ ॥

स्तवन न० ६

(तर्ज-अभी दिल तो हमारा)

जिनराज का नाम लिया ही नहीं, प्रभु वाणी का जाम पिया ही नहीं ॥टेर॥ किस लिए पैदा जहां में हुआ तू सनम।

तूने पग पसा तो किया ही नहीं ॥१॥ तूने दीन माहता
दुखियों की सुनी । निज हाथ से दान दिया ही नहीं ॥२
दया से मान दा नाया जनम । बहती गंगा में लाभ लिया
नहीं ॥३॥ कहे वृद्धि मुनि यह अमोल मिली । कुछ प्रभु
से प्यार किया ही नहीं ॥ ४ ॥

स्तवन न० ७
(तर्ज–पनजी मूँढ बोल)

सिद्धारथ नन्दन त्रिशला सुत थी महावीर जिनन्दार ॥टेर
दीन भवन के स्वामी नामी हैं निर्मल ज्यों चन्दारे।
अगम अगोचर रहत करत हैं भव दुख फंदारे ॥ १ ॥
सब मिल आओ गाओ ध्याओ तब सब जग का धंधारे।
परमातम वृद्धि का कर्ता भव दुख हर्ता रे ॥ २ ॥ केवल बुध
हर्ष से चाहूँ नहीं चीर समसार । मिट जावे भव भ्रमण और
दुख आवागमन का रे ॥३॥ आनन्द मंगल सिद्धि दिन वरते
भजिये भविजन वृन्दारे। वृद्धिचन्द मुनि कहे मिले सुख
पग पग आनन्दारे ॥ ४ ॥

स्तवन न० ८
(तर्ज–मेरा दिल अटके में)

यह भूठी दुनियां सारी मेरा दिल ईश्वर में ॥ टेर ॥
स्वारथी कुटुम्बी न साथी बस दिन के । ये पलट जावे सारे
प्यारे पल भर में ॥१॥ होकर दीवाना करे मम माना । भूल
गया जिनजी को फँसकर के घर में ॥ २ ॥ जावे हार सार
एक नाम प्रभु का । नित्य करो याद उसको माला लेकर
कर में ॥३॥ संवत् तराणु में मगन [illegible]या । केवल मुनि
गाया यह तो शहर लश्कर में ॥

स्तवन न० ९

(तर्ज-अरी आह तुझ में)

दशरथ से वाक्य युद्ध, करने को डट गई है।
रंग में यह भंग केकयी कर गई है ॥ टेर ॥
दासी के झांसे में आकर के रानी कैसी वात बेहद राजा से तन गई है ॥ १ ॥ इधर राज तिलक की तैयारी हो रही है। उधर वचन लेने केकयी अड़ गई है ॥ २ ॥ राम, लक्ष्मण, सीता तीनों गए वन में। प्रजा सारी मिलकर आड़ी फिर गई है ॥३॥ कहे वृद्धिचन्द्र सुनो सब श्रोता, आनंद से राज रिद्धि उनको मिल गई है ॥ ४ ॥

स्तवन न० १०

(तर्ज-आशावरी)

करिये पंच पदों का ध्यान, मिलेगी रिद्धि सिद्धि महान ॥टेर॥
सर्व विश्व के बीच में, सार मंत्र यह जान।
एकाग्र शुद्ध चित्त से ध्यावे, तो प्रगटे नव ही निधान ॥ १ ॥
दुःख तिमिर को मेटन ये हैं, जैसे समझो भान।
कल्पवृक्ष चिन्तामणि सदृश, आशा पूरे आन ॥ २ ॥
प्रात काल में पञ्चपदों का करिये नित गुण गान।
आनंद मंगल निशि दिन वरते, कर इसकी पहिचान ॥ ३ ॥
साल तराणु भजन बनाया, शहर आगरा आन।
मुनि वृद्धिचन्द्र कहे स्मरण से, हो जावे कल्याण ॥ ४ ॥

स्तवन नं० ११

(तर्ज-याद तेरी जुदाई का)

मन मोहनी यह सूरत फिर भी तो दिखा देना। तुम तो गए जहां पर मुझको भी बुला लेना ॥ टेर ॥ गोयम गोयम मुझको अब कौन या कहेगा। कोमल मधुर वचन ये फिर भी तो सुना देना ॥ १ ॥ तेरी जुदाई अब तो होती न सहन मुझको। यह दर्द मेरे दिल का अब तो मिटा देना ॥ २ ॥ अंखियां मेरी हैं प्यासी प्रभु तेरे दर्श की। करुणा निधान आकर दीदार दिखा देना ॥ ३ ॥ मांगती यह करता मुनि वृद्धिचन्द्र प्रभु से। देने का वायदा कर विश्वास बंधा देना ॥ ४ ॥

स्तवन नं० १२

(तर्ज-बीछुड़े की)

बिन अवगुण दासी को क्यों छिटकाई हो वालमजी। म्हारा प्यारा वालमजी अवसर रा साथी वालमजी ॥ टेर ॥

दोहा-बनड़ा बन ब्याहन चले यादव कुल शृंगार।
छप्पन क्रोड़ थे संग में आगवा छप्पन मुंरार ॥
पशुवी यादवों का तेज सितारा चमके हो वालमजी ॥ १ ॥
सुर नर भी मोहित हुए, निरख निरख दीदार।
जूनागढ़ में हो रहा घर घर मंगलाचार ॥
पशुवी पशुअन की पुकार सुनी ने फिर गया हो वालमजी ॥२॥
राजुलने संयम लियो नेमि मिलन के काज।
दोनों ही मुक्ति गए सारे आतम काज ॥
पशुवी भव भवों की प्रीति पुरानी पाली हो वालमजी ॥ ३ ॥
संवत् तगस् साल में, शहर आगरा मंझार।
गुरु प्रसादे वृद्धिचन्द्र मुनि गायो पद हितकार ॥
सभी संत गुरुवर के संग में, आया हो वालमजी ॥ ४ ॥

स्तवन न० १३
(तर्ज-वीछुड़े की)

चैत्र सुदी तेरस ने जन्म, लियो शुभ हो, प्रभुजी। मोहनगारा प्रभुजी, सुरनर ने प्यारा प्रभुजी ॥ टेर ॥ दोहा- दशमा स्वर्ग थकी चव्या, त्रशला कुक्ष मझार। माता चतुर्दश स्वप्न ये, देखे हैं श्रेयकार ॥ एजी वर्द्धमान ने वृद्धि सबकी, कीनी हो प्रभुजी। सुर नर ने प्यारा प्रभुजी ॥ १ ॥ चौंसठ सुरपति आयके, लेगए मेरू खास। महोत्सव कीनो प्रेम से, हृदय धरी हुल्लास ॥ एजी सुरंगना ने मंगल मधुरा, गाया हो प्रभुजी ॥ २ ॥ संयम लीनो आपने, तजकर जग जंजाल। सत्पथ तुम दिखलायके, कीना सब को निहाल ॥ एजी तीन लोक में आनन्द आनन्द, छायो हो, प्रभुजी ॥ ३ ॥ संवत् तराणु साल में, आगरा शहर मझार। गुरु प्रसादे वृद्धिचन्द्र मुनि गायो पद हितकार ॥ एजी सावन वदी में प्रभु गुण कथ, दर्शाया हो, प्रभुजी ॥ ४ ॥

स्तवन न० १४
(तर्ज—वारी जाऊरे)

प्यारे मानो मेरी शिक्षा, पुण्य कमावनारे ॥ टेर ॥

दुर्लभ जनम मनुज का पाया, उदय पूर्व पुण्य जो आया। करना सदुपयोग हार मत जावना रे ॥ १ ॥ जिस प्राणी ने पुण्य कमाया, कैसी रिद्धि सिद्धि वह पाया। इतनी सी बात पे करना गौर, विसर मत जावना रे ॥ २ ॥ धन्ना शालिभद्र सुखदाई, पूरव कैसी करी कमाई। ऐसा जग में तुम भी अपना, नाम कमावना रे ॥ ३ ॥ साल बराणु का शुभ आया, आगरा शहर चौमासा ठाया। वृद्धिचन्द्र का दीवाली पर, कथ कर हुआ गावना रे ॥ ४ ॥

स्तवन न० १५

(तर्ज—कोरो काजलियो)

माता सुण लीजो तज दो लालच भर मे मार ॥ टेर ॥
जमनी लालच में भाई, दियो अमर कुँवर को मार ॥ १ ॥
सागर सेठ समुद्र विषे डूब गयो मझधार ॥ २ ॥
लालच से दुर्गति होवे ये सुण लीजो इरबार ॥ ३ ॥
कहे वृद्धिचन्द्र लालच तजो जो चाहो मुक्ति द्वार ॥ ४ ॥

स्तवन न० १६

(तर्ज—पार्श्व वन्दन का)

मिलजाय हमें करतार दुनियाँ दौड़ रही ॥ टेर ॥
रात दिवस तू महनत करतो सहे तो दुःख अपार ॥ १ ॥
मात तात नार ने छोड़ी जावे निरधार मझार ॥ २ ॥
माया जोड़ करी एकठी आवेगा नहीं लार ॥ ३ ॥
वृद्धिचन्द्र कहे माया तजीजो धन्य धन्य है अणगार ॥ ४ ॥

स्तवन न० १७

(तर्ज—पूर्व वत्)

अनमोल मनुष्य तन पाय दुनियाँ खोय रही ॥ टेर ॥
यह चिन्तामणि कर में आयो मूरख दियो गंवाय ॥ १ ॥
करलो जो कुछ करना हो तो फेर मिलेगा नाय ॥ २ ॥
मात तात बांधव सुत दारा यक मिली रे आय ॥ ३ ॥
कहे वृद्धि मुनि धर्म अराधो, तो सब सुख मिलजाय ॥ ४ ॥

स्तवन न० १८

(तर्ज—नाटक)

बूंदे वलमा मेरे हित कहे जानारे, मुझे कुछ तो भोलावन दे जानारे ॥ टेर ॥ बस आपके दर्शन का, अंतिम यह देखा मुखड़ा । उमर भर आप विन कैसे कटेगा यह दुखड़ा ॥ जरा दासी को धैर्य बंध देना रे ॥ १ ॥ मम रक्षा का जहां में, कोई न वसीला है अब तो समझ चुकी मैं भी, मतलब का जमाना है अब तो ॥ तुमको ठीक है संग लेजाना रे ॥ २ ॥ गौर कर देखो तो गफ़लत में ज़माना होयरहा । इसकी हुंकार से भारत यह गारत होय रहा । संभलो वृद्धिचन्द्र का चेताना रे ॥ ३ ॥

स्तवन न० १९

(तर्ज—नाटक)

प्रभु पार्श्व करे, पार्श्व मनाले जिसका जी चाहे । वह है आधीन भक्ति के, वनाए जिसका जी चाहे ॥ टेर ॥ करे मंगल हरे चिन्ता, वह है चिन्तामणी जग में । जिस्म धातु वने कंचन, वनाए जिसका जी चाहे ॥ १ ॥ वह है सब का पिता जग में, खलक यह जानती सारी । आवाजें दुख भरी उनको, सुनाए जिसका जी चाहे ॥ २ ॥ करेंगे वह दया मुझ पर, जो कीनी नाग नागिन पर । नाम से काम सिद्ध अपना, वनाए जिसका जी चाहे ॥ ३ ॥ कहे वृद्धिचन्द्र मुनि सुनलो, हमारे धर्म प्रेमी सब । वह रीझे भाव भक्ति से रिझाए जिसका जी चाहे ॥ ४ ॥

स्तवन नं० २०

(तर्ज—मरी आह मुझमें असर कुछ नहीं है)

पापी से होता धरम कुछ नहीं है, कुमी को आती शरम कुछ नहीं है ॥ टेर ॥ करके चतुरता करे छल कपट तू आगम का जाने मरम कुछ नहीं है ॥ १ ॥ अहर्निशि करते ज़ालिम ज़ुलम को होते ज़रा शुभ करम कुछ नहीं है ॥ २ ॥ कहे वृद्धिचन्द्र सुनो, आगरा के श्रोता । मुक्ति मिलाना स्याम परम कुछ नहीं है ॥ ३ ॥

स्तवन नं० २१

(तर्ज-छोटी मोटी सुइयाँ रे)

[रामचन्द्रजी से हनुमान का कथन]

सुनजो हनुमन्त वीर लंका में शीघ्र जावना ॥ टेर ॥ मेरा प्यारी से जाकर कहियो राम आनन्द के मांय । कुशलता सुनावना ॥ १ ॥ मुद्रिका दीजे करिके हमारी हां करिके हमारी । विलम्ब न कीजे खिणगार खबर तो वेग लावना ॥२॥ रात दिवस सिया बस यही चिन्ता में । वेग मिलूंगा आय ऐसी आप सुनावना ॥ ३ ॥ चले वहां से हनुमन्त योद्धा । कूदे समन्दर खास लंका में हुआ आवना ॥ ४ ॥ बैठे जाकर के तरुवर डाली । रूप कपि को धार, मुद्रिका छिटकावना ॥ ५ ॥ पड़ गई जाकर सिया की गोद में । प्रेम से लीनी उठा य हर्ष हृदय में आवना ॥ ६ ॥ पाछे में पीछे आया चूड़ामण दीना सन्देश सुनाय फली है मन भावना ॥ ७ ॥ वृद्धिचन्द्र कहे गुरु प्रसादे । आगरा शहर में आय आनन्द बरसावना ॥ ८ ॥

स्तवन न० २२

(तर्ज-छोटे से बलमा मोरे)

छोटा सा लल्ला मेरा आज, यह तो संयम लेवे ॥ टेर ॥
वाणी सुणी ने कुँअर आय कहे, तू आज्ञा दे दे।
लेऊँगा मैं तो संयम भार वह तो हंसकर केवे ॥ १ ॥
श्रवण करीने माता आसू भर, कुँअर ने केवे।
मत छोड़ो हमें निराधार, यह तो रोकर केवे ॥ २ ॥
दुनियां है भूठी सारी, सत्य यूं माता से केवे।
आवे धरम इक लार, सरण इसकी लेवे ॥ ३ ॥
वृद्धिचन्द्र धन्यवाद यूं कुंअर ने देवे।
कीना निज आतम का कल्याण, आगम यों ही केवे ॥ ४ ॥

स्तवन न० २३

(भारत में फिर से आजा)

दिल में तो गौर करना, जैनी कहाने वाले। पापों से दिल हटाना, धर्मी कहाने वाले ॥ टेर ॥ जैनी वही कहाते, राग द्वेष को नशाते। कर्तव्य ना भुलाते, साहस पे चलने वाले ॥१॥ दिन रात पाप करते, परलोक से न डरते। कन्या पे जुल्म करते, कलदार लेने वाले ॥ २ ॥ सत् धर्म पर जो रहते, दुनिया में चित न देते। वे ही स्वर्ग सुख को लेते, नेकी पे चलने वाले ॥३॥ वृद्धिचन्द्र मुनि का कहना। सुनकर के ध्यान देना। खर्चे को साथ लेना मंडी के रहने वाले ॥४॥

स्तवन न० २४

(तर्ज—हो जाओगे बदनाम जमाना नहीं अच्छा)

सोये हुये शेरों को जगाना नहीं अच्छा। नाग के बच्चों को खिलाना नहीं अच्छा ॥ टेर ॥ गिर जाओगे नजरों से,

गिने जाओगे मूर्खों में। आगी पे कदम अपना बढ़ाना नहीं अच्छा ॥ १ ॥ जो छेड़ेंगे हाथों से सजा पायेंगे लातों से। जेलों में जाके, बड़े दिखाना नहीं अच्छा ॥२॥ कहे वृद्धिचन्द्र समझो समझा रहे तुम्हें। चरों में नाम अपना लिखाना नहीं अच्छा ॥ ३ ॥

स्तवन न० २५
(तर्ज—बीछूड़े की)

काया पिंड यो काचो थे मत राचो हो चेतनजी।
ज्ञानघाम चे० शुभ ध्यानघाम चेतनजी ॥ टेर ॥ दोहा ॥
सदा काल स्थिर ना रहे, ज्यों कुम्हार को काम
होत पलक में पलटना देखत सन्ध्या भान।
एजी सूत काल से शामी जग यू सांच्यो हो ॥ चेतनजी ॥१॥
इन्द्र धनुष की ओपमा ओस के बिन्दु समान
बार नहीं बिन सत लगे ज्यों पीपल को पान।
एजी पर पुद्गल से लागे यो तन काचो हो ॥ चेतनजी ॥२॥
महा अशुचि मल मूत का, प्रभु ने कहा पिछार
रात दिवस झरता रहे देखो नित नव द्वार।
एजी रोग शोक को भवन कई मैं सांचो हो ॥ चेतनजी ॥३॥
चकरी सत कुँआरजी, किपो रूप को मान
काया उनकी देखलो हुई कीड़ों की खान।
एजी तपस्या के परताप सुधर गयो सांचो हो ॥ चेतनजी ॥४॥
संवत् पचास साल में गढ़ चित्तोड़ मझार,
वृद्धिचन्द्र सम्यक मुनी, कीनो स्तवन तैयार।
एजी गुरु कृपा से समा बीच गायो हो ॥ चेतनजी ॥५॥

स्तवन न० २६

(तर्ज-जाओ जाओ, ऐ मेरे साधु रहो गुरु के संग ।)

स्थायी-आओ गाओ, ऐ वीरो ! मिल गुण पूज्य 'खूब' के आज।
जाओ, जाओ, वलिहारी सारे, पूज्य 'खूब' की आज ॥

अन्तरा-गेंदी बाई नन्द दुलारे, टेकचन्द दृग तारे।
जिन समाज उजियारे प्यारे, पंच महाव्रत धारे ॥
ध्याओ, ध्याओ, सबजन ही मिलकर, पूज्य 'खूब' सिरताज। आ०

निम्बाहेड़ा निर्दूपण शुभ, जन्म लिया जब सुखकारी ।
कष्ट, विघ्न सब नशे तुरत ही, बढ़ा सौख्य अपारी ॥
पाओ, पाओ, शिव मंत्र सुखारी, पूज्य 'खूब' से आज ॥ आ०

'वादी-मान निवारी' गुरुवर, नन्दलाल पांडित्य निधान।
यौवनवय में ली दीक्षा थी, पूर्ण प्राप्त कर निज विज्ञान ॥
गाओ, गाओ अति उत्सुक मन से, पूज्य 'खूब' गुण आज ॥ आ०

शास्त्र-विशारद, ज्ञानी-ध्यानी, शांत, दांत तेजस्वी हो ।
परम अहिंसा के उपदेशक, धर्म प्रभाकर तपसी हो ॥
बोलो, बोलो, जय महा प्रतापी, पूज्य 'खूब' की आज ॥ आ०

पूर्ण-चन्द सम सुयश आपका, दीप्तिमान जगती तल है।
विद्यमान पञ्चम पट प्यारे, मुख शशि से अति शीतल है॥
पाओ, पाओ, अति 'वृद्धिचन्द्र' सम, पूज्य 'खूब' से आज ॥ आ०

स्तवन न० २७

(तर्ज-हरी मजन करो नर नारियाँ रे)

जन्में महावीर प्रभु जिन धारियाँ रे, मंगल गावे हैं छप्पन कुमारियाँ रे ॥ टेर ॥ हाथ जोड़ इन्द्र यों कैवे धन्यवाद माता न देवे। तुम समान नहीं है दूजी नारियाँ रे ॥ १ ॥ इन्द्र इन्द्राणी मिल शुल आवे, मेरू गिरि प्रभु ने ले जावे। मघवा करी महोत्सव की खूब तैयारियाँ रे ॥ २ ॥ जग उद्धारण श्री जिनवरजी, दे वर्षिदान बने मुनिवरजी। दे देके सत बोध केई ने तारिया रे ॥३॥ स्वामीजी के नित गुण गावे, वृद्धिचन्द्र मुनि शीश नमावे। प्रभो कृपा से सिद्ध हाय काज मन धारियारे ॥ जन्मे० ॥ ४ ॥

ॐ शांति ! शांति !! शांति !!!

चिम्मनसिंह लोढ़ा के प्रबन्ध से श्री महावीर
प्रिंटिंग प्रेस ब्यावर में मुद्रित

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

सोहन पुष्पांजलि ।

लेखक,

जगद्वल्लभ जैनदिवाकर प्रसिद्ध वक्ता
पंडित मुनि श्री चौथमलजी महाराज के
सुशिष्य
मुनि श्री सोहनलालजी महाराज

प्रकाशक,

श्री श्वे. स्था. वासी श्री संघ, लश्कर.

प्रथमावृत्ति १०००. | अमूल्य भेट | वीर सं. २४६२ विक्रम सं. १९९२

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

सोहन पुष्पांजलि ।

लेखक,

जगद्वल्लभ जैनदिवाकर प्रसिद्ध वक्ता
पंडित मुनि श्री चौथमलजी महाराज के
सुशिष्य
मुनि श्री सोहनलालजी महाराज

प्रकाशक,
श्री श्वे. स्था. वासी श्री संघ, लश्कर.

प्रथमावृत्ति 1000. } अमूल्य भेंट { वीर सं २४६२ विक्रम सं. १९९३

तेरे मिलने के लिये देश विदेशों में फिरा ।
मेरे घट ही के पट में, दर्श अब दिखा देना ॥ १ ॥

मोह माया में फंस के, पाप हजारों ही किये ।
दिल दुनियां से मेरा, अब प्रभू हटा देना ॥ २ ॥

अहो निश आप से, सोहन विनय करता है ।
प्रभु जैसे आप हैं, वैसा मुझे बना लेना ॥ ३ ॥

२ (तर्ज-या हसीना-बस मदीना करबला में तू न जा)

सच्चिदानन्द सच्चिदानन्द का मजा अब दीजिये ।
शरणागतों को आपकी, शरणागती रख लीजिये ॥ टेक ॥

मोह बन्धन से बन्धे जो, विश्व के भवि-जीव-जन ।
अतुल बलशाली सु रक्षक, रहित बंधन कीजिये ॥ १ ॥

मुग्ध होरहा गुल धतूरे, आक पे सारा जगत् ।
सत सुमन सर सार कर, असत बिदा कर दीजिये ॥ २ ॥

छा रहा अज्ञान तम, इस भूमि पै चारों तरफ ।
दीप्त भानू ज्ञान का, सब के हृदय में कीजिये ॥ ३ ॥

दयासागर दीनबधु, दीन अरजी उर धरी ।
दीनपन जा दूर दिव्य सुख का सहारा दीजिये ॥ ४ ॥

आश पूरण दुख हरन, सुख करन शुभ प्रभु के चरन ।
दास मुनि सोहन को सेवा, पदकमल की दीजिये ॥ ५ ॥

४ (तर्ज-तुमने बसाया हम मन बगाया पपैया)

कहे सद्गुरु यही शिक्षा हमारी।
यह दुनिया है झूँठी लगे क्यों प्यारी ॥ टेक ॥
प्रभु भक्ति में नित चित्तको लगाना।
सुधर जायगी जिन्दगानी तुम्हारी ॥ १ ॥
सजन स्नेही महल अरु नारी।
नहीं आवेंगे पर भव में व लारी ॥ २ ॥
मिले सुख यहां ऐसा कुछ न किया है।
फँसी मोह में खोई जिन्दगी सारी ॥ ३ ॥
अब भी तू जल्दी से चेतजा चेतन।
गई सो गई अब रही सो तुम्हारी ॥ ४ ॥
गुरु की कृपा से सोहन मुनि गावे।
न सोओ नींद गफलत जागो नरनारी ॥ ५ ॥

५ (तर्ज-मतवारे नैन बाके नैना तोरे)

सुन प्यारे सिया बाला कुरा क्यों ॥ टेक ॥
दशरथ पुत्र-वधु राम की प्यारी सीता।
भाभी लछमन की है जनक-दुलारी सीता ॥
भामंडल की बहिन सखियों में प्यारी सीता।
चाहे मरे प्राण आप सत में करारी सीता ॥

दोहा—स्वर्गपती आकर कोई, सत्य डिगाना चाय ।
असमर्थ होकर वही, पडे चरन में आय ॥ १ ॥

केशरी मूँछ के वालो को ले आना है सहल ।
अही में श्रेष्ठ अही की मणि पाना है सहल ॥
निजशक्ति से सुमेरु को हिलाना है सहल ।
हिमालय गिरि को पानी करके वहाना है सहल ॥

दोहा—कठिन मेटना है अति, सिय पतिव्रत के अँक ।
राम लखन आकर समर, लेय छीन तव लँक ॥ २ ॥

देय लोटा के सिया गर तेरा आराम चहे ।
रक्षित कुटुंब हेम लंक का शुभ धाम चहे ॥
नरपतियों को भ्रात इतना नहिं काम चहे ।
तज अन्याय करें काम जो जग नाम चहे ॥

दोहा—पूर्वोदय दिनकर तजी, प्रकटे पश्चिम आय ।
अगनी में गुल खिल उठे, शशि अनल वर्षाय ॥ ३ ॥

बस इतनी ही कहन मेरी मानले भाई ।
सत्त असत्त को दिल वीच छानले भाई ॥
सिय रघुवर के तीर देनी ठानले भाई ।
वरना भाई तेरा भाई न जानले भाई ॥

दोहा—गुरुकृपा से सोहन कथे, आकर कहे सुरेश ।
समझाने पर ना लगे, कामी को उपदेश ॥ ४ ॥

१ (तर्ज—मैनारा कोमी क्यों कर मार्ड रे)

अभिमानी रावण क्यों हठ ठाणो रे ॥ टेक ॥
वश न हूंगी चाहे प्राण को तजूंगी मैं ।
स्वामी राम की तेरी तो नाम लूंगी मैं ॥
तुझ सिर काटने कैंची का काम पूगी मैं ।
छेक ललाम में अपनी समाल हूंगी मैं ॥
हां रे तू तो आयो क्यों वन से चुराई रे ।
हां रे तेरे पांप क्योंती आई रे ॥ १ ॥
शेर के साथ को सियार नहीं जा सकता ।
भूम पै पाव पड़ा चन्द्र नहीं पा सकता ॥
मेरे मन का सुमेर इन्द्र नहीं हिला सकता ।
तेरी हिम्मत नहीं सीता का सत हरा सकता ॥
हां रे तुझ आया क्या मोह चुराई रे ।
हां रे तेरी मति गई है बोराई रे ॥ २ ॥
पति पतिको ही मैं विश्व में ईश्वर समझूं ।
राम है रत्न मेरा मैं तुझे पत्थर समझूं ॥
तख्त का ताज तुझ मिट्टी से बदतर समझूं ।
ऐश आराम हुकूमत तेरी विषहर समझूं ॥
हां रे श्रीराम सज्जन घट वासी रे ।
हां रे तेरे फन्दे से मुझको छुड़ासी रे ॥ ३ ॥

सिंहनी सिंह त्याग कुत्ते के संग में खेले ।
दरिया कार तजे सिंह घास मुंह लेले ॥
पर सिया न तजे सत्त चाहे कुछ कहले ।
मुनि सोहन यों कहे सिया राम पद गहले ॥
हां रे ऐसे रावण ने समझावे रे ।
हा रे उस कामी के आस न आवे रे ॥ ४ ॥

७ (तर्ज–था वारे हजारी गुल दावदी रो फूल म्हारी
नथ रे अदवीच प्यारो लागे होजी सायबा)

वा वा हो गजसुख मुनि ध्यान तो लगाई स्मशान
में सु भाव सें विराजिया हो स्वामीजी ॥ टेक ॥

मातदेवकी सती वसुदेव ना तुम पुत्र छो ।
कृष्ण मुरारी ना लघु भ्रात हो ॥ १ ॥
नेम जिनन्द निकटवाली उमर में दीक्षा धरी ।
स्मशान ध्यान कियो जाय हो ॥ २ ॥
मुनि देख पूर्व वैरयोग विप्र को पियो ।
सोमिलने शीश वाधी पाळ हो ॥ ३ ॥
खीरा अति तेज मुनि शीश पर मेलिया ।
स्वामी क्षमा करी भरपूर हो ॥ ४ ॥
मन में सु-शाति धरी द्वेष तनिक ना कियो ।
समझी सुसरे बन्धाई पाग हो ॥ ५ ॥

क्रोध मोह मान करी मोक्ष में विराजिया।
सोहन मुनि यों गुण गाय हो ॥ ६ ॥

८ (तर्ज—क्याला मोरी रंग के चुनरी रंग आज)

चेतन है इस दुनियां में दो दिन का महमान ॥ टेक ॥
प्रभु भक्ति करने को जग में आया है इन्सान।
देख सुखों पै मोहित होकर भूल गया नादान ॥ १ ॥
मात तात भ्राता धर्म दारा भगिनी अरु सन्तान।
अन्त समय सबको तज दे तू ये छोड़े श्मशान ॥ २ ॥
सुन्दर सुन्दर महल बनावे सुन्दर बाग दूकान।
कोई अमर रहा नहिं जगमें तू फिरता अनजान ॥ ३ ॥
राजा राना सेठ बादशाह हाकिम अरु प्रधान।
काल गाल से कोई बचा नहिं क्या आता सैतान ॥ ४ ॥
मोहन सोहन मुनि यों कहता भाव सभा दरम्यान।
नर तन पा शुभ कर्म करेगा पावेगा शिव स्थान ॥ ५ ॥

९ (तर्ज—म्हारा सांवरिया गिरधारी मारे आवजोजी)

सब मिल सत पथ-गामी वीरों के गुण गावना जी।
करके अनुकरण सत्यवादी का आनन्द पावना जी ॥ टेक ॥
दोहा—भानु सम भूपत भयो भारत भूमि मांय।
हरिश्चन्द्र महाराज के, दुनियां यश रही गाय ॥
सत्यहित सहे कष्ट उनपर तो ध्यान लगावना जी ॥ १ ॥

दोहा—सत्य कारण अयोध्या तजी, तजा तख्त भंडार।
तारा रोहित दास को, वेचे सदर बजार॥
खुद मातङ्ग के घरपर रहकर नीर भरावना जी॥ २॥
दोहा—सत्यवादी कई होचुके, अधिक एक से एक।
प्राण न्योछावर करदिये, रखी धर्म की टेक॥
सत्य पै पद्मावती रानी का जिकर सुनावना जी॥ ३॥
दोहा—मुनि मोहन यों कह रहा, आज सभा दरम्यान।
सोहन निशिदिन कह रहा, वीरों के गुणगान॥
यह तो शहर सादडी माय हुवा है आवना जी॥ ४॥

१० (तर्ज—दीन भारत को मूडोल वेजार कर गया)

कैसा महावीर जहा मे, उपकार कर गया।
सारे हिन्द में दया का, प्रचार कर गया॥ टेक॥
होता भारत मे पशुवध भाई, दे के ज्ञान अहिंसा फैलाई।
भाव करुणा का सब के एक सार भर गया॥ १॥
ठग चोर थे हिंसक अन्याई, डूबत नैया को पार लगाई।
दीन दुखियों का वेडा वो पार कर गया॥ २॥
जगमें अधर्मी थे कहो कैसे, हिंसक अर्जुन माली के जैसे।
ऐसे पापियोंका भी वह उद्धार कर गया॥ ३॥
हिंद गुलशन रहा था मुरझायके, उसे सरसाया ज्ञानजल पायके
कैसा भारत चमन को गुलजार कर गया॥ ४॥

समझौता दया को फैलाई, दिया अंग्रेजी रास्ता बताई।
सोते हुए जनों को होश्यार करगया ॥ ५ ॥
गुरु प्रसादे मोहन गावे, सोहन मुनि तो ऐसे फरमावे।
ज्ञान भानु से वह तो अज्ञान हर गया ॥ ६ ॥

११ (तर्ज—यह दिल प्रभु तुम पर दीवाना होगया)

मनोहर कहती है रावन मानले।
यह सिवा तेरी न होगी जानले ॥ टेक ॥
होके खुश लाये चुराके जानकी।
काम की पे बेमेवाली मानले ॥ १ ॥
स्वागपन मेरा मगर चाहो पिया।
राम कदमों में जा माफी मांगले ॥ २ ॥
सैन दल यह संग के जावेंगे वो।
लंका सोनेकी पै पानी जानले ॥ ३ ॥
उनसे लड़ना ठीक नहीं कहती तुम्हें।
सीता पीछी देनी दिल में ठानले ॥ ४ ॥
कहता मोहन काम यूं माने न वो।
सोहन जितावे बात को नर जानले ॥ ५ ॥

१२ (तर्ज—रसिया)

जो तुम जितनो जगसे चाहो, लेलो क्षमा रतन कर मांय।
क्षमा रतन कर मांय जिससे शिव सुंदर मिल जाय ॥ टेक ॥

जो कोइ धारन करले प्रानी, तिरे वही यह भगवद्वानी ।
तजकर क्रोध प्रेम से मित्रों, इसको लो अपनाय ॥ १ ॥
दीक्षा लीनी वालवय मांई, स्मशान मे ध्यान लगाई ।
गज सुख माल मुनि ने भाई, दीये कर्म खपाय ॥ २ ॥
जगविख्यात भूप प्रदेशी, जिसको समझाया मुनि केशी ।
रानी जहर दियो हुइ कैसी, व्रत से डिग्यो न राय ॥ ३ ॥
राम लखन दोनो गम खाई, पितु आज्ञा को शीश चढाई ।
सियासहित गये वनमाई, दियो राज्य भरत के ताय ॥ ४ ॥
ऐसी क्षमा है भवदधि तारन, कर्म अरि पीशाच विदारन ।
कहता मोहन मुनि और सोहन, महागढ मे आय ॥ ५ ॥

११ (देखे बिना नहिं चेन रे सुरतिया)

निश दिन धरूं मैं ध्यान रे, प्रभुजी तेरो ॥ टेक ॥

तूही वसीला मेरे, शरणों में आया तेरे ।
तूही मेरा भगवान रे ॥ १ ॥
निरखत सुरतियां तेरी, तरसत अँखियां मेरी ।
तू सर्व गुणों की खान रे ॥ २ ॥
अपना सु-सेवक जानी, बुद्धि दो अर्जी मानी ।
आशा पूर्ण तू महान रे ॥ ३ ॥
मुनि मोहन यों गावे, चरनों में शिर नावे ।
सोहन करे गुण गान रे ॥ ४ ॥

१४ (तर्ज–लोचन क्यों न खाता न देखेगी, केसेरी बंद कराय)

चेतन थाने आतम देऊगी, सुमता करे पुकार ॥ टेक ॥
चेतन थारे दो सखी, कुमती सुमती सुजान ।
मान भंग कुमती करे, पजी, सुमती दे सम्मान ॥ १ ॥
सुमती सखी पर मोहके, अब करे दिलदार ।
कुमती कपटन के परे, पजी, मत जावो भरतार ॥ २ ॥
निजस्वरूप भूलीगया, भरमी कुमती संग ।
मैं थारूँ मानों नही, पजी, किस विध सुधर ढंग ॥ ३ ॥
अब भी चेतो दे पजी, सरदार अवसर पाय ।
गुरु शिक्षा धारन करो, पजो, व्यसन सभी छिटकाय ॥ ४ ॥
चेतन से सुमती सखी, अब करे विद आय ।
मोहन सोहन पद कथा, पजो, मान सभा के मांय ॥ ५ ॥

(तर्ज–बिछुरे की)

जन्म आपने पायो, आनन्द आयो हो प्रभुजी ।
प्राण प्यारा प्रभुजी, नैना से प्यारा प्रभुजी ॥ टेक ॥
इन्द्र सकल मिल आवे, मेरु लेजावे हो ॥ १ ॥
छप्पन कुमारी आवे, मंगल गावे हो ॥ २ ॥
अवधी ज्ञान लगावे, मेरु धुजावे हो ॥ ३ ॥
कर्म रिपु को हर के, मोक्ष को वर के हो ॥ ४ ॥
मोहन सोहन गावे, हर्ष समावे हो ॥ ५ ॥

१६ (तर्ज-जिसने दिया है दर्द दिल उसका खुदा भला करे)

खलक से जाना तुझे, किसपे लुभा रहा यहीं।
दिन चार का महमान बन, करता है क्या जाना कहीं॥टेक॥
गुन्हाह करके माल ला, औलाद को पालन करे।
यह न तेरे संग में है, छोडकर जाना यहीं॥ १ ॥
नशे में यौवन के सदा, जुल्म तू करता जबर।
गुल खिला गुलशन में जो है, देखते मुरझा वहीं॥ २ ॥
अए पियारों ऐश में, हारो न प्यारी जिन्दगी।
वख्त नेकी में लगा, हर बार मिलने का नहीं॥ ३ ॥
गुरु के प्रसाद से यों, कहता है मोहन मुनि।
प्रभुनाम शुधमन से रटो, सोहन समय मिला यही॥ ४ ॥

१७ (तर्ज-तुम्हें अपना तन मन लगाना पडेगा)

भारतवासियो को, जगाना पडेगा।
फैशन फूट हिंद से, हटाना पडेगा॥ टेक ॥
समय ईशभक्ती के, वाल जमाना।
बुरा व्यसन चाय का, मिटाना पडेगा॥ १ ॥
हटा टाई नेकटाई, पतलून पहनना।
पहनाव पूर्वजो का, अपनाना पडेगा॥ २ ॥
त्यागो ऐ प्यारों, होटल मे खाना।
धर्म अपना जाता, बचाना पडेगा॥ ३ ॥

इसी फूट कारण से, भारत है गारत।
इसे अब विदाई, दिखाना पड़ेगा ॥ ४ ॥
सभी फूट फैलन को, आतुर हमारे।
इन्हें धन्यवाद, दिखाना पड़ेगा ॥ ५ ॥
मुनि मोहन कहता, सभा में सब से।
सोहन साफ साफ, सिखाना पड़ेगा ॥ ६ ॥

१८ (तर्ज-कचरसिया म्हारो मानो एकेली)

केसरिया म्हांने क्यूं छिटकावो जी।
बालमजी, प्रीतमजी, म्हांने क्यूं ॥ टेक ॥
तुम बिलमाया पिया आपने जी।
घट में छायो छे वैराग ॥ १ ॥
तुम हो पीयर तुम सासरो जी।
थां बिन किस्यो रे आधार ॥ २ ॥
कठियन म्हांसू हँस बोलिया जी।
कठियन काढी मनरी खांत ॥ ३ ॥
रात दिवस मैंतो झुर रही जी।
नैना न आवे म्हारे नीन्द ॥ ४ ॥
कांई कसूर हुयो म्हांयरो जी।
छोड़ चल्या भरतार ॥ ५ ॥

कहे कुंवर प्यारी सामलोजी ।

झूठो यो संसार ॥ ६ ॥

सोहन मुनि इम गावियोजी ।

लश्कर शहर मुझार ॥ ७ ॥

१९ (तर्ज-आशावरी)

भगवन् आशा पूरो मन की ॥ टेक ॥

गौतम गणपति प्रथम मनाऊं ।

बूटी दीजे दु.ख भंजन की ॥ १ ॥

विघ्न विदारन नाम तुम्हारो ।

मैं लीनी शरन चरन की ॥ २ ॥

केवल एक आधार तिहारो ।

दयानिधि दया करो दीनन की ॥ ३ ॥

अर्ज दर्ज दफ्तर में करके ।

इच्छा पूरो शिष्य वर्धन की ॥ ४ ॥

गुरु प्रसादे सोहन मुनि कहे ।

जय बोलो पृथ्वीनन्दन की ॥ ५ ॥

भजन

(तर्ज़—बरला है पैं करे)

पैसा क्या क्या करे, प्रेम प्रीति हर,
प्यारी पुत्री भर, पैसे उसको धरे ॥ टेक ॥
देखो पैसे की बहार, कगा दुःख है प्यार।
गरमा गरम बाजार, नहिं कोई डरे ॥ १ ॥
मैया बाप विचार, ले के साठ हजार।
करदी बुड्ढे के बार, नैना आँसू झरे ॥ २ ॥
कहे सोहन सभी, सभी इससे बचो।
मत इस में रचो, कहो कैसे तरे ॥ ३ ॥

(तर्ज़—मोहन बन्सी वाले तुम को लाखों प्रणाम)

शांति बरसाने वाले, तुमको लाखों प्रणाम।
अचला के राज दुलार तुमको लाखों प्रणाम ॥ टेक ॥
कम्मत ही प्रभु मृगी निवारी, नाम शेष नसे तव तिजारी।
मनकी चिन्ता हरनेवाले, तुम्हो दुःख मसाने वाले ॥ १ ॥
धन्य घड़ी प्रभु जन्म लियो है, महोत्सव नगर आन कियो है।
तुम हो मेरु न्हाने वाले, सब के दिल को हरने वाले ॥ २ ॥
जो जन धुप भावों से ध्यावे, सो नर मन इच्छित् फल पावे।
आशा पूर्ण करने वाले, तुम हो पाप मसाने वाले ॥ ३ ॥
श्राव वदत् अरहर आया, सोहन मुनि ने भजन बनाया।
तुम हो आनंद करने वाले, शिवपुर राह बताने वाले ॥ ४ ॥

फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, — अजमेर.

सर्वज्ञाय नमः

अष्टादश पाप निषेध

रचयिता

कविवर सरलस्वभावी मुनि श्री हीरालालजी महाराज
के सुशिष्य प्रसिद्धवक्ता पण्डित मुनि
श्री चौथमलजी महाराज

प्रकाशक

श्रीमान् अमोलखचंदजी चुन्नीलालजी चोपडा,
मु चऱ्होली, जि. पुणे

मुद्रक

दत्तात्रय गणेश खाडेकर,
'लॉ प्रिंटिंग प्रेस,' ५२० शनवार पेठ, पुणें

द्वितीयावृत्ति १००० | अमूल्य भेट | वीर सं २४५६ विक्रम सं. १९८७

निवेदन

प्रिय पाठक वृन्दो ! संसार में जितनी आत्माएं है वे सब कर्मों के बंधन से घिरी हुई है वे सब शुभाशुभ कर्म के बंधन के कारण ऊंच नीच गति में परिभ्रमण करती है जो आत्मा शुभ कर्म वाली पुण्योपार्जन करती है वह आत्मा देव और मनुष्य गति को प्राप्त करती है और जो आत्मा अशुभ कर्म पापाचरण करती है वह आत्मा नरक तिर्यंच की योनी को प्राप्तकर अनेक तरह के दुःख उठाती है वे पाप अठारह प्रकार के है और उनका उल्लेख अनेक शास्त्रों में गणधर महाराज ने प्रतिपादन किया है उन्हीं अठारह पापों को शास्त्रविशारद श्री जैनाचार्य पूज्य वरश्री श्री मन्नालालजी महाराज की सम्प्रदायानुयायी जगद्वल्लभ प्रसिद्ध वक्ता पंडित मुनि श्री चौथमलजी महाराजने अपनी मनोरंजन भाषामें गायन रसिकों के आनार्थ गजलरूपमें रची है जो गत चातुर्मासमें अनेक हजार छप चुकी है तथापि उनकी अधिक मांग आने और परमोपयोगी समझ उक्त मुनि श्री के सुशिष्य वैरागी मुनि श्रीनंदलालजी महाराज की अनुग्रह से तृतीयावृत्ति छपवाकर प्रकाशित कर आप सज्जनो की सेवा मे सादर भेंटकर आशा रखता हुं की आप इसे पढकर अपनावें गे और अपनी आत्मा को सदाचरण में लगावें गे ॥

आपका
प्रकाशक.

वन्दे वीरम्

अष्टादश पाप निषेध

शैर

पाप से बचने की गजले; इस के अन्दर श्रेष्ठ है।
अमोलखचंदजी चुन्नीलालजी की तरफ से भेट है॥

तर्ज —मेरे स्वामी बुलालो मुगत में मुझें (वीर स्तुति)

महावीर से ध्यान लगाया करो, सुख सम्पत इच्छित पा करो ॥ टेक ॥ क्यों भटकता जगतमें, महावीरसा दूजा नहीं। तृश के नन्दन जगत वन्दन, अनन्त ज्ञानी है वही। उन के चरणों शीष नमाया करो ॥ १ ॥ जगत भूषण विगत दूषण, अध उधारण वीर है। सूर्य्य से भी तेज है। सागर सम गम्भीर है। ऐ प्रभु को नित ऊठ ध्याया करो ॥ २ ॥ महावीर के प्रताप से, होत विजय मेरी सदा। मेरे वसीला है उन्हीका, जाप से टले आपदा जरा तन मन से लोह लगाया करो ॥ ३ ॥ लसानी ग्यारे ठाणा आया चौरासी साल है। कहे चौथमल गुरु कृपासे, मेरे वरते मंगल माल है। सदा आनन्द हर्ष मनाया करो ॥ ४ ॥

तर्जः—उठो प्यारे कस कमर, धुम (हिंसा निषेध)

दिल सताना नहीं रवा, मालिक का फरमान है। खास इबादत के लिये, पैदा हुवा इन्सान है ॥ टेक ॥ दिल यदी है ईश महां में, मोक्ष के देखो धाम। दिल गया तो क्या रहा, मुर्दा तो वह स्मशान है ॥ १ ॥ जुल्म जो करता उसे, हाकिम भी यहांपर दे सजा। मुआफ हरगीज होता नही, * कानून के दरम्यान है ॥ २ ॥ जैसे अपनी जानको, आराम तो प्यारा लगे। ऐसे गैरों को समझ तूं, क्यों बना नादान है ॥ ३ ॥ नेकी का बदला नेक है, यह कुराम में लिखा सका। मत बदी पर कस कमर तूं क्यों हुवा बदनाम है ॥ ४ ॥ वे गुणगु धोमल में, गिरफ्तार तो होगा सही। गिनती वहां होती नहीं, चाहे राजा या दिवान है ॥ ५ ॥ बैठ कर तू तख्त पर, गरीबों की लेने नही सुनी। फरीस्ते वहां पीटते, होता बडा हैरान है ॥ ६ ॥ गले कातिल के वहां, फेरायगा छेके छुरा। इन्साम होके न गिने, यह भी तो कोई ज्ञान है ॥ ७ ॥ रहम को लाके भरा तू, सख्त दिलको छोडदे। चौथमल कहे हो मजा, जो इस तरफ कुछ ध्यान है ॥ ८ ॥

तर्जः—पूर्ववत् (झूठ निषेध)

सोच नर इस झूठ से आराम तूं नहीं पायगा। हर जहग दुनियां में नर परतीत भी उठ जायगा ॥ टेक ॥ सोच भी गर जो

* किसी को गाली देना अपमान करना, दिल दुखाना आदि के लिये दो साल की सख्त कैदकी सजा कानून धा ३५२।

खून करनेवाले को मृत्यु की शिक्षा (फाँसी) कानून धारा ३ २।

जबरदस्ती से बेगार कराने वाले को व शक्तीसे ज्यादा काम लेनेवाले को एक मास की कैद की सजा कानून धारा ३७४।

कहे, ईश्वर की खाकर कसम । लोग गप्पी जान के, ईमान कोई नही लायगा ॥ १ ॥ क्रोध, भय अरु हास्य चोथा, लोभ में हो अंधनर । बोलते है झूठ उनके हाथ में क्या आयगा ॥ २ ॥ झूठ पौशीदा रहे, कहातक जरा तुम सोचलो । सत्यताके सामने, सरामिन्दगी उठायगा ॥ ३ ॥ झूंठे बोले शख्स की, दोजखमें कतरे जबा । बोलकर जावे बदल, उसका भी फल वहाँ पायगा ॥ ४ ॥ बोलता है झूंठ जो तूं, जिसलिये अए बेहया । वह सदा रहता नहीं, देख देखते विरलायगा ॥ ५ ॥ सब धर्म * शास्त्र देखलो, झूंठ बोलना है मना । इस लिये तज झूंठ को, इज्जत तेरी बड जायगा ॥ ६ ॥ गुरु के परसाद से कहे चौथमल सुनलो जरा । धारले तूं सत्य को, आवागमन मिट जायगा ॥ ७ ॥

तर्जः—पूर्ववत् (चोरी निषेध)

इज्जत तेरी बड जायगी, तूं चौरी करना छोडदे । मानले नशीहत मेरी तूं, चौरी करना छोडदे ॥ टेक ॥ माल देखी गैर का, दिल चौर का आशक हुवे । साफ नियत ना रहे, तूं चोरी करना छोडदे ॥ १ ॥ निगाह उसकी चौतरफ, रहती है मानिंद चील के । परतीत कोई नहीं गिने, तू चौरी करना छोडदे ॥ २ ॥

---

* झूट बोलने की सजा पर लोकमें तो है ही अतः धर्म ग्रन्थों में झूठ बोलना निषेध किया है पर यहाँ भी सरकारी कानून ताजीरात हिन्द में झूठ बोलने वालेको सजा बोली जाती है निम्नोक्त प्रकार से—

" खोटी गवाही भरने वाले को सात सालकी सख्त कैद की सजा कानून धारा १९३ ।

झूठा नामा व हिसाब करनेवाले को तथा उसको मदत करनेवाले को सात सालकी सख्त कैदकी सजा कानून धारा ४७७ ।

पुलिस से छिपता रहे; एक दिन तो पकड़ा जायगा। जेल से मारे घूम, तू चोरी करना छोड़ दे ॥ ३ ॥ नापने में तोलने में चोरी महसूल की करे। रिश्वत भी खाना है यही, तू चोरी करना छोड़दे ॥ ४ ॥ हराम पैसे से कभी, आराम तो मिलता नहीं। दीन दुनियाँ में मना, तू चोरी करना छोड़ दे ॥ ५ ॥ नुकसान गर किस का करे तो, आह लगती है मगर। खाक में मिल जायगा; तू चोरी करना छोड़ दे ॥ ६ ॥ सबर कर पर माल से, हक बात पर कायम रहे। चौथ मल कहता तुझे, तू चोरी करना छोड़ दे ॥ ७ ॥

तर्ज़:—पूर्ववत् (परस्त्री निषेध)

लाखों कामी पिट चुके, परनार के परसंग से। मुनिराम कहे सब बचो, परनार के परसंग से ॥ टेर ॥ दीपक की लौ ऊपर,

---

१ खोटे तौल माप रखने वाले को एक साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा २६४।

२ महसूल चोरी के दफे न चुकाने वाले का माल जप्त कर लिया जाता है पैसा नहीं मिलता दूसरी दफे महसूल न चुकाने वाले का माल जप्त करके और दण्ड किया जाता है। तिसरी दफे महसूल न चुकाने वाले का माल जप्त करके दण्ड करते हैं और सख्त कैद की सिक्षा देते हैं।

३ रिश्वत लेनेवाले और देनेवाले दोनों गुनहगार हैं जिन को तीन साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा १६१।

४ चोरी का माल लेने वाले को—९ मास की सख्त कैद की सजा और १   रुपये दण्ड कानून धारा १८८।

सेठ की चोरी करने वाले नौकर को सात साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा १०९।

किसी का माल छिपाने वाले को तीन साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा १०९।

पड पतंग मरता है सही । ऐसे कामी कट मरे, परनार के परसंग से ॥ १ ॥ परनार का जो हुस्न है, मानो अग्नि कैसा कुंड है। तन धन सबको होमते, परनार के परसंग से ॥ २ ॥ झूटे निवाले पर लुभाना, इन्सान को लाजिम नही । सुजाक गर्मी से सडे, परनार के परसंग से ॥ ३ ॥ चारसौ सत्ताणुवा, *कानून में लिखा दफा। सजा हाकिम से मिले, परनार के परसंग से ॥ ४ ॥ जैन सूत्रो में मना, मनुस्मृति में भी देख लो । कुरान बाइबल में लिखा, परनार के परसंग से ॥ ५ ॥ रावण कीचक मारे गए, द्रौपदी सिया के वास्ते । मणीरथ मर नर्क गया, परनार के परसंग से ॥ ६ ॥-जहर बुझी तलवार से, अवन मुल्जिम बदकार ने । हजरत अली पर बहारकी, परनार के परसंग से ॥ ७ ॥ कुत्ते को कुत्ता काटता, कत्ल नर नर को करे । पल में मोहब्बत टूटती, परनार के परसंग से ॥ ८ ॥ किसलिये पैदा हुवा, अय बे हया कुछ सोच तूं । कहे चौथमल अब सब्र कर, परनार से परसंग से ॥ ९ ॥

---

* स्त्री की लज्जा लूटने वाले को दो साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ३५४ ।

स्त्री की इच्छा के विरुद्ध भोग भोगानें वाले को दस साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ३७६ ।

छोटी उमर की स्व स्त्री के साथ भी भोग भोगाने वाले को दस साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ३७६ ।

पुरुष, पुरुष के साथ, स्त्री, स्त्री के साथ, या पशु के साथ भोग भोगने वाले को दस साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ३७७ ।

गर्भपात करने व कराने वाले को तीन व सात साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ३१२ ।

तर्ज—पूर्ववत् (धन का दुरुपयोग निषेध)

क्यों पाप का भागी बने, अए सनम धन के लिये । जुल्म करता गैर पर, अए सनम धन के लिये ॥ टेक ॥ तमन्ना तेरी ऐसी बडी, इक हलाल गिनता नहीं । छोड के अजीज को, परदेश आ धन के लिये ॥ १ ॥ स्वप्न अन्दर भी न देखा, नहीं नाम से जाना सुना । कहो तो गुलामी उनकी करे, देखलो धन के लिये ॥ २ ॥ फकीर साधु पास आ, खिदमत करे कर जोडके । बूटी को तू फिरे ढूंढता, अये सनम धन के लिये ३ ॥ इस के लिये भाई बंधुओसे, मुकदमा बाजी करे । कोरटों के बीच में तूं, घूमता धन के लिये ॥४॥ इस लिये कर खूब चोरी, फेर जावे जेल * में । झूंठी गवा देता निगामी, अए सनम धन के लिये ॥ ५ ॥ तकलीफ क्या क्याही उठाई जिनरख ५ जिनपालने । सेठ सागर प्राण खोया, समुद्र में धन के लिये ॥ ६ ॥ फिसाद की यह जड बताई, माल और औलाद को । कुराण के अन्दर लिखा है देखलो धन के लिये ॥ ७ ॥ भगवान श्रीमहावीरमें भी, मूल अनरथ का कहा । पुराण में क्या लिखा है, फेर इस धन के लिये ॥ ८ ॥ गुरुके प्रसादसे कहे, चौथमल ऐसा जिकर । धारलो सन्तोष को तू मत मरे धन के लिये ॥ ९ ॥

---

* चोरी जोगन्द लाने वाले को छः मास की सख्त कैद की सजा और १ रुपे दण्ड कानून धारा १७८ ।

दूसरेका भूला हुवा माल खर्च करने वाले को दो साल की सख्त कैदकी सजा कानून धारा ४ १ ।

मिली हुई वस्तु उस के मूल मालिक को न देने से व मालिक न ढूंढ ने वाले को दो साल की सजा कानून धारा ४ १ ।

रुपैये उधार लेकर वापिस न देने से दो साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ४१५ ।

तर्जः—पूर्ववत् (गजल क्रोध निषेध पर)

आदत तेरी गई बिगड, इस क्रोध के परताप से । अजीजों को बुरा लगे, इस क्रोध के परताप से ॥ टेर ॥ दुश्मन से बढ कर है यही, मोहब्बत तुडावे मिनिट में । सर्प मुआफिक डरे तुझसे, क्रोध के परताप से ॥ १ ॥ सलवट पडे मुंह पर तुरत, कम्पे मानिन्द जिन्द के । चष्म भी कैसे बने, इस क्रोध के परताप से ॥ २ ॥ जहर या फाँसी को खा, पानी में पड कई मरगये । वतन करगये तर्क कई, इस क्रोध के परताप से ॥ ३ ॥ बाल बच्चों को भी माता, क्रोध के वश फैकदे । कछ सूझता उस में नहीं, इस क्रोध के परताप से ॥४॥ चंडरुद्र आचार्य की, मिसाल पर करिये निगाह । सर्प चडकोसा हुवा, इस क्रोध के परताप से ॥ ५ ॥ दिल भी काबू न रहे, नुकसान कर रोता वही । धर्म कर्म भी न गिने, इस क्रोध के परताप से ॥ ६ ॥ खुद जले पर को जलावे, विवेक की हानी करे । सूख जावे खून उसका, क्रोध के परताप से ॥ ७ ॥ जन के लिये हँसना बुरा, चिराग को जैसे हवा । ज्यों इन्सान के हक मे समझ, इस क्रोध के परताप से ॥ ८ ॥ शैतान का फरजन्द यह, और जाहिलों का दोस्त है । बदकार का चाचा लगे, इस क्रोध के परताप से ॥ ९ ॥ इबादत फाका कसी, सब खाक में देवे मिला । दोजख का मुंह देखेगा, इस क्रोध के परताप से ॥ १० ॥ चाण्डाल से बदतर यही, गुस्सा बडा हराम है । कहे चौथमल कब हो भला, इस क्रोध के परताप से ॥ ११ ॥

तर्ज —पूर्ववत् (गजल मान निषेध पर)

'सदा यहां रहना नहीं तू, मान करना छोडदे । शहनशाह भी न रहे, तूं मान करना छोडदे ॥ टेर ॥ जैसे खिले है फूल

गुलिस्तान, में कबीरों देखलो। आखिर तो वह कुम्हलायगा तू, मान करना छोड़दे ॥ १ ॥ नूर से जे पूर थे, लाखों उठाते हुक्म को। सो खाक में वे मिल गये, तू मान करना छोड़दे ॥ २ ॥ परशु ने क्षत्री हने, शम्भूम ने मारा उसे। शम्भूम भी यहां न रहा, तू मान करना छोड़दे ॥ ३ ॥ कंश जरासिंध को, श्रीकृष्ण ने मारा सही। फिर मर्द ने उन को हना, तू मान करना छोड़दे ॥ ४ ॥ रावण से इन्दर दबा, लक्ष्मण ने रावण को हना। न वह रहा न वह रहा, तू मान तू मान करना छोड़दे ॥ ५ ॥ रब्ब का हुक्म माना नहीं, अजाजिल काफिर बन गया। शैतान सब उसको कहे, तूं मान करना छोड़दे ॥ ६ ॥ गुरु के परसादसे कहे, चौथमल प्यारे सुनो। आजिजी सब में भली, तूं मान करना छोड़दे ॥ ७ ॥

तर्ज—पूर्ववत् (कपट निषेध पर)

जीना इसे यहां चार दिन, तू दगा करना छोड़दे। पाक रख दिल को सदा, तूं दगा करना छोड़दे ॥ टेर ॥ दगा कहो या कपट माया, फरेब या छिरघट कहो। चिता चोर बदमाश, तूं दगा करना छोड़दे ॥ १ ॥ चलते उठते देखते, बोलते हसते दगा। तोलने और नापने में, दगा करना छोड़दे ॥ २ ॥ माता कही बहने कही, पर नार को तकता फिरे। क्यों काम कर नाहक बने, तू दगा करना छोड़दे ॥ ३ ॥ मर्द की औरत बने औरत का ना पुरुष हो। वस चौरासी योनि भुगते, तू दगा करना छोड़दे ॥४ ॥ दगा से आ पोतना ने, कृष्ण को लिया गोदमें। नतीजा उसको मिला, तूं दगा करना छोड़दे ॥५॥ कौरवों ने पांडवों से, द ?र जुआं रमी। हार कौरवों की हुई, तू दगा करना छोड़दे ॥ ६

कुरान पुरान में है मना, *कानून में लिखी सजा। महावीर का फरमान है, तूं दगा करना छोडदे ॥ ७ ॥ शिकारी करके दगा; जीवों की हिंसा वह करे मंजार और बुग की तरह, तूं दगा करना छोडदे ॥८ ॥ इज्जत में आता फरक, भरोसा कोई न गिने। मित्रता भी टूट जाती, दगा करना छोडदे ॥ ९ ॥ क्या लाया लेजायगा क्या, गौर कर इस पर जरा। चौथमल कहे सरल हो, तूं दगा करना छोडदे ॥ १० ॥

तर्जः—पूर्ववत् (गजल संतोष की)

सबर नर को आती नहीं, इस लोभ के परताप से। लाखों मनुष्य मारे गये, इस लोभ के परताप से ॥ टेर ॥ पाप का वालिद वडा, और जुल्म का सरताज है। वकील दोजख का बने, इस लोभ के परताप से ॥ १ ॥ अगर शहनशाह बने, सर्व मुल्क तावे में रहे। तो भी ख्वाहिश न मिटे, इस लोभ के परताप से ॥ २ ॥ जाल

---

* भोजन में विष देनेवाले को फासी की सजा कानून धारा ३०२।

बनावटी अगुठा या सही करने वाले को सात साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ५४७।

झूठे खत दस्तावेज, रजिष्टर आदि के लिखने वाले को सात साल की सजा कानून धारा १९५।

विश्वासघात करने वाले को दस साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ४०९।

नमूने के मुआफिक माल न देने से, असली कीमत मे नकली माल देने वालेको और नकली माल का दाम असली माल के बरबर लेने से एक साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ४१५।

अच्छा माल कर बुरा माल देने वाले को सात साल की सजा कैद की सजा कानून धारा ४२०

ताजा आटा, दाल आदि में पुराने माल मिलाने वाले को ६ मास की सख्त कैद की सजा और १० रुपये दण्ड का कानून धारा [illegible]

में पत्ती पड़े, और मच्छी कांटे से मरे। चोर जावे जेल *में, इस लोभ के परताप से ॥ ३ ॥ स्वाम में देखा न उसको, रोगी क्यों न नीच हो। गुलामी उस की करे, इस लोभ के परताप से ॥ ४ ॥ काका भतीजा भाई भाई, चाहिए था बेटा सज्जन। बीच कोर्ट के फसे, इस लोभ के परताप से ॥ ५ ॥ सम्भूम चक्रवर्ती राजा, सेठ सागर की सुनो। दरियाव में दोनों मरे, इस लोभ के परताप से ॥ ६ ॥ यहाँ के कुछ माल का, मालिक बने तो कुछ नहीं। प्यारी तज पर देश भा, इस लोभ के परताप से ॥ ७ ॥ माल बचे भेष दे, दु:ख दुर्गुणों की खान है। सम्यक्त्व भी रहती नहीं, इस लोभ के परताप से ॥ ८ ॥ कहे चौथमल सतगुरु वचन, सन्तोष इसकी है दवा। और नासिहत नहीं रूपे, इस लोभ के परताप से ॥ ९ ॥

तर्ज—पूर्ववत् (राग निषेध)

मान मन मेरा कहा, तू राग करना छोड़ दे। आवागमन का मूल है, तू राग करना छोड़ दे ॥टेक॥ प्रेम प्रीति स्नेह महोब्बत, आशक भी इसका नाम है। कुछ खूबता इसमें नहीं तू, राग करना छोड़ दे ॥ १ ॥ लोह की मंजीर का, बन्धन नहीं कोई चीज है।

---

* बनावटी मोहर बनाने वाले को दस सालकी सख्त कैद की सजा कानून धारा ४८९।

खोटे स्टाम्प बनाने वाले को दस साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा २५५।

कुमारी को मकान किराये देनेवालों को दोनों को दण्ड कानून धारा २९ ।

ऐसा बन्धन प्रेम का, तूं राग करना छोड दे ॥ २ ॥ सुर असुर और नर पशु, इस राग के वश में पडे। फिरते फिरते बे मान हो, तूं राग करना छोड दे ॥ ३ ॥ धन कुटुम्ब योवन जिस्म से, स्नेह निश दिन कर रहा। ख्वाब के मानिन्द समझ के, राग करना छोड दे ॥ ४ ॥ जीते जी के नाते सब ये, प्राण प्यारी और अजीज। आखिर किनारा वो करे, तूं राग करना छोड दे ॥ ५ ॥ रज मीन मधुकर मृग पतंग, इन्द्रियो के वश में मुग्ध हो। परवा न रखते प्राण की, तूं राग करना छोड दे ॥ ६ ॥ हिरण बने है जड भरतजी, भागवत का लेख है। सेठ एक कीडा बना, तूं राग करना छोड दे ॥ ७ ॥ पृथ्वीराज मशगूल हुवा, संयोगनी के प्रेम से। गई बादशाही हात से, तू मान करना छोड दे ॥ ८ ॥ वीर भाषे वत्स! गोतम, परमाद दिल से पर हरो। आन प्रकटे ज्ञान केवल, तूं राग करना छोड दे ॥ ९ ॥ गुरु के प्रसाद से, कहे चौथमल तज राजको। कर्म दल हट जायगा, तूं राग करना छोड दे ॥ १० ॥

तर्जः—पूर्ववत् (द्वेष निषेध)

चाहे अगर आराम तो, तूं द्वेष करना छोड दे। कुछ फायदा इस में नहीं, तूं द्वेष करना छोड दे ॥ टेक ॥ द्वेषी मनुष्य की देख सूरत, खून बरसे आँख से। नशीहत असर करती नही, तूं द्वेष करना छोड दे ॥ १ ॥ बहुत अर्से तक उसका, पाक दिल होता नही। बने रहे बद ख्याल हरदम, तू द्वेष करना छोड दे ॥ २ ॥ पूछो हमे हम है बडे, मत बात करना गैर की। दुर्बल बने यश और का सुन, तूं द्वेष करना छोडदे ॥ ३ ॥ देख के जरदार को, या

सती चमपान को । क्यों मरे मए वे हथा, तूं द्वेष करना छोड़ दे ॥ ४ ॥ हाकमी या अफसरी, गर नौकरी किसकी बने सुन के बने नाराम क्यों तूं, द्वेष करना छोड़ दे ॥ ५ ॥ देख मन सुख माल को, जब द्वेष सोमलने किया । दुर्गति उसकी हुई, तू द्वेष करना छोड़ दे ॥ ६ ॥ पाण्डवों से कौरवोंने, कृष्ण से फिर कंसने । विरोध करके क्या लिया, तूं द्वेष करना छोड़ दे ॥ ७ ॥ मात पिता भाई भतीजा, दास अरु पसी पशु । तकलीफ क्यों देता उन्हे, तूं द्वेष करना छोड़ दे ॥ ८ ॥ गुरु के प्रसाद से कहे, चौथमल सुनके भरा । ग्यारवों यह पाप है, तूं द्वेष करना छोड़ दे ॥ ९ ॥

तर्ज:—पूर्ववत् (कलह निषेध)

आफतम से घर भरा, तू क्लेश करना छोड़ दे । महावीर का फरमान है, तू क्लेश करना छोड़ दे ॥ टेक ॥ जहां लड़ाई वहाँ बुराई, हो बुराई ईस से-इत्तफाक गौहर क्यों लगे, तू क्लेश करना छोड़ दे ॥ १ ॥ न घटे कभू लड़ाई, बीच कहावत जक्त में । जैसा कहे वैसा सुने, तूं क्लेश करना छोड़ दे ॥ २ ॥ पूजा करे के मूर्तियों से, भड़के के हथियार को । सभा आपता भी बने तूं क्लेश करना छोड़ दे ॥ ३ ॥ सन्दर गेह के बीच घर को, याद रख रखवाऊँगा । एग तक माहिर करे, तू क्लेश करना छोड़दे ॥४॥ रावण विभीषण से लड़ा, पहुँचा विभीषण राम पैं । देखो नतीजा क्या मिला, तूं क्लेश करना छोड़दे ॥ ५ ॥ हार हाथी के लिये, कोणक चेड़ासे गा

---

* इमला करना हवा करना आदि के लिये एक सामकी शब्द और भी [illegible]

भिडा । हाथ कुछ आया नहीं, तू क्लेश करना छोडदे ॥६॥ केकईने निज हाथ से, बीज बोया फूटका । भरतजी ना खुश हुवे, तूं क्लेश करना छोडदे ॥ ७ ॥ हसन और हुसेन से, वेजा किया यजीदने । हक में उसके क्या हुआ, तूं क्लेश करना छोडदे ॥ ८ ॥ गुरुके प्रसादसे, कहे चौथमल सुनले जरा । पाप द्वादशवा बुरा, तू क्लेश करना छोडदे ॥ ९ ॥

तर्जः—पूर्ववत् (कलक निषेध)

इस तरफ तूं कर निगाह, तोमत लगाना छोड दे । तुफेल है यह तेरवा, तोमत लगाना छोड दे ॥ टेक ॥ अफसोस है इस बात का, ना सुनी देखी कभी । फौरन कहे तेने किया, तोमत लगाना छोड दे ॥ १ ॥ तंग हालत देख किसकी, तू बताता चोर है । बाज आ इस जुल्म से, तोमत लगाना छोड दे ॥ २ ॥ मर्द, औरत युवान देखी, तूं बताता बद चलन । बुढिया को कहे डाकण है, तोमत लगाना छोड दे ॥ ३ ॥ सच्चे को झूंठा कहे, ब्रह्मचारी को कहे लंपटी । *कानून में इसकी सजा, तोमत लगाना छोड दे ॥४॥ अपने पर खुद जुल्म दुनिया, देखलो यह कर रही । मालिक की मरजी कहे, तोमत लगाना छोड दे ॥ ५ ॥ जो देवे कलंक गेर के शिर, आवे उसी पर लौट कर । जैनागम यह कह रहा, तोमत लगाना छोड दे ॥६॥ गीता, पुराण, कुराण, अंजील, देखले सब में

---

* व्यभिचार का आरोप रखने वाले को सात साल की सख्त कैद की सजा कानून धारा ५०६ ।

झूठा कलक देने वाले को ६ मास की सरल कैदकी सजा और १००० रूपे दण्ड कानून धारा १८१ ।

मगा। इस लिये तूं माश का तोमत लगाना छोड़ दे ॥ ७ ॥ गुरुके प्रसाद से, कहे चौथमल सुनले नरा। मानले नसीहत मेरी तोमत लगाना छोड़ दे ॥ ८ ॥

तर्जः—पूर्ववत् (चुगली निषेध)

साफ हम कहते तुझे, चुगली का खाना छोड़दे। बदतरीं यह पाप है, चुगली का खाना छोड़दे ॥ टेक ॥ चुगलखोर सीताब तुझको, मशिवरा होगा सही। ऐसे समझकर भाइआ, चुगली का खाना छोड़दे ॥ १ ॥ इसकी उसके सामने, और उस की इसके सामने। क्यों भिड़ाता है किसे, चुगली का खाना छोड़दे ॥ २ ॥ जिसकी चुगली खाते है, इन्सान गर वह जानले। बन जायगा दुश्मन तेरा, चुगली का खाना छोड़दे ॥ ३ ॥ इस के जरिये हो लड़ाई, कैद में भी जा फसे। जहर खा कई मरगये, चुगली का खाना छोड़दे ॥ ४ ॥ सौकें मिटाई रामने, बनवास सिता को दिया। आखिर सत्य प्रगट हुआ, चुगली का खाना छोड़दे ॥ ५ ॥ गुरु के प्रसाद से कहे, चौथमल सुनको नरा। आकबत का सौच का, चुगली का खाना छोड़दे ॥ ६ ॥

तर्जः—पूर्ववत् (निंदा निषेध)

आखर बद जायगी, निन्दा पराई छोड़दे। मानले कहना मेरा, निन्दा पराई छोड़दे ॥ टेक ॥ तेरे सिर पर क्यों धरे तूं, खास लेकर और की। दानीशमंद होवे अगर, निन्दा पराई छोड़दे ॥ १ ॥ गुलाब के गर शूल हो, माली के मतलब फूल से। बारके गुण इस तरह, निन्दा पराई छोड़दे ॥ २ ॥ सूम सूरती कउवा न देखे, चिंटी न देखे महल को। गरोस जैसा मतवर्मे, निन्दा पराई छोड़दे ॥ ३ ॥

पिटी + मंस इस को कहा, भगवान श्रीमहावीर ने । मिसाल सुकर की समझ निन्दा पराई छोडदे ॥ ४ ॥ गिब्वत करे नर गेर की, वो भाई का खाता है गोस्त । कुरान में लिखा सफा, निन्दा पराई छोडदे ॥ ५ ॥ सुन भी ली चाहे देखली, गर पुछली कोई सख्स से । झूट हो चाहे सच हो, निन्दा पराई छोडदे ॥ ६ ॥ गुरु के प्रसाद से कहे, चौथमल सुनले जरा । है चार दिन की जिन्दगी, निन्दा पराई छोडदे ॥ ७ ॥

तर्ज'—पूर्ववत् [कुभावना निषेध]

वीर ने फरमादिया है, पाप यही सोलमा । अखत्यार × हरगीज मत करो, तुम पाप यही सोलमा ॥ टेर ॥ सत्संगतो खारी लगे, कुसंग मे

---

* निन्दा करना धर्म शास्त्र में निषेध है और ताजीरात हिन्द में भी निम्न प्रकार से निषेध है ।

बीभित्स पुस्तक बेंचनेवाले को तीन मास की सख्त कैद की सजा कानून धारा १९२ ।

किसीको निन्दा करने वाले छपाने वाले, व कल्क देनेवाले को दो सालकी सख्त कैद की सजा कानून धारा ४९२ ।

× ताजीरात हिन्द में भी निम्न प्रकार से है ।

खोटी वात प्रतिज्ञापूर्वक करने वाले को तीन साल की सख्त कैद सजा कानून धारा १८१ ।

धर्म स्थान में विभित्स कार्य–करनेवाले को दो साल की सख्त कानून धारा २९५ ।

आम रास्ते पर जुवा खेलने वाले को दो सौ रुपया दण्ड कानून धारा २९० ।

रहे रात दिन । तुर्मा बामी बीचरामी । है पाप यही सोलमा ॥ १॥ दया दान सत्य शक्ति की, मशीहत करे गर जो तुम्हे । बिल्कुल पसद आती नही, है पाप यही सोल्मा ॥ २ ॥ गांजा चडस भंग तमाखु, बीडी सिगरेट भग को । पीपी मगन रहेवे सदा, है पाप यही सोल्मा ॥३॥ ज्ञान ध्यान ईश्वर भजन में, नाराज तू रहता सदा । गोठ नाटक में मगन है, पाप यही सोल्मा ॥ ४ ॥ एस में मानी रही, अरति वेदी-धर्म में । कुंडरीक ने खोया जनम, है पाप येही सोल्मा ॥ ५ ॥ धर्मुन मात्रा कार ने, महावीर की बाणी सुनी । चारित्र ले त्यागन किया, है पाप यही सोल्मा ॥ ६ ॥ गुरु के प्रसाद से कहे, चौथमल सुन ले नरा । चाहे भला तो मेट जल्दी, है पाप यही सोल्मा ॥ ७ ॥

तर्ज —पूर्ववत् [कपट निषेध पर]

फायदा इसमें नही क्यों, मूठ बोले माल से । इसका नतीजा है बुरा, क्यों मूंठ बोले माल से ॥टेर॥ दगाबाजी मोह मिलकर, पाप सतरवां बना । आईन नहीं है जए सनम, क्यों मूठ बोले मालसे ॥ १ ॥ अच्छी बुरी दोनों मिला, अच्छी बताकर बेचदे । इसी तरह से वस्त्र दे, क्यों मूठ बोले मालसे ॥ २ ॥ भेद लेने गेर का, बातें बनावे प्रेम से । भगवान को कहे मानता, क्यों मूंठ बोले मालसे ॥ ३ ॥ भेष जवा दोनो को बदले, चाल भी देवे बदल । रूप को भी फेर दे, क्यों मूंठ बोले मालसे ॥ ४ ॥ परदेशी नृप को राणी ने, दिया जहर भोजन में मिला । बोलकर मीठी जबान, क्यों मूठ बोले मालसे ॥ ५ ॥ गुरु के प्रसाद से कहे चौथमल सुनले नरा । सरलता से सत्य कहो, क्यों मूठ बोले मालसे ॥ ६ ॥

तर्जः—पूर्ववत् [मिथ्यात्व निषेध]

सर्व पापों बीच में, मिथ्यात्वहीं सरदार है। इस के तजे बिन भवोदधिसे, होते नहीं भवपार है ॥ टेक ॥ सत्य दया मय धर्म को, अधर्म पापी मानते। अधर्म को माने धरम, शठ डूबते मझधार है ॥ १ ॥ जीव को जड मानते, असत्य युक्ति ठान के। निर्जीव में सजीव की, श्रद्धा रखे हरवार है ॥ २ ॥ सम्यग दर्शन ज्ञान क्रिया, को कहै उन्मार्ग है। दुर्व्यसनादिक उन्मार्ग को, बतलावे मुक्ति-द्वार है ॥ ३ ॥ सुसाधु कों ढोंगी समझ, करता कदर उनकी नहीं। धन माल गुरु रक्खे त्रिया, उन के नमे चरणार है ॥ ४ ॥ नाश करके कर्म को, गए मोक्षसो माने नहीं। मानता मुक्ति उन्हों कीं, कर्म जिन के लार है ॥ ५ ॥ अबतो मिथ्यामत को प्राणि, त्यागना ही सार है। समकित रतन को धार फिरतो, छिन में बेडापार है ॥ ६ ॥ साल चौरासी बीच में, नागोर में आना हुवा। गुरु प्रसादे चौथमल कहैता, सदाहित कार है ॥ ७ ॥

तर्ज —पूर्ववत्

कहा लिखा तूं दे बता, जालिम सजा नहीं पायगा। याद रख तूं आकबत में, हाथ मल पछतायगा ॥ टेर ॥ आपतो गुमरा हुवा फिर, और को गुमराह करे। ऐसे अजावों से वहापर, मुह सिया हो जायगा ॥ १ ॥ हो बेखतर तकलीफ पहुंचाता, किसी मशकीन को। बंबूल का तूं बीज बोकर, आम कैसे खायगा ॥ २ ॥ रुह होगा कब्ज तेरी, जा पडेगा घोर में। बोल बन्दा है तूं किसका, क्या कहीं बतलायगा ॥ ३ ॥ न हकुमत वहा चलेगी, न चलेगी हुज्जते। न इजारा वहा किसी का, रियाही कैसे पायगा ॥ ४ ॥ जवानी वातों

सरपसे, काम यहां चलता नहीं । चौथमल-कहे कर भलाई, तो भरी होजायगा ॥ ५ ॥

तर्ज—मेरे स्वामी मुझको मुगत में मुझे

कभी नेकी से दिल को, हटाओ मती । बुरे कामों में भी को, लगाओ मती ॥ टेर ॥ आए हो दुनिया बीच में, मत पुश अन्दर रीझियो । आराम पाओ यहां सदा, उपाय ऐसा कीजियो । ऐसी वस्त अमोल गमाओ मती ॥ १ ॥ दिन चार का महमान यहां, इसकामी तुम को ध्यान है । दर्द दिल के वास्ते, पैदा हुआ इन्सान है । सत्य जानके किसी को सताओ मती ॥ २ ॥ नशाखोरी जिना कारी, गुस्सावाजी छोड़दो । हरएकसे मोहब्बत करो, तुम फूट से मुह मोड़दो । नाहिक जोर्मोंके हासे में आओ मती ॥ ३ ॥ कौन है मादर फादर, कौन तेरे सगम है । धन माल यहां रह जायगा, तेरे लिये तो कफन है । ऐसी जानके पाप कमाओ मती ॥ ४ ॥ साल छियांसी मुसाफर, आया जो सेसे कार में । चौथमल उपदेश श्रोता को, दिया बाजार में । आके होटेल में धर्म गमाओ मती ॥ ५ ॥

तर्ज—बोलेरा चाहे मौको दिखलान पे फिरा हुं ॥

करना जो चाहे करके, जाना जरूर होगा । कहांतक रहो गे बैठे, जाना जरूर होगा ॥ टेर ॥ कहां है राम लछमन, गए भीम और अर्जुन । एक दिन तुम चले यहां से, जाना जरूर होगा ॥ २ ॥ हंस हस के गुस्म करते, नहीं आकबत से डरते । आखिर मतीजा इन का पाना जरूर होगा ॥ १ ॥ गुलजार की बहार देखी, झुक झुक रही है येकी । आते ही बाग कोरन, जाना जरूर होगा ॥३॥ यह कोठी बाग बाड़ी, नारी जो प्राण प्यारी । सब छोड़ के सबरों,

जाना जरूर होगा ॥ ४ ॥ यूं चौथमल सुनावे, एक धर्म साथ आवे। चाहे मानो या न मानो, जाना जरूर होगा ॥ ५ ॥

तर्जः—लाखों पापी तिरगए सत्संग के ॥

मान मन मेरा कहा, तारीफ जहा में लीजीयो। अपनी तरफ से जान कर के, दु.ख न किसको दीजियो ॥ टेर ॥ तकदीर के बलसे अहो, इन्सान पन तुम को मिला। अपना बिगाना छोडके, मलपन्न सब से कीजियो ॥१॥ गर तुम्हें कोई जान करके, बे जवा मुहसे कहे। जमीनके माफिक बनो, हरगिज न उसपे खीजियो ॥ २ ॥ मिला तुम को ड़र सुनानेवाला, अब डरियो जरा। नेक नासिहत का यह शरबत, शोकसें तुम पीजियो ॥ ३ ॥ गुरु के परसादसें कहे, चौथमल अए साहिबों। आराम जो चाहो भला, नेकी पे हरदम रीजियो ॥ ४ ॥

तर्जः—बिना रघुनाथ के देखे नहीं दिल को ॥

उलट चलने लगी दुनियां, न्यायको कोन धरता है। अगर सच्ची कहें, किससें, तो वह उलटी समझता है ॥ टेर ॥ सखी बखील बन बैठे, अजीज दुश्मन भए सारे। अरे धर्मी बने पापी, गीदड से शेर डरता है ॥ १ ॥ ब्रह्मचारी अनाचारी, त्रिया खाविंद को दे गाली। बहुसें सास भी डरती, बाप सें पुत्र लडता है ॥ २ ॥ ऊँचने नीच कृत धारा, नीच जपता है नित माला। सच्चे बोलते हैं झूंठ, नेक बदी में फिरता है ॥ ३ ॥ होके कुलवान की नारी, करे पर पुरुष संग यारी। जोगी भोग चाहता है, ब्रह्म निज कर्म हरता है ॥ ४ ॥ देखते देखते दुनियां, पलटली ही चली जाती। चौथमल वीर जो मतजा, वही संसार तिरता है ॥ ५ ॥

ॐ शान्ति शान्ति शान्ति ॥

* वन्देवीरम् *

जगद्वल्लभ जैन-दिवाकर प्रसिद्ध वक्ता पंडित रत्न मुनि श्री चौथमलजी महाराज साहब के अपने शिष्य समुदाय सहित उदयपुर में चातुर्मास करने की खुशी में भेंट।

चुनिन्दा भजन

संग्राहक—
मनोहर व्याख्यानी मुनि श्री चम्पालालजी महाराज

प्रकाशक—
श्रीमान् इन्दौर निवासी मांगीलालजी श्रीमाल की स्वर्गीय मातेश्वरी सुन्दरबाई के स्मरणार्थ भेंट।

चतुर्थावृत्ति १००० — अमूल्य भेंट — वीराब्द २४६५, विक्रमाब्द १९९६

श्री जैनोदय प्रिंटिंग प्रेस रतलाम

चुनिन्दा-भजन

नम्बर १

[तर्जः—छोटा सा बलमा मोरे आंगना में गिल्ली खेले]

ऋषभ कन्हैया लाला आंगना में रुम झुम खेले।
आखियन का तारा प्यारा, आंगना में रुम झुम खेले ॥ टेक ॥
इन्द्र इन्द्रानी आई, प्रेम धर गोदी में लेवे ।
हंसे रमावे करे प्यार, दिल की रलियां रेले ॥ १ ॥
रत्न पालनिये माता, लाल ने झुलावे झुले ।
करे लल्ला से अति प्यार, नहीं वो दूरी मेले ॥ २ ॥
स्नान कराई माता, लाल ने पहिनावे झेले ।
गले मोतियन का हार, मुकट सिर पर मेले ॥ ३ ॥
गुरु प्रसादे मुनि, चौथमल यों सब से बोले ।
नमन करो हर बार वो तीर्थंकर पाहिले ॥ ४ ॥

नम्बर २

[तर्ज:—दर्दे दिल]

तुम कहो परमात्मा मिलते नहीं ।
सच्चे दिल से आप भी रटते नहीं ॥ टेक ॥
दुनिया की मोहब्बत में फंसे हो बे तरह ।
जुल्म करने से कभी टलते नहीं ॥ १ ॥
नशा पीना तांना कशी में पास हो ।
नेक रास्ते पर कभी चलते नहीं ॥ २ ॥
इबादत तस्बी फिराते प्रेम बिन ।
दगा बाजी से कभी बचते नहीं ॥ ३ ॥
चौथमल कहे किस तरह होगा भला ।
जईफी में भी ...

नम्बर ३

[तर्ज़—कैसे फागन में आशिक हैं जलते हुए]

बन्धुओं यह आता किधर ध्यान है ?

चन्द दिन का यहाँ पे तू मेहमान है ॥ टेक ॥

यार विषय वासना से कर्म बली ।

न हुकूमत कज़ा प किसी की चली ।

धर्मी निधन भी हाल परेशान है ॥ १ ॥

समय मात्र का प्रमाद कीजे नहीं ।

उम्र टूटे प हरगिज जुड़ती नहीं ।

वीर भगवन् का ये सच्चा फरमान है ॥ २ ॥

नींद गफ़लत की तज के धरम कीजिये ।

बुरे कामों से हर दम शरम कीजिए ।

आप दुबारा मिलना इन्सान है ॥ ३ ॥

वायरस चौथमल का है आता हुआ ।

वीर संदेश सब को सुनाता हुआ ।

दाता सत् धम से सब का कल्याण है ॥ ४ ॥

नम्बर ४

[तर्ज़—तेरे पूजन को भगवान् बना मन मंदिर आलीशान]

करन भारत का कल्याण पधारे वीर प्रभु भगवान् ॥ टेक ॥

जन्मे सिद्धार्थ के घर में त्रिशला देवी के उदर में ।

सुरगणा गाया मंगल गान पधारे० ॥ १ ॥

छाया पापों का अन्धकार आती आह की भरी पुकार ।

प्रकट दिव्य शक्ति कोई आन पधारे० ॥ २ ॥

हिंसा झूठ प्रबल निवारे अहिंसा परम धर्म को धारे ।

दीना दुनियां को पैग़ाम पधारे० ॥ ३ ॥

सुरभित गुलशन जैन खिलाया सिंचन कर सर सब्ज़ बनाया ।

महकते धर्म पुष्प अति महान पधारे० ॥ ४ ॥

चौथमल कहे सुनो प्यारे, लगाओ वीर शब्द के नारे।
होजा आतम का उद्धार, पधारे० ॥ ५ ॥

नम्बर ५

[तर्ज—कैसे फेशन में आशिक हैं जलते हुए]

सारी दुनियां में इन्सान सरदार है।
मिलना हरवक्त तुम को यह दुष्वार है ॥ टेक ॥
देवप्रिय वताया प्रभु वीर ने ।
मिलना दुर्लभ जिताया प्रभु वीर ने ।
जौहरी हीरे के होते कद्र दार है ॥ १ ॥
वेशकीमत समय यह मिले न कभी।
यह उजड़ा चमन फिर खिले न कभी।
गर धर्म शास्त्र पर जो एतवार है ॥ २ ॥
फर्ज अपना वजाकर तरक्की करो।
सच्चे दिल से धर्म की उन्नति करो।
स्वर्ग अपवर्ग की गर जो दरकार है ॥ ३ ॥
सख्त दिल कर किसी को सताओगे तुम।
वाज बद्काम से गर न आओगे तुम।
समझो दोजख में गुर्जों की भरमार है ॥ ४ ॥
चौथमल की नसीहत सुनो जन सभी।
तुम तो दरिया में प्यासे न रहना कभी।
मुक्ति जाने का समझो यही द्वार है ॥ ५ ॥

नम्बर ६

(तर्ज—कव्वाली)

अगर जिनदेव के चरणों में, तेरा ध्यान हो जाता।
तो इस संसार सागर से, तेरा उद्धार हो जाता ॥ टेक ॥
न होती जगत् में ख्वारी, न वढ़ती कर्म वीमारी।
जमाना पूजता सारा, गले का हार हो जाता ॥ १ ॥

रोशनी धाम की खिलती दीपमाला दिल में हो जाती।
हृदय मंदिर में भगवन् का तुझे दीदार हो जाता ॥ २ ॥
परेशानी न हैरानी वृथा हो जाती मस्तानी।
धर्म का प्याला पी लेता ता बेड़ा पार हो जाता ॥ ३ ॥
कर्मों का पिसारा होता व धारावर आसमां बनता।
मोक्ष गद्दी पर फिर प्यारे, तेरा घरबार हो जाता ॥ ४ ॥
चढ़ाते देवता तेरे चरण की धूल मस्तक पर।
अगर जिनदेव की भक्ति में मन इकतार हो जाता ॥ ५ ॥
राम जपता अगर माला का मनका एक भक्ति से।
तो तरा भर ही मर्फ्ता के लिये दरबार हो जाता ॥ ६ ॥

नम्बर ७

[तर्ज—गज़ल]

सिदमते धर्म पर जा कि मर जायेंगे।
नाम दुनियां में रोशन वो कर जायेंगे ॥ टेक ॥
जैसे कर्म करेंगे यहां जायगे।
यह न पूछो कि मर कर किधर जायेंगे ॥ १ ॥
आप दिखला रहे हो किस तुर्शियां।
यह नशे यह नहीं जो उतर जायेंगे ॥ २ ॥
टूट जाये न माला कहीं प्रेम की।
वरना अनमोल मोती बिखर जायेंगे ॥ ३ ॥
ना मक्तूलों को छाती लगा हिंदुओं।
वरना यह लाल गैरों के घर जायेंगे ॥ ४ ॥
गर लगाते रहो मरहम प्रेम की।
एक दिन यह जखम उनके भर जायेंगे ॥ ५ ॥
चाहे मानो न मानो खुशी आप की।
हम मुसाफिर यूं कह कर चले जायेंगे ॥ ६ ॥

नम्बर ८

[तर्जः—मैं पिया मिलन के काज आज जोगन बन जाऊँगी]

नर कर उस दिन की याद कि, जिस दिन चल २ होगी ॥टेक॥
तू जोड़ जोड़ कर धरे, वस्तु तेरी कोई नहीं होगी।
जब आवें यम के दूत, नगर में खल बल खल होगी ॥ १ ॥
सब भरे रहे भंडार, नार तेरी संगी नहीं होगी।
काठी के लिये दो बांस, ओढ़ने को मलमल होगी ॥ २ ॥
ले जाते हैं श्मशान, चिता सोने के लिये होगी।
झट देंगे अग्नि लगाय, राख तेरी जल-जल जल होगी ॥ ३ ॥
तू भली बुरी जो करे, पूछ सब पर भव में होगी।
यों कहता है भूदेव, कर्म गति पल पल पल होगी ॥ ४ ॥

नम्बर ९

तर्ज.—पहलू में यार है मुझे इसकी खबर नहीं]

मर्दों को धर्म काम में डरना नहीं अच्छा।
नामर्द से उम्मीद का, करना नहीं अच्छा ॥ टेक ॥
क्या गम प्रचार धर्म में, गर जान भी जाये।
बद रस्म और बद काम में, मरना नहीं अच्छा ॥ १ ॥
बढ़ना उसी का खूब है, जिससे हो फैज आम।
जालिम व मक्खी चूस का, बढ़ना नहीं अच्छा ॥ २ ॥
वादा न निभना है यह, शैतान की हरकत।
ईसां को जबां देके, मुकरना नहीं अच्छा ॥ ३ ॥
करने से पहले सोच लो, हर काम का अञ्जाम।
आगे को कदम धर के, हटाना नहीं अच्छा ॥ ४ ॥
महाराज रामचन्द्र ने, करके दिखा दिया।
भाई को भाइयों से, झगड़ना नहीं अच्छा ॥ ५ ॥

नम्बर १०

[तर्ज.—नाटक]

महर की

दर्श अपना हमको दिखा वीर प्यारे ॥ टेक ॥
सुनाया था जो ज्ञान गौतम मुनि को ।
वही ज्ञान हमको सुना वीर प्यारे ॥ १ ॥
तिराया था अर्जुन सा पापी तुम्हीं ने ।
हमें भी तराओ महावीर प्यारे ॥ २ ॥
आ लड़ती परस्पर है सन्तान तेरी ।
हमें प्रेम करना सीखा वीर प्यारे ॥ ३ ॥
गफ़लत में सोये सभी हिन्दवासी ।
हमें शीघ्र आकर जगा वीर प्यारे ॥ ४ ॥
जैन कौम पीछे हटी जा रही ।
इसे उन्नति पर लगा वीर प्यारे ॥ ५ ॥
करें अर्ज स्वामी से केवल मुनियों ।
हमें पास अपने बुला यार प्यारे ॥ ६ ॥

नम्बर ११

[तर्ज़—पायल की झनकार कोयलियाँ काहे करत पुकार]
सतगुरुवा समझाय उमरिया बीती तेरी जाय ॥ टेक ॥
सन्ध्या राग स्वप्न की सुधि क्षण भर में बिरलाय ॥ १ ॥
वायुवत् आयु है चञ्चल स्थिर रहने की नाय ॥ २ ॥
अञ्जली नीर नीर सरिता को देखत ही बह जाय ॥ ३ ॥
जग असार सार नहीं कुछ भी सार धर्म सुखदाय ॥ ४ ॥
कर शुभ काम नाम हो जग में चातु मुनि शिव जाय ॥ ५ ॥

नम्बर १२

[तर्ज़—झुलावे झुलावे झुलावे कन्या]
फिर आना फिर आना फिर आना मोहनरे
हम गैयों के प्राण बचाना मोहनरे ॥ टेक ॥
हजारों कट रही हैं ॰ दिन घट रही हैं ।
बच्चाना रे मोहनरे १८ को गैर्य पप्पाना मोहनरे ॥१॥

विन अपराध मारते हैं, छुरियों से काटते हैं।
छुड़ाना छुड़ाना छुड़ाना मोहनरे ॥ २ ॥
हिंसा जो चढ़ रही है, दया जो घट रही है।
पिलाना ३ मोहनरे, फिर जाम दया का पिलाना मोहनरे ॥ ३ ॥
दुनियां जो सो रही है, पाप बीज बो रही है।
जगाना ३ मोहनरे, भारत को फिर से जगाना मोहनरे ॥ ४ ॥
कहे मोहन, मोहन ! आज सुरतियां बताजा।
बताजा ३ मोहनरे, प्यारी सुरतियां बताजा मोहनरे ॥ ५ ॥

नम्बर १३

[तर्ज़—पहलू में यार है मुझे उस की]

सत्य बात के कहे विना, रहा नहीं जाता।
बगुले का हंस हम से बताया नहीं जाता ॥ टेक ॥
मिलता है राज्य तख्त छत्र, एक धर्म से।
अधर्म से मिले सुख, सुनाया नहीं जाता ॥ १ ॥
अमृत के पीने से मरे, जीवे जो ज़हर से।
यह आग के बीच बाग, लगाया नहीं जाता ॥ २ ॥
दुनियां भी अगर लौट जा, अफसोस कुछ नहीं।
एरंड को कल्प वृक्ष, बताया नहीं जाता ॥ ३ ॥
कहे चौथमल दिल बीच ज़रा, गौर तो करो।
तारे की ओट चन्द्र, छिपाया नहीं जाता ॥ ४ ॥

नम्बर १४

[तर्ज़—कव्वाली]

न इज्जत दे न अज़मत दे, न सूरत दे न सीरत दे।
वतन के वास्ते भगवन् मुझे मरने की हिम्मत दे ॥ टेक ॥
जो रग़बत दे वतन की दे, जो उल्फत दे वतन की दे।
मेरे दिल में वतन के ज़र्रे-ज़र्रे की मोहब्बत दे ॥ १ ॥
न दौलत दे न दे परजोश, दिल ...

जो रो उठे वतन के वास्ते, ऐसी तबियत दे ॥ २ ॥
मुझे मतलब नहीं हैरो, हरम से दैरो हर्म से।
वतन का प्यार हे शान सदाकत दे सखावत दे ॥ ३ ॥
न दे सामान ऐशो इशरतें दुनियां में तू मुझको।
जरूरत है मुझे इन्सानियत होने की नियत दे ॥ ४ ॥
वतन की खाक पर कुर्बान होने की तमन्ना दे।
जो देश और कुल ऐसा खुदा पन्दा शराफत दे ॥ ५ ॥
पिलादे आज व्याकुल को, मय हबके वतन साकी।
कि पीकर मस्त हो जाऊ इस जाम की आदत दे ॥ ६ ॥

नम्बर १५

[तर्ज—कोई ऐसी चतुर सखी नाय मिली]

क्यों गफलत के पलंग में सोता पड़ा।
तेरा जायगा दम निकल एक पल में।
यह तो दुनिया है खेल मिसाले एवजी।
कभी उसकी बगल कभी उसकी बगल में ॥ टेक ॥
तू तो फिरता है आप दुल्हा बन ठन।
तेरे साथ बराती है कौन सजन।
यहां किस से करे अपना सगपन।
क्यों सोता है यह खाली कल कल में ॥ १ ॥
जो हिन्द क ताज को शीश धरे।
जो लाखों करोड़ों का न्याय करे।
वे राज्य को त्याग के फिरते फिरें।
जो नूर स पूर थे तेज अकल में ॥ २ ॥
कहां पांडव कहां पृथ्वीराज चौहान।
कहां बादशाह अकबर औरंगजेब।
यह राज्य तख्त सदा न सज्जन।
—भी उसके अमल कभी उसके अमल में ॥ ३ ॥

इस माल औलाद जमीं के लिये ।
कई बादशाह मार के मर भी गये ।
यह मुल्क मेरा यूं कहते गये ।
तो तू कौन सी बाग की मूली असर में ॥ ४ ॥
जो प्यारी के महल में रहते अमन में ।
वो खाते हवा सदा बाग चमन में ।
मुनि चौथमल कहे चेतो सज्जन ।
जो ऐसे गये न समझते अजल में ॥ ५ ॥

नम्बर १६

[तर्जः—इधर भी नजर हो जरा वंशी वाले]

महावीर के हम सिपाही बनेंगे ।
जो रक्खा कदम फिर न पीछे हटेंगे ॥ टेक ॥
सिखा देंगे दुनिया को शान्ति से रहना ।
अहिंसा की बिजली नसों में भरेंगे ॥ १ ॥
लगायेंगे मरहम जो होवेंगे जख्मी ।
सुखी करके जग को स्वयं दुःख सहेंगे ॥ २ ॥
कहीं जुल्म दुनिया में रहने न देंगे ।
अगर सर कटेगा खुशी से मरेंगे ॥ ३ ॥
न घुड़ दौड़ में जग के पीछे रहेंगे ।
कसेंगे कमर और आगे बढ़ेंगे ॥ ४ ॥
अहिंसा के सेवक हैं हम सच्चे ।
धर्म युद्ध में हम खुशी से लड़ेंगे ॥ ५ ॥
हमें राम सुख दुख की परवाह नहीं है ।
अहिंसा का झण्डा लहरा कर रहेंगे ॥ ६ ॥

नम्बर १७

[तर्ज—विजयी विश्व तिरंगा प्यारा]

झण्डा ऊंचा रहे हमारा, जैन धर्म का बजे नगारा ॥ टेक ॥

ऋषभदेव ने इसको रोपा। भरत चक्रवर्ती को सौंपा।
उसने इसका किया प्रसारा ॥ १ ॥
महावीर ने उसे उठाया । भारत को सन्देश सुनाया।
धर्म अहिंसा जग हितकारा ॥ २ ॥
गौतम गणधर ने अपनाया। अनेकान्त जग को समझाया ।
स्याद्वाद करके विस्तारा ॥ ३ ॥
हुआ कुमारपाल भोपाला । जैन तत्व को जिसने पाला ।
इस झण्डे का लिया सहारा ॥ ४ ॥
आज इसे मुनियों ने सम्हाला। भारत में कर दिया उजाला।
यही करया देश सुधारा ॥ ५ ॥
स्याद्वाद और दया धर्म की। दुनियां प्यासी इसी मर्म की।
इसमें तत्व भरा है सारा ॥ ६ ॥
हम सब मिलकर के सेवेंगे । नहीं जरा नमने देवेंगे ।
चाहे हो बलिदान हमारा ॥ ७ ॥

नम्बर १८

[तर्ज—इधर भी नजर हो जरा बन्सी वाले]

ए महावीर स्वामी मैं क्या चाहता हूँ।
फकत आपका आसरा चाहता हूँ ॥ टेक ॥
मिली तुमको पदवी जो निर्वाण पद की।
कि तुम जैसा मैं भी हुआ चाहता हूँ ॥ १ ॥
फंसा हूँ मैं चक्कर में आवागमन के।
अब इससे मैं होना रिहा चाहता हूँ ॥ २ ॥
तमन्ना यही है यही आरजू है ।
अय भगवन् तुम्हें देखना चाहता हूँ ॥ ३ ॥
दया कर दयालु दया चाहता हूँ ।
क्षमा कर क्षमा कर क्षमा चाहता हूँ ॥ ४ ॥
बताऊं तुम्हें और क्या चाहता हूँ ।

मैं सारे जहां का भला चाहता हूं ॥ ५ ॥

नम्बर १९

[तर्ज—जाओ जाओ ए मेरे ! साधु रहो गुरु के संग]

आये आये है जगदोद्धारक त्रिशलाजी के नन्द ॥ टेक ॥
स्वर्ग बना नरलोक, हो रहा घर घर हर्षानन्द ।
मंगल मधुर गावे परियां, उत्सव कीना इन्द्र ॥ १ ॥
कंचन वरण केहरि लक्षण, सो है चरणार्विन्द ।
नैना निरखी मुदित हुए सब, प्रभु का मुखारविंद ॥ २ ॥
सथम ले प्रभु केवल पाया, सेवे सुरनर वृन्द ।
वाणी अमृत पीवे सब ही, पावे मन आनन्द ॥ ३ ॥
अभयदान निर्वद्य वाक्य में, ज्योतिष में जो चन्द ।
तप में उत्तम ब्रह्मचर्य है, ऐसे वीर जिनन्द ॥ ४ ॥
कुँवर सुवाहु को निस्तारा, चौथा नृप फरजन्द ।
शालभद्र से भोगी को भी, किया देव अहमन्द ॥ ५ ॥
प्रभु को सुमरे प्रभुता पावे, मिट जावे दुख द्वन्द ।
साल छियाणु चौथमल के, वरते परमानन्द ॥ ६ ॥

नम्बर २०

[तर्जः—तेरे पूजन को भगवान् बना मन मंदिर आलीशान]

लीनाराम यहां अवतार, हुआ घर घर में मंगलाचार ॥ ध्रुव ॥
धन्य है मात-पिता नगरी को, जन्में चेत सुदी नवमी को ।
बोलो राम की जय नरनार ॥ हुआ० ॥ १ ॥
दशरथ कुल के हैं उजियारे, माता कौशल्या के प्यारे ।
कीना देवों ने जयकार ॥ हुआ० ॥ २ ॥
छाया पाप-तिमिर घर घर में, प्रगटे भानु सम भारत में ।
करने सत्य धर्म परचार ॥ हुआ ॥ ३ ॥
लगा है ठाठ मदनगंज भारी, मानों खिल रही केसर क्यारी ।
कहता चौथमल हर बार ॥ हुआ० ॥ ४ ॥

नम्बर २१

[तर्ज—महावीर के हम सिपाही बनेंगे]

महावीर स्वामी तू है जग त्राता।
नहीं तेरी सानी का कोई दिखाता ॥ टेक ॥
तू निर्दोष सर्वज्ञ हितोपदेशी।
नहीं तेरे गुण का कोई पार पाता ॥ १ ॥
है सिद्धान्त तेरा अनेकान्त सुन्दर।
नहीं वादी कोई भी सरको उठाता ॥ २ ॥
पुरुष चाहे नारी जो शुद्ध धर्म धारे।
इसी भव में मुक्ति यही तू बताता ॥ ३ ॥
दिया हक धरम का है चारों वरण को।
कहा नर मुनि हो तो मुक्ति सिधाता ॥ ४ ॥
कहे चौथमल जो शरण तेरी आता।
अमावास भव सिन्धु से पार पाता ॥ ५ ॥

नम्बर २२

[तर्ज—महावीर के हम सिपाही बनेंगे]

बिन किये धर्म के नर जो मर जायेंगे।
नाम दुनिया से वो खुद मिटा जायेंगे ॥ टेक ॥
आप दुनियां में एक दिन अवश्य आयेंगे
है खबर न कहीं कब कि मर जायेंगे ॥ १ ॥
जीव जैसा करेंगे वहीं जायेंगे।
यह न मालूम कि मर कर किधर जायेंगे ॥ २ ॥
अच्छे कर्म करेंगे सुगत पायेंगे।
वरना परभव में जाकर के पछतायेंगे ॥ ३ ॥
बिन दिये कर्ज के नर जो मर जायेंगे।
सेंगे पाल करज के चले जायेंगे ॥ ४ ॥
पुत्र पुत्री या औरत यह धन जायेंगे।

वक्त पर धोखा देकर चले जायेंगे ॥ ५ ॥
स्वप्नसा है जगत् हम न लुभायेंगे ।
चौथमल कहे अमर नाम कर जायेंगे ॥ ६ ॥

नम्बर २३

[तर्ज—बिछुड़े की]

सत गुरुजी समझावे, तुझे चतावे हो चेतन जी ।
ज्ञानवान चतनजी, पाया तुम उत्तम नर तन जी ॥ टेक ॥
इस ही मानुष जन्म से, तिरिया जीव अनेक ।
तुम भी उत्तम काज कर, हृदय करी ने विवेक ॥
मत ना मुफ्त गुमाओ ध्यान में लाओ हो ॥ १ ॥
तू अविनाशी आप है, सत चित्त आनन्द रूप ।
भौतिक धर्म में राच के, क्यों पड़ता अन्ध कूप ॥
अनतीवार दुख पाया जो ललचाया हो ॥ २ ॥
स्वयं लक्ष मोह को तजो, सजो धर्म का साज ।
चपला ज्यों जीवन चपल, करो सफल निज काज ॥
क्यों गफलत में सोया वक्त को खोया हो ॥ ३ ॥
टोंक शहर के बीच में, चौथमल रहा टोंक ।
जाते उपट पथ्थ से, नर भव गाड़ी रोक ॥
शिव पथ में आप चलाओ सदा सुख पाओ हो ॥ ४ ॥

नम्बर २४

[तर्ज—नर कर उस दिन की याद कि]

मन भजले तू भगवान् जिन्दगी तभी सफल होगी ॥ टेक ॥
तू सोता है मोह नींद सुद्ध जो तुझे नहीं होगी ।
पत्थर के बदले रत्न फेंक आखिर बेकल होगी ॥ १ ॥
बालापन बीता खेल युवानी तिरिया मोह लेगी ।
वृद्धापन धंधे में बीता तो बात विफल होगी ॥ २ ॥

गंगा में प्यासा रहे बात ये अचरज की होगी।
नर तन से कीना धर्म नहीं तो अकल विकल होगी ॥ ३ ॥
सब पुण्य पाप तेरे संग यहीं नकी यहां रहयेगी।
कहे चौथमल तप त्याग से तेरी मोक्ष कुशल होगी ॥ ४ ॥

नम्बर २५

[तर्ज—एक तीर फेंकता जा तिरछी कमान वाले]

एक घर में दो विरादर, किस्मत जुदा जुदा है।
तख्ते नशीन है एक एक खाक पर पड़ा है ॥ टेर ॥
एक वीर के घड़े को भर कूप से निकाले।
एक नालियों में जाता एक शिव के सिर चढ़ा है ॥ १ ॥
इस्तीय गुल भी देखो आते हैं एक बहार में।
पांवों तले दबा एक, एक ताज में लगा है ॥ २ ॥
एक खान से दो पत्थर, निकल अभी से बाहर।
एक खा रहा है ठोकर, अवतार एक बना है ॥ ३ ॥
सम्यक के दो हैं टुकड़े किस्मत का फेर देखो।
एक बन गई है माला एक आग में जला है ॥ ४ ॥
तकदीर के यह रंग हैं क्या ही अजब फकीरा।
एक हुक्म दे रहा है एक द्वार पे खड़ा है ॥ ५ ॥

नम्बर २६

[तर्ज—इधर भी नजर हो जरा बंसी वाले]

सदा एक जैसा जमाना नहीं है।
गरीबों को अच्छा सताना नहीं है ॥ टेक ॥
न समझो कि तुम जैसी दुनियां है सारी।
है यह भी जो खाने को दाना नहीं है ॥ १ ॥
गरीबों के नालों में है दर्द पैदा।
यह सुनने को दिल क्या तड़पाना नहीं है ॥ २ ॥

औ हैरत वालों न उनको सताओ ।
जिन्हें रहने को आशियाना नहीं है ॥ ३ ॥
मैं फूलो गरीबों का तुम दिल दुखाकर ।
यह कुछ सागिरे खसरो वाना नहीं है ॥ ४ ॥
तुम्हारी जमीं पर हमारे लिये क्या ।
कहीं एक गज भर ठिकाना नहीं है ॥ ५ ॥
फना होना जिसको वका कौनसी है ।
किसे आके दुनियां से जाना नहीं है ॥ ६ ॥

नम्बर २७

[तर्ज—गायन]

त्रशला दे महतारी, तुमको लाखों प्रणाम ।
शुद्ध समकित धारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ टेक ॥
महावीर सा नन्दन जाया, देवी देव मिल हर्ष मनाया ।
रत्न कूख की धारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ १ ॥
पशु वलि होता अटकाया, जीवों का अज्ञान हटाया ।
ऐसा प्रभु जननारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ २ ॥
इन्द्रभूतिजी को समझाया, गणधर अपना खास बनाया ।
उनकी जन्म दातारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ३ ॥
ममता तज संथारो धारी, द्वादश में सुरलोक सिधारी ।
विदेह मोक्ष जानारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ४ ॥
मदनगंज छियानवे मांई, वीर जयति खूब मनाई ।
कहे चौथमल वलिहारी, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ५ ॥

नम्बर २८

(तर्ज.—महावीर के हम सिपाही बनेंगे)

उठो जैन बन्धु जगाना पड़ेगा ।
अहिंसा का झण्डा उठाना पड़ेगा ॥ टेक ॥

प्रबोधकः—
आर्य जैन
श्रीसुखमुनीजीमहाराज

“श्रीमद् आदर्श आचार्य गुण-गान”

पेटी नंबर १

संग्राहक—
मन्त्री.—
श्रीमहावीर जैन युवक मित्र मंडल
मु० मन्दसौर, शहर।

प्रकाशक —
श्रीमान् सेठ हीराचंद पन्नालालजी, मोतीचन्दजी जौहरी
स्था० जैन, मु० जयपुर सिटी।

प्रथमवार
कुल प्रति २०००

मूल्य ।।।
ज्ञानखाता में

श्री वीराब्द २४६३
विक्रम सं० १९९३
कार्तिक शुक्ला १५

नोटः-दीपक के उजाले और खुले मुंह नहीं पढ़ना. प्रबोधक :
यह पुस्तक मंडल मंदसौर को समर्पण की है

* श्रीमद्वीरायनमः *

पूज्य गुण, गान, नं० १

तर्ज—घनघोर घटा में सूरज को, छिपवा दिया कमलीवाले ने॥यह

दीनी है शिक्षा हितकारी, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने।
बतलाया है मारग मुक्ती का, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ टेर ॥
शहर निम्बाहेड़ा गुलजारी है, मेवाड़ देश मझारी है।
जहां जन्म लिया सुखकारी है, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ १॥
पिता टेकचन्द्रजी सुखदाई, माता गेन्द कुँवर उदर ताई।
लिया जन्म उन्निसो तीस मॉई, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ २॥
उन्निसो पच्चास वैराग्य पाय, लिया विषय भोग से मन हटाय।
संजम लेने की दिल में चाय, करी खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ दी० ३
उन्निसो बावन नीमच मॉई, गुरू भेट्या नन्द मुनि सुखदाई।
लीना है संयम हरषाई, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ दी० ॥ ४॥
कर विनय गुरूजी से ज्ञान लिया, आलस्य अविनय को दूर किया।
शुद्ध क्रिया मॉही चित दीया, पूज्य खूबचन्द्र जी स्वामी ने ॥ ५॥
धैर्यवान वैराग्यवान, और विद्वान है गुणधारी।
सद्बोध दिया कई जीवों को,पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ दी०॥६
व्याख्यान देने की अजब छटा, भवि सुने हो आवे लुम लटा।
दिया कईयों का मिथ्यात्व हटा, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने॥दी ७
अगणित जीवों को छुरी से, कटते हुवे को बचवाये।
शुभ नामक माया जगत बीच, पूज्य खूबचन्द्रजी स्वामी ने ॥ ८ ॥
प्रिय सौम आकृति पूज्य मुख की है, किया दर्श इतिश्री दुःख की है।
की नैया पार मुनिसुख की है, पूज्य खूबचन्द्र जी स्वामी ने ॥ ९ ॥

गुण-गान-नं० २

तर्ज—मिल मन समझाई, कनक मे कामय जग में फंसि है। ॥

सुरतानी पूज्य जी भरत भवधारी मुझसे तारजो ॥ टेर ॥
तारण तरण है पिरध आपको कहूँ सुनो पूज्य राज।
इण भवसागर मांयने सरे आप धर्म की जहाजजी ॥ सु० ॥ १ ॥
प्रदेशी और संयती राजा तथा चिलायती चोर।
भवसागर से तार अर्दे श्री स्वर्ग मोक्ष की ठोर जी ॥ सु० ॥ २ ॥
औगुण भरी मुझ आतमा सरे, क्रिया धनी नहीं आवे।
पुत्र चीड़ पन आवे तदपि, पिता तो पिरध निभावेजी ॥ सु० ॥ ३ ॥
शरण लिया मैं आपकी सर, नैया करण भव पार।
उपकारी पूज्य आप सरीखा नहीं है इण संसारजी ॥ सु० ॥ ४ ॥
धैर्यवान हो सरल स्वभावी ज्ञान दान दातार।
तारीफ आपकी कही न जावे हो सुगुण भण्डार जी ॥ सु० ॥ ५ ॥
श्री मुन्नालाल पूज्यराज पाटपर, पद्म कर्मी हो आप।
तप संयम में लीन आपको बड़े तेज प्रताप जी ॥ सु० ॥ ६ ॥
मुनी गुण सम्पन्न खूबचन्द्र पूज्य भव जल तारण जहाज।
मन्दसौर में सुख मुनि कहे रखियो पूज्यजी लाज जी ॥ सु० ॥ ७ ॥

गुण-गान-नं० ३

तर्ज — पढ़ादे पढ़ादे पढ़ादे, बरची ॥ यह ॥

सुनादो सुनादो, सुनादो पूज्यजी यह जैनागम का ज्ञान-सुनादो पूज्यजी ॥ टेर ॥ इस शैली तुम्हारी प्रबल निराली सिखादो,सिखादो सिखादो पूज्यजी, यह जैनागम की रहस्य सिखादो पूज्यजी ॥ १ ॥ वाणी तुमारी सबको है प्यारी पिलादो ये पूज्यजी जिन

वाणी का जाम पिला दो पूज्यजी ॥२॥ तुम परम वैरागी, छती के त्यागी, दिखादो २ पूज्यजी, अनुचर को दर्श दिखादो पूज्यजी ॥३ सौम मुद्रा तुमारी,लागे है प्यारी दिखादो, २ पूज्यजी मन मोहनी मूर्ति दिखादो पूजयजी ॥ ४ ॥ मुनि वक्ता री अर्जी, सुन लीजो पूज्यवरजी,छुड़ादो२ पूज्यजी,इन कर्मों के फन्दसे छुड़ादो पूज्यजी॥

गुण गान नं० ४ तर्ज:—दो फूल साथ उघड़े ॥ यह

वैराग्य पूर्ण पूरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ।
हुक्मेश गच्छ गुणागर, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥टेक॥
शांति अजब तुम्हारी, है जगत बीच जहारी ।
संयम में आप सूरे, पूज्य खूबचंद हमारे ॥ १ ॥
रागादि दुर्गुणों को, कीने हैं नष्ट तुमने ।
कर्मों को नित्य चूरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥ २ ॥
वाणी अजब रसिली, अमृत बरस रहा है ।
किये नष्ट भव्य अंकुरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥ ३ ॥
तुम ज्ञान के हो सागर, नहीं पार है गुणों का ।
रहे दुर्गुणों से दूरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥ ४ ॥
महिमा तुम्हारी हम से, गाई नहीं है जाती ।
मुजामी मोम लूरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥ ५ ॥
कहता चरण का चाकर, 'चम्पक मुनि' उदयपुर ।
आशा हमारी पूरे, पूज्य खूबचन्द हमारे ॥ ६ ॥

गुण गान नं० ५

तर्ज—शुद्ध समकीत मुज़ मिल गई रे ॥ यह ॥
चतुर सह्रने प्यारा रे, हां पूज्य—हमारा ॥ टेर ॥

जन्मभूमि शुभ शहर निम्बाहेड़ा' किया आप जहाँ अवतारारे हाँ ॥१॥
पिता टकचन्दजी श्रावक पूरा माता गेन्दी का दुलारारे हाँ ॥ २ ॥
विक्रम सं० बावन मझारे, गुरुनन्द मुनिश्री धारारे हाँ पूज्य० ॥३॥
विनय सहित करके गुरु सेवा ज्ञान हृदय में धारारे ॥ हाँ ॥ ४ ॥
सत्यवा पूर सरल स्वभावी, शशी सम सोम दीदारार ॥ हाँ ॥ ५ ॥
त्याग वैराग्य जिन्हों का निर्मल,बाखे जगजन सारारे ॥ हाँ ॥ ६ ॥
वाणी अजब अमृत सम मीठी,शब्द सुललीत अति प्यारार॥हाँ॥७॥
कहाँ तक कहूँ मैं शुभ गुण परगम आवत नहीं कछु पारारे ॥हाँ॥८॥
भ्रमर रजित पुष्प तसुनामें कहे मुनि दास तुमारारे ॥ हाँ। ९ ॥

गुण गान न० ६ तर्ज :— नाटक की चाल

लगा ध्यान में यारों, पूज्य चरन में ॥ टेर ॥
मन मोहन है सूरत तुमारी दीदार आपका है गौर बरन में ॥
अजब निराली वाणी तुमारी एक बार और सुनाओ करण में ॥
लगा ध्यान में यारों पूज्य चरन में ॥ २ ॥
आचारज तीसेपद सोहे जैसे मुकट सोहे आभरन में । लगा ध्यान०
॥ ३ ॥ अब मुझने तारो कृपा कर स्वामी, सोहन मुनि आया
आप चरन में ॥ लगा ध्यान मेरा० ॥ ४ ॥

गुण गान न० ७ तर्ज:— कमली वाले की

आनंद का रंग यहाँ बरसाया पूज्य खूबचंद जी स्वामी ने ।
रास्ता शिवपुर का बतलाया पूज्य खूबचंद जी स्वामी ने ॥टेर
शान्ति का साम्राज्य किया अशांति क्लेश को दूर किया ।
सब प्रेम करो यह दरसाया पूज्य खूबचन्द स्वामी ने ॥ १ ॥
व्याख्यान मधुर पूज्य देते हैं श्रोताओंका चित्त हर लेते हैं।
आगम मिल मिल कर समझाया पूज्य खूबचन्द जो ॥ २ ॥

समकीतका पाया जमाय दिया,मिथ्यात्वतिमिर का नाश किया
वैराग्य का भानु चमकाया, पूज्य खूबचन्द जी० ॥ ३ ॥
कहे नाथू मुनि यश आप लिया,सत्य धर्म का खूब प्रचार किया।
दया धर्म का झण्डा लहराया, पूज्य खूबचन्द जी० ॥ ४ ॥

गुण गान नं० ८ तर्ज:— विछुडा की

अजब रसीली वाणी प्यारी लागे हो, पूज्य सीरी
खूब सुनाई जिन वाणी । अमृत से मीठी तुम वाणी ॥ १ ॥ टेर ॥
मिश्र २ कर समझावो, सूत्र सुनावो, हो पूज्य श्री ॥ खुब० ॥२ ॥
सात्वीक ज्ञान सुनायो, आनन्द पायो हो, पूज्य श्री ॥ खुब० ॥३ ॥
भवि वैराग्य में छावे, तुमपे लुभावे हो, पूज्य श्री ॥ खुब० ॥ ४ ॥
खूबचन्द तुम नाम थो, मुझ मन भावे हो,पूज्य श्री ॥ खुब० ॥ ५ ॥
नाथू मोहन मुनि गायो, भजन सुनाये हो, पूज्य श्री ॥ खुब० ॥६ ॥

गुण गान नं० ९

तर्ज:—नेम पिया की मैं तो दासी बनी ॥ यह ॥
पूज्य श्री की मैं तो, वानी सुनी, मैं तो वानी सुनी. ॥ टेर ॥
चोखो ज्ञान सुनाओ स्वामी, मुक्ती पथ बताओ ।
भूले हुये जगत जीवों को,सीधी राह दिखाओ ॥ मैं तो वानी० ॥
सत्य बात दरसाओ सब ने, कूड़ नहीं लवलेश ।
पतित पावन धर्म जगत में कहो वीर सन्देश ॥ मैं तो वानी० ॥२॥
विषय कषाय प्रमाद तजो सब, और तजो जगत का धन्धा ।
वीर वाणी का पान करो सब,मिटे चौरासी फन्दा ॥ मैं तो०॥३॥
संवत् उन्निसो साल तिराणु, लश्कर शहर में आया, ।
गुरु हुकम से नाथू सोहन मुनि, आय चौमासा ठाया ॥ मैं० ॥४॥

गुणगान नं० १० तर्ज—कम्लीवाले की

पूज्य 'रघु' ता सुयही यश लिया आकर के भारत भूमि में।
सत्य धर्म का भण्डा लहराया आकर के भारत भूमि में ॥ टेर ॥

यावन में दीक्षा धारी है, त्यागी पदवी आ धारी है।
जग से मोह ममत्व निवारी है आकर के भारत भूमि में ॥ १ ॥

षट् खण्डों के ज्ञाता हो स्वामी हो क्रियापात्र पूज्य परमामी।
वैराग्य का मानु चमकाया आकर के भारत भूमि में ॥ २ ॥

पूज्य धैर्यवान तुम पूरे हो और तप संयम में सूरे हो।
वाणी का अमीरस पाया है, आकर के भारत भूमि में ॥ ३ ॥

कह माधु मुनि और मोहन मुनि पूज्य राज हमारे बहुत गुणी।
अति पुण्योदय से पूज्य पाये, हमने तो भारत भूमि में ॥ ४ ॥

गुणगान नं० ११ तर्ज—ख्याल की

आपकी लगाई झड़ियाँ ज्ञान की पूज्य रघुनाथजी ॥ टेर ॥
मेवाड़ देश में शहर निम्बाहेड़ा है जग में विख्यात।
टेकचन्दजी पिता आपके, गंगीबाई मात हो ॥ पु १ ॥
सुख साधों से संयम लीना त्यागी परणी नार।
श्रीगुरु मन्नालाल समीपे महाव्रत लीना धार हो ॥ पु० २ ॥
ज्ञान ध्यान में मगन आप हो मन मीन जिम वारी।
धुर-वीर-गम्भीर धीर हो क्रियापात्र गुणधारी हो ॥ पु० ३ ॥
आचारज दीक्षा पद ऊपर, सोहो आप पूज्य लागे।
वाणी सरस रसीली आपकी सबको प्यारी लागे हो ॥ पु० ४ ॥
मत्व बधारी पुरुषों से हो सच्चा वैरागी।
तत्व ज्ञान में मगन आपकी सुरत मुक्ती से लागी हो ॥ पु० ५ ॥
माधु मुनि और मोहन मुनि तो पूज्य हुक्म से आया।
लश्कर शहर विराजी साल में आप चौमासा ठाया हो ॥ पु० ६॥

गुण गान नं० १२

तर्जः—मनमोहन मुरली वाले तुमको लाखों प्रणाम ॥ यह ॥
गेंदी बाई के नंद, तुमको लाखों प्रणाम २ ॥टेर॥

टेकचंदजी कुल उजियारे, युवा, वयमें, महाव्रत, धारे।
होने भवोदधि पारे तुमको लाखों प्रणाम २ ॥ १ ॥

पूज्य खूब चंदजी प्राण पियारे,जैसे तारा बिच चंद्र उजियारे।
जन्म निम्बाहेड़ा धारे ॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥२॥

वचन कला सुन हरषे सारे, सूत्र समवायाङ्ग का अधिकारे।
सुन्दर भाव उच्चारे ॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥ ३ ॥

शिष्य मण्डली संग लेय पधारे, विविध गुणों के हो भंडारे।
उपदेश से भवि जीव तारे॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥४

उन्निसो तिराणुं साल मझारे, जैपुर शहर में पूज्य पधारे ।
सेवक माधव पुकारे, ॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥५॥

गुण गान नं० १३

तर्ज—मनमोहन कृष्ण मुरारी, प्रभु अद्भुत महिमा थारी ॥ यह ॥
मनमोहन वाणी तुम्हारी, पूज्य खूब चन्द गुण धारी ॥ टेर ॥

जन्म स्थान शुभ शहर निम्बारो, पितु टेकचन्द गेन्दी नो प्यारो,
मेवाड देश सुखकारी, पूज्य खूबचद्र गुण धारी ॥ १ ॥

तरुण वय त्याग्यो जग सारो, अही कंचुक वत् तजि परिवारो,
साल बावन दीक्षा धारी, । पूज्य खूबचन्द्र गुण धारी ॥२॥

तन मन से करके गुरू सेवा, लिया ज्ञान अमृत रस मेवा,
श्री नन्द गुरू से उपकारी, । पूज्य खूबचन्द्र गुणधारी ॥ ३ ॥

शीतल आनन सोहे तुमारा, भानुवत् दीप रह्या दीदारा,
अद्भुत क्षमा भण्डारी, पूज्य खूबचन्द्र गुण धारी ॥ ४ ॥

गुणगान नं० १० तर्ज—कमलीवाले की

पूज्य 'सुख' तो सबही यश लिया आकर के भारत भूमि में।
सत्य धर्म का झण्डा लहराया आकर के भारत भूमि में ॥ टेर ॥

बालपन में दीक्षा धारी है त्यागी पत्नी जो नारी है।
जग से मोह ममत्व निवारी है आकर के भारत भूमि में ॥ १ ॥

बहु शास्त्रों के ज्ञाता हो स्वामी हो क्रियापात्र पूज्य परनामी।
वैराग्य का भानु चमकाया आकर के भारत भूमि में ॥ २ ॥

पूज्य धैर्यवान तुम पूरे हो और तप संयम में सूरे हो।
वाणी का अमीरस पाया है, आकर के भारत भूमि में ॥ ३ ॥

कहे माधु मुनि और सोहन मुनि पूज्य राज हमारे बहुत गुणी।
अति पुण्योदय से पूज्य पाये, हमने तो भारत भूमि में ॥ ४ ॥

गुणगान नं० ११ तर्ज—ख्याल की

आपकी लगाई लगियाँ नाम की पूज्य सुखलालजी ॥ टेर ॥
मेवाड़ देश में शहर मिण्डाहड़ा है जग में विख्यात।
देवलालजी पिता आपके, गेंदीबाई मात हो ॥ पु० १ ॥
शुभ भावों से संयम लीना त्यागी परणी नार।
श्रीगुरु नन्दलाल समीपे महाव्रत लीना धार हो ॥ पु० २ ॥
ज्ञान ध्यान में मगन आप हो मन मीन जिम वारी।
सूर-वीर-गम्भीर धीर हो क्रियापात्र गुणधारी हो ॥ पु० ३ ॥
आचारज टीका पद ऊपर, सोहो आप पूज्य लागे।
वाणी सरस रसीली आपकी सबको प्यारी लागे हो ॥ पु० ४ ॥
मत्य प्रचारी गुरुओं से हो सच्चा वैरागी।
रत्न ज्ञान में मगन आपकी, सूरत मुख से लागी हो ॥ पु० ५ ॥
माधु मुनि मार सोहन मुनि तो पूज्य हुकम से आया।
जसकर शहर विराजे साल में आप चौमासा ठाया हो ॥ पु० ६ ॥

गुण गान नं० १२

तर्ज—मनमोहन मुरली वाले तुमको लाखों प्रणाम ॥ यह ॥
गेंदी बाई के नंद, तुमको लाखों प्रणाम २ ॥टेर॥

टेकचंदजी कुल उजियारे, युवा, वयमे, महाव्रत, धारे।
होने भवोदधि पार तुमको लाखों प्रणाम २ ॥ १ ॥

पूज्य खूब चदजी प्राण पियारे,जैसे तारा बिच चंद्र उजियारे।
जन्म निम्बाहेड़ा धारे ॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥२॥

वचन कला सुन हरपे सारे, सूत्र समवायाङ्ग का अधिकारे।
सुन्दर भाव उच्चारे ॥ तुमको लाखों प्रणाम २ ॥ ३ ॥

शिष्य मण्डली संग लेय पधारे, विविध गुणों के हो भंडारे।
उपदेश से भवि जीव तारे॥ तुमको लाखो प्रणाम २ ॥४

उन्निसो तिरांणु साल मझारे, जैपुर शहर मे पूज्य पधारे ।
सेवक माधव पुकारे, ॥ तुमको लाखो प्रणाम २ ॥५॥

गुण गान नं० १३

तर्ज—मनमोहन कृष्ण मुरारी, प्रभु अद्भुत महिमा धारी ॥ यह ॥
मनमोहन वाणी तुम्हारी, पूज्य खूब चन्द गुण धारी ॥ टेर ॥

जन्म स्थान शुभ शहर निम्बारो, पितु टेकचन्द गेन्दी नो प्यारो,
मेवाड देश सुखकारी, पूज्य खूबचंद्र गुण धारी ॥ १ ॥
तरुण वय त्याग्यो जग सारो, अही कॅचुक वत् तजि परिवारो,
साल बावन दीक्षा धारी, । पूज्य खूबचन्द्र गुण धारी ॥२॥
तन मन से करके गुरू सेवा, लिया ज्ञान अमृत रस मेवा,
श्री नन्द गुरू से उपकारी, । पूज्य खूबचन्द्र गुणधारी ॥ ३ ॥
शीतल आनन सोहे तुमारा, भानुवत् दीप रहा दीदारा,
अद्भुत क्षमा भण्डारी, पूज्य खूबचन्द्र गुण धारी ॥ ४ ॥

पूज्य मुन्नालालजी पाटवीपायो, तुमने सिंचन कर सरसायो,
पीछा सत्य को धारी पूज्य खुब चन्द गुणधारी ॥ ५ ॥
श्री हुकम गच्छ में उत्तम आचारी आप रही गुरु सुमिर्ण धारी
पक्षा धर्म को हारी । पूज्य खुबचन्द गुरु धारी, ॥ ६ ॥
ईकाणु साल रतन पुरी आया, "चम्पक" मुनि ने भजन बनाया,
सुनाया सभा मझारी । पूज्य खुबचन्द गुरु धारी ॥ ७ ॥

गुण गान नं० १४

तर्ज—सुमिर अरिहंत चित्त आनन्द मुनि यो सौगुणी ॥ यह ॥
दरश तुमरो पायो पूज्य राज म्हारो हीवड़ो हुलस्या आज ॥ टेर
आप सुगुण निधि पूज्य जी सरे शान्त दयाभण्डार, भवियाँ को
तारण मानो जहाज । श्री हुकम चन्द पूज्य राज गच्छ में छट्ठे पाट
बिराज । दरश तुमारो पायो पूज्य राज ॥ १ ॥
मिलता अवसर मोजसे सरे साथ तणो अपार सुधा ने मिले
ज्युँ इच्छित नाज । नीर मिले प्यास्या को शीतल रङ्क पावे ज्युँ
राज ॥ दरश० २ ॥
त्यों शुभ दरशन आपको, सर्पूज्य मिलियो आज भैयकार, आप
हो माणिक्य सिर का ताज । वीर वाणी फरमावो सभा में केसरी
सिंह ज्यों गाज ॥ दरश० ३ ॥
विनय सम्पन्न और धैर्यता का गुण तुम में अधिक सोहाय मिष्ट
और मीठी तुमरी आवाज । कृपा किया पूज्य राज हमारा पालिया
आवे मान ॥ दरश० ४ ॥
खुबचन्द पूज्य राजकी सरे तुमरी महिमा विशाल आप हो
भवियाँ के सुख साज । चरणाँ का सेवक सुखमुनि की दर्शिये
हमेशा आज ॥ दरश तुमरो पायो ॥५॥

गुण गान नं० १५

तर्ज—मेरे प्रभु मुझे न दिल से भूल ॥यह॥

परम पूज्य खूबचन्दजी अणगार। शुद्ध भाव से संयम पाले, है
उनकी बलिहार॥ परम ॥ टेर ॥

पिता आपके टेकचन्दजी, गौत्र जेतावत धार। गेंदीबाई मात
कुख में, जन्म निम्बाहेडा मझार॥ परम० ॥१।

छोड़ असार संसार आपने, त्यागी परणी नार। युवावय में ही
आपने, लीना महाव्रत धार। परम० ॥ २ ॥

संग में शिष्य सुखमुनिजी, मिलनसार गुणधार। वैराग्य मयी
व्याख्यान आपके, सुन हर्षे नर नार॥ परम० ॥ ३ ॥

तपस्वी मुनि श्री छब्बालालजी, तप करे दुक्करकार। बड़े २ थोक
किये तपके, साधन मोक्ष का द्वार॥ परम० ॥ ४ ॥

श्री मुनि हीरालालजी, लघुवय व्रत लिया धार। वाणी आपकी
है पियकारी, हंस मुखी दीदार॥ परम० ॥ ५ ॥

श्री मुनि नानकरामजी, करत भजन श्रेयकार। नव दीक्षित दीप
मुनि जी, गुरू सेवा में रहे लार॥ परम० ॥ ६ ॥

साल तियासी जैपुर मांही, किया चौमासो सुखकार। सेवक
माणुलाल विनवे, लुल २ बारम्बार॥ परम० ॥ ७ ॥

गुणगान नं० १६

तर्ज=श्री जिन मुझने पार उतारो ॥ यह

पूज्यवेगा चित्तौड़ शहर पधारो। नित राह जोवे नर नारो। टेर॥
पूज्य खूबचन्द तुम नाम पियारो, हो सुगुण भंडारो।

दर्शन आपका अति प्रियकारी, देख हर्षे मन म्हारो ॥ पूज्य० १ ॥
भवसागर बिच जहाज हमारो तुम बिन कौन आधारो।
अहसान भारी होगा हमको देवो आप सहारो ॥ पू० २ ॥
रेलिया, तमेटी की अर्जी है स्वामी संग शिष्य लेय पधारो।
बड़ा बड़ा सैन देख पूज्यवर, सूखो मती सैन मारो ॥ पू० ३ ॥
निरखत नैन अपति नहीं होव, छ्मारयो मन मारा।
सुयश आपको जगत में स्वामी कथा न आवे किनारो ॥ पू० ४ ॥
हाथ जोड़ सिरनाय कहुँ पूज्य अर्जी शीघ्र अब धारो।
पावन करन चितौड़ शहर को, हुकम देवो इस वारो ॥ पू० ५ ॥
सम्वत् उन्निसा साल तिरासी, जयपुर शहर मझारो।
अर्ज करे सैंघ आय चरन में पधारो हासी अवधारो ॥ पू० ६ ॥

गुण गान नं० १७ तर्ज—रसिया की

दरशन पाया श्री पूज्यवर का मेरा राम २ हरषाय ॥ टेर० ॥
रात दिवस दरशन की इच्छा रहती दिल के मांय।
पुण्य उदय हुआ आज पूज्य का अवसर मिलिया आय ॥ दर० १॥
दरशन आपका आनन्दकारी भव बन्धन दे छुड़ाय।
जिन शासन शृंगार आप हो उपकारी सुखदाय ॥ दर० २ ॥
ज्ञान निधि उत्तम आचारी, सरल भाव दिल मांय।
निर अभिमानी विनय सम्पन्न हो धन २ तुम पितु माय ॥दर०३॥
प्रवर पंडित गुरु वय आपके नन्दलालजी मुनिराय।
पाद विभूषित पदधारी जैन सम्प्रदा मांय ॥ दरशन० ४ ॥
खूबचन्द्र पूज्य राज आपके, बड़े शिष्य समुदाय।
दरशन कर चित्त प्रसन्न हुआ सुख मुनि गुण गाय ॥ दरशन० ५ ॥

गुण गान नं० १८

तर्जः—क्यों-भूलिया दीवाने, दुनियां में सार नाहीं ॥ यह० ॥

पूज्य खूबचन्दजी का, सुयश यह छा रहा है । सुन २ के उनकी महिमा, आनन्द यह आ रहा है ॥ टेर० ॥

सद्ज्ञान के भण्डारी, सोमाकृति तुमारी ,। मुनियों का वृन्द तुम से शोभा, यह पा रहा है ॥ पूज्य खूबचन्दजी का० १ ।

तुम भानु ज्ञान के हो, और पोत सम हो तारक, । सुशिक्षा धार तुमरी, भविपार पा रहा है ॥ पूज्य खूबचन्दजी का० २ ॥

उपदेश सरस तुमरा, भवि जीव सुन २ के, । सुश्रद्धा धार सुध मन, खुशियां मना रहा है ॥ पूज्य खूबचन्दद्रजी का० ३ ॥

सुश्रद्धा धैर्यता का, तुम मे यह गुण है भारी, प्रिय वाणी नित्य तुमारी, भविजन यह चाह रहा है ॥ पूज्य खूब० का ४ ॥

यह शहर जावरा का, श्री शान्ति नाथ मण्डल । पूज्यवर तुमारी महिमा प्रति दिन यह गा रहा है ॥ पूज्य खूबचन्दजी का० ५ ।

गुण गान नं० १६ तर्ज ख्याल की ।

रे, पूज्य जी पधारे जयपुर शहर में ॥ टेर ॥

आनन्दकारी दिवस आज का, भला हुआ महाराज ।
दरश दिया शुभ आपने सरे, सरीया वांछीत काज हो । शु० ॥१।

तिराणु साल चौमासा कारण, करिपा कीनी दयाल ।
ठाना सु पधारिया सरे, वरते मंगल माल हो ॥ शुभ० ॥ २ ॥

आप सुगुण निधि पूज्यजी सरे, ज्ञानादि गुण के धार ।
नन्द गुरु की सेवा करके, भरिया ज्ञान भण्डार हो ॥ शुभ० ॥३॥

यथा काल से चातुर्मास की लाग रही थी लाग।
आशा सफल अब हुई है स्वामी फलिया हमारा भाग हो ॥ग्रम
सुप चन्द्र पुष्पराज आपकी, महिमा देश विदेश।
गुण आपका कहां तक गावें बुद्धि हमारी लेश हो ॥ ग्रुम० । ३ ॥
त्यागी ध्यानी और वरागी तुम गुण किया किम जावे।
किंचित गुण बुद्धि अनुसारे, सिरह ईवर रूप गावे ही ॥ग्रु० ॥४॥

गुण गान २०

तर्ज—तुम तो कहते हो, घनश्याम आते नहीं,यहा॥
पुष्पराज मिठी है वाणी तुम्हारी। लागे प्यारी हमको यह सूरत तुम्हारी ॥ टेर ॥
है वीरों की भूमि शहर निम्बाड़ा पिता टेकचन्द् जी नेम्ही महतारी ॥ पुष्पराज मीठी है वाणी तुम्हारी ॥ १ ॥
उन्निसौं बावन में लीनी है दीक्षा तजि नार, गुरुपे हुए ब्रह्मचारी
पुष्पराज मीठी है बाणी तुम्हारी ॥ २॥
भरा रूप यान पूरा क्यों दरिया । जैनागम के ज्ञाता अद्वितीय भारी ॥ पुष्पराज मीठी है वाणी तुमारी । ३ ॥
मुनि 'सुख' तुम खूब वैराग्य भई हो । है चन्द्रसी निर्मल ये आतम तुम्हारी ॥ पुष्पराज मीठी है वाणी तुमारी ॥ ४ ॥
करे आप सोहन मुनि यों विवेचन । की महिमा किंचित यह पूज्य तुम्हारी ॥ पुष्पराज मिठी है वाणी तुम्हारी ॥ ५ ॥

गुण गान नं० २१

तर्जः—कमली वाले की ।

मखतर, जिन धर्म का चमका, भारत में, मेरे-पूज्य चरने।
मौर जैनका भराडा लहराया, भारत में मेरे पूज्य वरने। टेर०॥
उन्निसो तीस का सम्वत् में, निम्बाड़ा शहर में जन्म लिया
आनन्द ही आनन्द वरसाया, भारत में, मेरे-पूज्य वरने० ॥ १ ॥
सम्वत उन्निसो बावन में, संसार, असार, लख, तजदीना।
गुरु नन्दलाल धारन कीना, भारत में, मेरे-पूज्य वरने। २ ॥
है शान्त दांत और धैर्य आदि, गुण के धारक श्री खूबचंदजी।
वैराग्य का आदर्श दिखलाया, भारत में, मेरे-पूज्य वरने ॥ ३ ॥
मुनि राम कहे शुद्ध जैन धर्म के, तत्वज्ञान का बोध करी।
सन्देश वीर का बतलाया, भारत में, मेरे, पूज्य वरने ॥ ४ ॥

गुण गान नँ० २२ "कवित"

करत उजाला आला, शरवरीश, निश ही में, पूज्य का उजाला ज्ञान रचत स्वछन्द को। तू तो-शशी-देता सुख,निश में संयोगिन को, पूज्य ज्ञान, देदे करें, मुक्ति आनंद को।
व तो सुख देता है, सागर की लहरों को, करते प्रदान पूज्य सुख यश मकरंद को। पूज्य गुण गाऊँ, हृदय सिद्धों को मनाऊँ, मैं चंद को सराहू, या पूज्य खूबचंद को॥ १ ॥

मालाकार अलङ्कार "कवित"

अग्नि तृण गठपर, मठाधोश मठ पर, ज्ञानवान शठ पर, करत प्रबंध हैं। अर्क तम तर्क पर, घनश्याम वर्क पर, फर्कपर जसे सत तर्क चौचंद हैं॥ बाज लवा वृन्द पर, राहू जिम चंद पर, पाला अरविंद पर, पुष्प मकरंद हैं। मोहन महान वान,वानन के वृन्द पर,खूब खूबचंद पर पूज्य खूबचंद हैं॥ २॥

पञ्चमपट्ट बाल ब्रह्मचारी, थे तेजस्वी प्रचन्ड, ।
मुनाचार्य शांति में शशी सम, प्रताप में मार्तन्ड, ।
संघ हितषी अमर कीर्ति-धर, खंड किया पाखंड हो ॥ आ० ५ ॥
विद्यमान षष्टमे पट्ट सोहै, खूबचन्द्र महाराज, ।
धैर्यवान् विद्या भंडारी, तारण तिरण जहाज, ।
'सुखमुनि' तीजा पद को ध्यावे फूल २ कर आज हो ॥ आ० ६ ॥
युवाचार्य्य श्री छगनलालजी, जैसे दुतियाचन्द, ।
यश वैभव नित बढ़े आपका, वरते नित आनन्द ।
उन्नति होवे जैन धरम की, बढ़े मुनि का वृन्द हो, ॥ आ० ७ ॥

गुण गान नं०

तर्जः— मनाऊँ ली मैं, पारश प्रभू- परमेश ॥यह॥

गाऊँजी मैं तो, पूज्य श्री का गुण गान० ॥ टेर ॥
निर्दूषण निम्बाहैड़ा के, पूज्य श्री गुण खान ।
टेकचन्द पितु धर्म के टेकी, जिनके पुत्र सुजान, ॥ गाऊँजी ॥ १
माता श्री गेन्दी गुणवन्ती, देवी श्री समान, ।
पुत्र रत्न प्रगटाया जिसने, द्वीतिय धार्मिक भान ॥ गाऊँजी ॥ २
विद्यासागर वाद विजयी, गुरूनन्द लाल सुजान ।
जिनपे दीक्षा धारण कीनी,करण आतम कल्यान, ॥ गाऊँजी० ३
सम्वत् उन्निसो साल, बावन, शहर नीमच दरम्यान, ।
पञ्च महाव्रत धारन कीने, धरप्रभू का मन ध्यान, ॥ गाऊँजी० ॥
मोहित किया पूज्य, भविको दिया मोक्ष प्रद ज्ञान, ।
विधर्मीको धर्मी बनाये, फाड़ मिथ्या तूफान, ॥ गाऊँजी० ॥

नर नारी बने प्रेम पुजारी, देख पूज्य गुणवान, ।
आये भवा मुनि वचनोंपे,सत्य की करी पहिचान ॥ मार्ज्जी ॥
आये मान पाखण्डी मत के, बचा-धर्म को ज्ञान ।
कर्म कलंक को मार हटाया धनुष ज्ञान का तान ॥ मार्ज्जी०॥ ४
विमल विवेकी ज्ञान मुनीश्वर, कीये पूज्य महान, ।
शान मानका चोल बढ़ाकर, मिथ्या तमकी हान ॥ मार्ज्जी ॥ ५
पूज्य श्री आचार्य्य सुवचन्द शीतल चन्द्र समान, ।
सविनय विनय मुनिचन्द करके चाहे गुणवत ज्ञान, ॥मार्ज्जी॥

गुण गान नम्बर तर्जः—कमली वाले

खूबी से खूब प्रचार किया जिनमत का पूज्य सुवचंदने ॥टेक ॥
जहां बड़े बड़े मिथ्याती थे मत के महान्ध उत्पाती थे ।
मिथ्यामत के ही साथी थे समझा दिया पूज्य सुवचंद ने ॥ १ ॥
समकिती बनाये बहुतेरे, अधोगति में जाते नर फेरे ।
जब दयाकी दृष्टी से हेरे, अपना किया पूज्य सुवचंदने ॥ २ ॥
मालिक वाली पर हुआ जगत दर्शाकर गुरु के हुये भक्त ।
नर नारी करके सुमति, दर्शा किया पूज्य सुवचंद ने ॥ ३ ॥
छाये हैं दया दृष्टि भारी लख पन्थ देखे सब संसारी ।
करके करुणा पर उपकारी भय दूर किया पूज्य सुवचन्द ने ॥४
बिन स्वार्थ दर्शन करते हैं संकट सब जग के हरते हैं ।
सिर चरण मुनीचंद धरते हैं, मम सासिया पूज्य सुवचंद ने ॥५

⊙ इति शुभम् ⊙

" किञ्चित् वक्तव्य "

श्रीमद् ग्याता धर्म कथाङ्गजी सूत्र में २० बोल तीर्थंकर गोत्र नाम कर्म उपार्जन करने का फरमाया है। उन बोलों में श्री आचार्य जी महाराज के गुण गान करने का भी उल्लेख है। अतः उसी ध्येय को सम्मुख रख यह "श्रीमद् आदर्श आचार्य गुणगान पेटी" नामक पुस्तक प्रि०व्या० श्रीसुखमुनिजी महाराज साहब के प्रयास से अतीव प्रसन्न हो छपवाई है।

आशा है कि गुणानुरागी सज्जनवृन्द श्री आचार्यजी महाराज साहब के गुणगान कर आत्म कल्याण करेंगे।

प्रकाशक—

पुस्तक मिलने का पता—

१ श्रीमान् सेठ गोर्धनलालजी कन्हैयालालजी कामड़,
स्थानक वासी जैन
मु० मालपुरा (राज सवाई जयपुर)
पो बघरा।

२ मन्त्री श्रीमहावीर जैन युवक मित्र मण्डल,
ठि० गेंगानी चौक शहर मन्दसौर,
(मालवा)

३ श्रीमान् सेठ पन्नालालजी मालीचन्दजी जौहरी
ठि० जौहरी बाजार जैपुर (सीटी)

जयपुर प्रिंटिंग वर्क्स चौड़ा रास्ता जयपुर।

वन्दे वीरम् ।

* गुरु गुण नामकी गुणावली *

रचयिता

प्रसिद्ध वक्ता जगत वल्लभ पंडित रत्न मुनिश्री चौथमलजी
महाराज के गुरु भ्राता तपस्वीजी श्रीमयाचन्दजी
महाराज के शिष्य मुनिश्री राजमलजी महाराज

प्रकाशक

श्रीमान् सेठ फुलचंदजी तांतिया की
धर्म पत्नि-आनन्दीबाई की तरफ से भेट
मु० पो० वाडीवरा जि. नासिक

[श्री जैनोदय प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम.]

वन्दे वीरम्।

* गुरु गुण नामकी गुणावली *

रचयिता

प्रसिद्ध वक्ता जगत वल्लभ पंडित रत्न मुनिश्री चौथमलजी
महाराज के गुरु भ्राता तपस्वीजी श्रीमयाचन्दजी
महाराज के शिष्य मुनिश्री राजमलजी महाराज

प्रकाशक

श्रीमान् सेठ फुलचदजी तांतिया की
धर्म पत्नि-आनन्दीबाई की तरफ से भेट
मु० पो० वाडीवरा जि. नासिक

प्रथमावृत्ति ५०० } अमूल्य भेट { विराब्द २४५७ वि सं १९८८

निवेदन

प्रिय पाठको! यह बात तो जगत में विख्यात है कि गुरु पद सबसे उच्च कोटि का है। गुरु कृपा से ज्ञान प्राप्त होता है। इसीलिये गुरुपद सर्व श्रेष्ठ माना गया है। किसीने ठीक कहा है

गुरु गोविन्द दोनों खडे, किसके लागू पाय।
बलिहारी गुरु देव की, गोविन्द दिया बताय॥

ऐसे गुरु महाराज का पूर्ण रीति से गुन गान करने की किसीकी सामर्थ्य नहीं है तथापि अल्प बुद्धि के अनुसार गुरुवर्य की कीर्ति के भजन बनाये हुये शास्त्र विशारद पूज्यवर श्री १००८ श्री मन्नालालजी महाराज के सम्प्रदायके जगत वल्लभ प्रसिद्ध वक्ता पंडित मुनि श्री १००५ श्री चौथमलजी महाराज के गुरु भ्राता तपस्वी श्री १००५ श्री मयाचन्द्जी महाराज के शिष्य मुनि श्री राजमलजी महाराज की कृपा से मुझे प्राप्त हुए है उन्हें श्रीमान सेठ भीवराजजी साहिब के द्रव्य की सहायता से पुस्तक रुप में छपवा कर प्रिय बन्धुवों के कर कमलों में सादर भेट की जाती है। आशा है कि आप इसे पढकर आत्मिक लाभ उठावेंगे।

निवेदन

कोठारी—रतनसिंह जैन हाल मुकाम बम्बई

खुस खबर

<<।।।>>

हमारे महोपर पूज्यवर शास्त्र विशारद श्री मजैनाचार्य पूज्य श्री १००८ श्री मन्नालालजी महाराज के आज्ञानुयायी जगत वल्लभ प्रसिद्ध वक्ता पंडित मुनि श्री १००७ श्री चौथमलजी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री बड़े नाथु-लालजी महाराज मनोहर व्याख्यानी मुनि श्री वृद्धिचंदजी महाराज मुनि श्री राजमलजी महाराज ठाणा ४ से सुख शांति से हमारे यहां पधारे। महाराज श्री का २ ३ व्याख्यान जाहिर हुवा। महाराज श्री का उपदेश सुनकर हमारी इच्छा हुई के आपके विराजने की खुशी में गुरु गुण नाम की गुणावली नामक पुस्तक छपवाकर सब सज्जनों के कर कमलों में भेट की जाय। आशा है कि आप इसे पढकर आत्मिक लाभ उठावेंगे।

महाराज साहब का उपदेश से यहा के सब भाईयों भाईयोंने मीलकर सालमें लगभग २००-२५० रुपये परोपकार में लगाने का स्वीकार किया है।

आपका शुभ चिन्तक

रामचंद्र हजारीमल महार मु बाखीयरा

॥ ॐ ॥

 # गुरु गुण नामक गुणावली ।

मङ्गला चरण

संसार दावानल दाह नीरं संमोह धूली हरणे समीरम् ।
माया रसादारण क्षीर, नमामि वीर गिरिसार धीरम् ॥

न० १ तर्ज—शालभद्र महाराज ॥

पूज्य मुन्नालालजी महाराज मुल्क में जहारी २ मुल्क में जहारी २ । तपस्वी मोटा बालचन्दजी अपनी आतमा तारी ॥ टेर ॥ मालव देश के माहीने मरे रतनपुरी गुल ज्यारी, पिता आपका रतनचन्दजी माता नान्दी है गुणधारी ॥ १ ॥ संवत उन्नीमे माल अडतिसे दीक्षा की दिल में धारी, गुरु भेट्या श्रीरतनचन्दजी ज्ञान तणा भण्डारी ॥२॥ वाणी आपकी प्यारी लागे सूरत मोहन गारी, दरशन कर कर आपका हुलमाते नरनारी ॥ ३ ॥ पूज्य उदयसागरजी की सेवा कीनी आप बडे उपकारी, ज्ञान ध्यान से प्रेम लगाया आप बडे गुणधारी ॥ ४ ॥ कहांतक गुण वर्णन करूं आपका तुच्छ बुद्धि हमारी, इन्दोर शहर में किया चौमासा वर्त्या मंगलाचारी ॥ ५ ॥ संवत उन्नीमे साल तियासी आया सेके कारी, मुनि राजमल चरणा में आया ज्ञान दिया हितकारी ॥ ६ ॥

नं० २ तर्ज–मोहन गारारे

मारा पूज्य श्रीजी का दरशन करवा जावनारे,दरशन करके चरणों में सिर झुकावनारे ॥ टेर ॥ पूज्य मुन्नालाल जी नाम आपका रतलाम शहर है ग्राम, छवि ऋद्धि सब छोड़ संयम पावनारे ॥ १ ॥ आपका अमरचंदजी तात माता नांदी के अंग जात, फिरतो वाणी अमृत खूब बर्षाव नारे ॥ ॥पूज्य उदयसागरजी के पास दीक्षा लीनी आपने खास, आप रहता हरदम पास पूज्य श्रीकी सवा खूब बजा वनारे ॥ ३ ॥ ज्ञान ध्यान बहुतसा कीना कीर्ति सुयश जग में लीना, तपस्वी बालचन्दजी आप का हुकम उठावनारे ॥ ४ ॥ संवत उन्नीसे निवासी साल आया इनवो सेकेकार, मुनि राजमल चरणों का चाकर गुण नित्य गावनारे ॥ ५ ॥

नं० ३ तर्ज–थियेटर

माता राजाजी के लाल,छट गाया प्रतिपाल, बड़े मुनि जवाहिरलाल स्थविर आचारी २ चमाके सागर गुणों के आगर, महिमाजी महिमा फेली अपार, गुणगावे नरनार, अर्ज मेरी स्वीकार, दीजो भवसिंधु तार, करो महेर २ महेर ३ महेर ३ ॥

नं० ४ तर्ज—पनजी

सब गुण गावारे २ मुनि नन्दलालजी पास ब्रह्मचारी ॥ टेर ॥ मेवाड़ देश के मांहेनीसरे केजड़ा ग्राम है भारीरे त आपका रतनचंदजी माता रामकंवर मेहतारी ॥ १ ॥

तीनों भाई संयम लीनो छति ऋद्ध छिटकाईरे, गुरु आपका जवाहिरलालजी ज्ञ न तणा भंडारीरे ॥२॥ चर्चा कीनी आप गुरुजी गाम निम्बाहेडा माहीर, पाखडियों को भगा दिया है देदे सूत्र का न्याईरे ॥ ३ ॥ संवत उन्नीसे साल मित्यासी पूना शहर मुक्र रीर मुनि राजमल की यह अरजो है दीजो तारीरे ॥ ४ ॥ इति

नं ५ तर्ज--प्यारा लगे सुधर्मा स्वामी ॥

गुरु हीरालालजी पडित ज्ञानी उनकी महिमा मुल्कों में जानी ॥ टेर ॥ पिता रत्तनचंद्जी कहाया माता गजी बाई ने जाया, आपने संयम की दिल में ठानी ॥१॥ दोनों भाई साथमें संयम लीना फिर ज्ञान ध्यान खूब ही कीना आपकी मीठी अमृत वाणी ॥ २ ॥ गुरु जवाहिरलालजी ज्ञान के दाता दोनों भाई को ज्ञान सिखाता, फिर तो गुरु की आज्ञा आपने मानी ॥ ३ ॥ आपके शिष्य चौथमल जी मोटा तपस्वी मयाचंद्जी है छोटा जाने तपस्या करकर काया सुखानी ॥ ४ ॥ मुनि राजमल ने चरणो में सिर झुकाया, मैंने तो आज सब बीच गुण गाया केवल ज्ञानी से बात नहीं कोई छानी ॥ ५ ॥ इति

न० ६ तर्ज--थिएटर ॥

देवीलालजी महाराज तरन तारन की जहाज सान्या आत्मा का काज आप मोटा मुनि ॥ १ ॥ सुद्ध संयम पाली आत्मा उजाली महिमा जो महिमा फेली अपार राजमल की अरदास

फली मन की जो आस मिले मुक्ति का वास रे वास रे
वास रे ॥ ३ ॥

नं० ७ सर्ज—पनजी ॥

मोहन गारारे २ मुनि देवीलालजी लागे प्यारारे ।।टेर।। पिता आपके माणिकचदजी, तपस्वी मोटा अणगारारे। माता आपकी सतवन्ती ने संयम धारारे ॥ १ ॥ मात पिता और दोनों भाई, छोड़ा सब परिवारारे। गुरु भेट्या भीजवाहिर लालजी शान्ति के करने वालारे ॥ २ ॥ संयम लेकर आप गुरुजी, आप गुरुजी आतम काज सधारारे। कीर्ति फैली मुल्का माही गुण गावेछे सारारे ॥ ३ ॥ जगत वल्लभ मुनि चौथमल की कृपा कर मुझ तारेरे। एकबीस दिनकी तपस्या कीनी, गुरु देव हमारारे ॥ ४ ॥ साल इठयासी बम्बई शहरमा आया सत अठारार। मुनि राजमलने सवा कर कर आपकी शिक्षा धारारे ॥ ५ ॥

नं ८ सर्ज—पनजी ॥

तपस्वी भारीरे २ मुनि बालचदजी परउपकारीरे ॥ टेर ॥ पिता मोडीरामजी माता धनी बाई है धारीरे रतनपुरी में जन्म हुवा मगट्या आप अवतारीरे ॥ १ ॥ मात पिता से आज्ञा लेइने दीक्षा दिल में धारीर। गुरु भेटया भीरतनचन्द जी गुण भंडारीर ॥ २ ॥ देश देश में आप विचरकर दिया सब जीवों को तारीरे। पजाब देश में आप पधान्या गौवां को आप उबारीरे ॥ ३ ॥ पूज्य मन्नालालजी गुरु मोई आप

का सेवा करी हरबारीरे। तपस्या कर कर आप मुनिजी आतम काज सुधारीरे ॥४॥ संवत उन्नीसे साल इठ्यासी जोड़ करी तयारीरे। मुनि राजमल ने गुणगाया है दीजो तारीरे ॥५॥

नं० ९ तर्ज पूर्ववत्

सुनो नर नारीरे २ मुनि खुबचंदजी की वाणी प्यारीरे ॥ टेर ॥ गुरु आपका नन्दलालजी चर्चा में वलकारीरे। भव जीवों को उपदेश देयके दीना तारीरे ॥ १ ॥ बड़ा शिष्य कस्तुरचन्दजी तम्या तणा भंडारीरे। केसरीमलजी लघु शिष्य को ज्ञान दिया हितकारीरे ॥ २ ॥ एक ठाणा है सुखलालजी गायन कला में भारीरे। वाणी प्यारी कंठ रसीला सभा खुशी होवे सारीरे ॥ ३ ॥ मुनि हर्षचन्दजी सूत्र सुनावे भिन्न भिन्न कर समझायारे। विनयवंत मुनि हजारीमलजी को ज्ञान सिखायारे ॥ ४ ॥ धैर्यवान हो आप गुरुजी समता दिल में धारीरे, छना सुखाने आप छोडी ने त्यागी परणी नारीरे ॥ ५ ॥ संवत उन्नासे साल इठ्यासी आया सेककारीरे मुनि राजमल ने गुण गाया है बम्बई शहर मुजारीरे ॥

न०१० तर्ज—सुमर नर महावीर भगवान ॥

मेरे तो गुरु माता केसर के लाल। परम गुरु परउप कारी को नाम लेवो हरबार ॥टेर॥ नाम आपका चौथमलजी जग-प्रिय जग-हितकार। मुक्ति जाने के लिये आपने लिया अवतार ॥ १ ॥ सिर का सेवरा हार हियाका तुम हो प्राण आधार। आप सरीखा गुरुजी मिल्या हमको मुझको

तारण हार ॥ २ ॥ संसार सागर के बीच में पाप करताथा अपार। कृपा करी आप गुरुजी दीना संयम भार॥३॥प्रगटया भव जीवों के लिये छकाया रक्षपाल कहां तक गुण वर्णन करूं आपकी महिमा अपरंपार ॥ ४ ॥ भवत उन्नीसे साल सित्यासी हिवड़ा शहर मुझार । गुरु हुक्म से किया चौमासा बरत्या मंगलाचार ॥ ५ ॥ मुनि भेरूलाल जी और वृद्धिचन्द्रजी ज्ञान तणा भंडार । मुनि राजमल चरणों का चाकर सेवा में आया लार ॥ ६ ॥

नं० ११ तर्ज—थिएटर

गुरु चौथमलजी हितकार, पधार ज दिया दर्श इस्वार। कीनो भारो उपकार, मुनि बहुत गुणी २, करुणा करी हमको गुरुजी, २ दीजोजी दीजो भवसिन्धु से तार राजमल की पुकार,दीजो जन्म सुधार। मरी अरजी स्वीकार गुरु देव ३ देव ३ देव ३ ॥

नं० १२ तर्ज—पनिहारी ॥

छति म्हादि सुम छोड़ीने, गुरुवरजीओ, मुनिवर जीओ, फिर त्यागी परणी नार ॥ टेर ॥ देश मेवाड़ के मापने मुनिवरजीओ, कडे नीमच शहर विख्यात मुनिवर जीओ ॥ गंगारामजी तात है मुनिवरजीओ माता केशर के अंग जात मुनिवरजी ॥ १ ॥ उन्नीसे बावन साल में मुनि वरजीआ चढ्यो वैराग्य जो खास मुनिवरजी दीक्षा लीनी है आपने मुनिवरजीओ,गुरु हीरालालजी के पास मुनिवरजीआ

॥ २ ॥ वाणी रसीली आपकी मुनिवरजीओ भव जीवा हितकार मुनिवरजी कीर्ति अहो निशी आपकी मुनिवर जीओ गाय रह्या नर नार मुनिवरजी ॥ ३ ॥ उन्नीसे सत्यासी साल में मुनिवरजीओ, आया, दौंद में सेखे काल मुनिवरजी, राजमल गुण गाविया मुनिवरजीओ, दीजो भवोदधि तार मुनिवरजी ॥ ४ ॥

नं० १३ तर्ज—हे प्रेभो आनन्द दाता ॥

हे गुरु! तुम ज्ञान दाता, ज्ञान हमको दीजिये, दर्शनों की लौ लगी है दर्श हमको दीजिये, कृपा कर के आप गुरुजी हिवडा पावन कीजिये, करुणा सिन्धु करुणा करके दया हम पर कीजिये। अमृत वाणी के प्यासे हम है आके बरसा दीजिये,अज्ञान निद्रा छा रही है आके जगा दीजिये। गुरु चौथमलजी से विनंती है ध्यान इसपर दीजिये, जैनशाला आप यहा पै आके खुला दीजिये ॥ हम सब बालक अर्ज करते स्वीकार जल्दी कीजिये महेर करके श्री गुरुजी हुक्म फरमा दीजिये ॥ इति ॥

नं० १४ तर्ज—ख्यालकी ॥

मुनी शंकरलालजी कियो चोमासो आगर शहरमें ॥ टेर ॥ मेवाड देशके माही ने सरे ग्राव मंगाना भारी, पिता आपके जिवन सिंहजी माता जडाव बाइ हे थारे हो ॥ टेर ॥ संवत उन्नीसो इकसट के सालमें दीचाकी दिलमे धारी, गुरू भेट्या श्री चौथमलजी ज्ञान तणा भन्डारी हो ॥ २ ॥

साथी आपकी प्यारी लागे सुरत माहन गारी दरशन कर कर आपका हुलसामे नरनारी हो ॥ ३ ॥ गुरू भाइ आपका सेवाकमदजी समता के गुण धारी, ध्यान ध्यानमें रहे मगन मो है पूरे आज्ञाकारी हो ॥४॥ संमत् उन्नीसो साल चौरासी, भये ध्यान हुआ भारी। पूज्य हुकम से किया चौमासा, वरत्या जय जय कारी हो ॥ ५ ॥ साधु साधवी श्रावक श्राविका, चार तीर्थ गुनधारी । मुनि राजमल चरणों का चाकर को, माज दिया है भारी ॥ ६ ॥

नं० १५ में मन्दू गणधर ॥

मन्दु मुनि शंकरलालजी जिनकी चाली रमीनी न्यारी। न की छटा देखी मैंने कैसी निराली ॥टेर॥ विद्या क स गर आप पूरे बुद्धि के बली, मोहनी सुरत आपकी मान लागी च है ली ॥ १ ॥ तेरा पच्चासे चखो जो किनी कई ग्रन्थन खोली उपदेश दिया लोगको जब भ्रमना टली ॥ २ ॥ चौमासा किया आपने दया बहुलसी पली, दया धर्म की फतेहने बमाते हो भली ॥ ३ ॥ बहुत काल से दर्श किया म ॥ कामना फली। मुनि राजमल को दीजो अब ज्ञान की सली ॥ ४ ॥

नं० १६ तर्ज—छोटी बड़ी सईयां ॥

तपस्वी मोतीलालजी महाराम को सचा माती जानना ॥ टेर ॥ मात पिता से आज्ञा लेकर, हाँ लीना संयम जब आप किया तो शुद्ध पालना ॥१॥ गुरु भेय्या पूज्य मुन्नालाल

जी हां सूत्र तणा भण्डार, सेवा में चित्त लगावना ॥ २ ॥ गुरु चौथमलजी के साथ पधार्‍या, हां शहर उदेपुर माय, तेहतीस की तपस्या ठावना ॥ ३ ॥ महाराणाजी ने दर्शन कीना हां उस रोज अगता पलाय अमर जीव छुडावना ॥ ४ ॥ बारा ठाणा से किया चौमासा हा त्रियासीकी साल, नर नारी हुलसावना ॥ ५ ॥ मुनि राजमल तो अरज करता हैं, हां मिलनो मुक्ति नो वास सफल होवे भावना ॥ ६ ॥

नं० १७ तर्ज--लावणी ॥

ए छगन मुनिसर आप बड़े आचारी २ गुरु भेट्या श्री चौथमलजी अवतारी ॥ टेर ॥ ॥ तात आपका रतन मुनि अणगारी, बडे अणगारी माता थारी वजु कंवरजी अपनी आतमा तारी ॥ १ ॥ आप बालपणा से वैराग्य लिया है धारी २ फिर संयम लेकर ज्ञान किया है भारी ॥ २ ॥ शिष्य आपका मगनलालजी विनयवंत हितकारी बडे हित कारी ज्ञान ध्यान तो खूब सिखाया आप बडे उपकारी ॥३॥ सेवा में रहकर मेरा गुरुजी तपस्या कीनी है भारी २ कंई जीवों का प्राण बचाकर उनको दिया है उबारी ॥ १ ॥ संवत् उन्नीसे साल सीत्यासी पूना शहर मुझारी आये पूना शहर मुझारी धर्म ध्यान का ठाठ लग्या है नाम हुवा मुल्क में जहारी ॥ ५ ॥ मुनि राजमल तो अरज करे हरवारी करे हरवारी कृपा करके आप [illegible]

नं० १८ तर्ज—याद हम करते हैं

ध्यान नित धरते हैं हारे ध्यान नित धरते हैं मुनि नाथुलालजी महाराज ॥ टेर ॥ उमदपुरा में जन्म हुआ है हातीरामजी तात चांदी बाई है मात आपकी क्षिप्रमरा आपकी साथ ॥ १ ॥ मवस उन्नास, अड़तीस साल में दीक्षा आपने लीनी सब सन्तों की वीयावच सेवा गुरुकी कीनी ॥ २ ॥ देश देश में आप विचर कर धर्मा बोहत्सी कीनी गुरु चौथमलजी की भक्ति कीनी सुयश कीर्ति लीनी चौमासा करने आप पधान्या जालना शहर विख्यात मुनि वृद्धिचंद और राजमल को लाय साथ ॥ ३ ॥

नं० १९ तर्ज—शासनपति बड़मागी ॥

पंडित प्यारचन्दजी मेरे मन भाया उनकी साथी मुनी हुलसाया ॥ टेर ॥ झूठी जानी जगकी माया उनको छोड़ी संयम पद पाया ज्ञान ध्यान में चित लगाया ॥ १ ॥ गुरु चौथमलजी आपने कीना, उनकी शिक्षा पर ध्यान जा दीना, गुरु सेवा में जन्म बिताया ॥२॥ धन्य तात धन्य जननी सुम जाया, जो उनका नाम आप दीपाया। सारा कुटुम्ब मिली हुलसाय ॥३॥ केई सन्तों को ज्ञान सिखाया, आपकी बुद्धि का पार नहीं पाया, मिश्र मिश्र कर मुनि पलटाया ॥ ४ ॥ पांच ठाणा पाटकोपरपे आया, फाल्गुन मास में ओछव मनाया, मुनि राजमल ने गुण गाया ॥ ५ ।

न० २० छोटी मोटी सईयाए ॥

तपस्वी छोटेलालजी महाराज तपस्या से ध्यान लगावना ॥ टेर ॥ मेवाड़ देशमें ग्राम निम्बाहेड़ा हां: तिहां जन्म लिया तपस्वीराज कुटुम्ब सब हुलसावना ॥ १ ॥ धन्य तात धन्य जननी आपकी हां जिसके कूखमें लिया अवतार जैन धर्म दीपावना ॥ २ ॥ सवत् उन्नीसे साल पचावन हां: वैराग्य तुमधार संयम पद पावना ॥ ३ ॥ संयम लेकर तपस्या जो कीनी दीना कर्म खपाय आत्म काज सुधारना ॥ ४ ॥ गुरु चौथमलजी संघमें लाया हां: शहर उदेपुर माय चोपन की तपस्या ठवना ॥ ५ ॥ महाराणा साहेबने उपदेश सुनीने हा: अगता कायम किया चार, आनन्द वरतावना ॥ ६ ॥ तपस्वी जब पारनो लियो हां गया महला के माय, जीवों का प्राणबचावना ॥७॥ मुनि छब्बालालजी है शिष्य आपका हां, तपस्या करे भरपूर, सेवा तो खूब वजावना ॥ ८ ॥ संवत् उनीसे साल तियासी हां मुनि राजमल गुण गाया, परम सुख पावना ॥ ९ ॥

न० २१ तर्ज—थिएटर ॥

तपस्वी मयाचन्दजी महाराज, कर्म खपाने के काज, तपस्या कीनी है महाराज, कीना आत्म कल्याण, २ संयम की गुरु दिल में धारी, छोड़ाजी छोडा है सब परिवार, कीना कीना उद्धार,लेके सयम भार दया,दिल में जो धार, दीजो तार ३ तार ३ तार ३ ॥

न० २२ तर्ज—पूर्ववत्

माता धीली के आया, मियाचन्दजी महाराज, सफल कीनी है काया, सुनो सभी नर नार, २ तपस्या करके आत्मा तारी, कीनाजी कीना है आतम कल्याण, हुवा हुवा अणगार ६.क सयम मार, करते जीवों का उद्धार, यही सार १ सार २ सार ३ ॥

न० २३ तर्ज—पूर्ववत्

तपस्वी मयाचन्दजी गुणवान, खोली तपस्या की खान, दीना जीवों को अभिदान, मुनि महोत गुणी, २ मम्बई शहरमा आप पधार्या, कीनाजी कीना २१ उपवास, राजमल की अरदास, लीजो मुक्ति का वास, यही आस२ आस ३ ॥

न० २४ तर्ज—पूर्ववत्

मयाचन्दजी मुनि, लगी तपस्या से धुनि, गुरु सेवा जो कीनी, जिनी आत्मा सुधार, २ तपस्या कर कर कर्म खपामा सारोजी सारो भव आरम काज, कहे राजमल आज, दीना सयम का साज, मेरे सिर के हो ताज, दीजो मोक्ष का राज २ राज २ राज ॥

नं० २५ तर्ज—पूर्ववत्

गुरु मयाचन्दजी स्वामी, तपस्वी मुल्कों में नामी, आप मुक्ति के कामी, करना मेरा उद्धार, २ सेवा की मेरे दिल में लगी थी, कीनीजी कीनी मेरी आसकी निरास, अर्जी राजमल की खास लीजो शिवपुर का वास, करता

दास ३ दास ३ दास ३ ॥

न० २६ तर्ज—मख यो भारीरे

तपस्वी भारीरे २ मुनि मियाचन्दजी मुल्कों में जारीरे। मेवाड देश के मायने सरे, ताल गांव भारीरे। पिता आपके दौलतरामजी माता घिसी बाई थारीरे ॥ १ ॥ संवत् उन्नी से साल गुणन्तर दीक्षा दिल में धारीरे। गुरु भेटे श्री हीरालालजी पर उपकारीरे ॥ २ ॥ गुरु भाई है चौथमलजी ज्ञान तणा भण्डारीरे, वाणी उनकी प्यारी लागे सुरत मोहनगारीरे ॥ ३॥ पण्डित मुनि श्री कस्तुरचन्दजी, केशरी मलजी गुण धारीरे। दर्शन कर आपका, हुलसावे नर नारीरे ॥ ४ ॥ दिन चौतीस की तपस्या कीनी इस शहर मुझारीरे। कहां तक गुण वर्णन करूं आपका तुच्छ बुद्ध हमारीरे ॥ ५ ॥ सम्वत उन्नीसे साल तीयासी, छमछरी का दिन भारीरे। राजमल ने गुण गाया अब दीजो तारीरे ॥ ६ ॥

नं० २७ तर्ज—ख्यालकी

तपस्वी मियाचन्दजी महिमा फेलीरे मुल्का माहीने ॥ टेर ॥ मेवाड़ देश के माय ने सरे ताल गाव एक भारी पिता आप के दौलतरामजी माता घीसी थारीरे ॥ १ ॥ उन्नीसे साल गुणतर दीक्षा दिल में धारीरे। गुरु भेटे श्री हीरालालजी ज्ञान तणा भण्डारीरे ॥ २ ॥ गुरु भाई आपका चौथमलजी है मुल्कों में जारीरे। वाणी

उनकी प्यारी लागे सुरत मोहन गारीरे ॥ ३ ॥ सरल स्वभावी आप मुनिजी समता क गुणधारी नाम लिया सुख सपत पावे वरते मंगलाचारीरे ॥ ४ ॥ मनोहर व्या ख्यानी चपालालजी स्वाप मुनि गुणधारी। दर्शन कर कर आपका गुण गावे नर नारीरे ॥ ५ ॥ तपस्या कर कर तारी आत्मा आप बड़े उपकारीरे। कहाँ तक गुण वर्णन करू आपका तुच्छ बुद्धि हमारीरे ॥ ६ ॥ संवत् उन्नीसे साल पिचासी आया सेसे का ार। मुनि राजमल चरणाका चाकर, को ज्ञान दिया हितकारीरे ॥ ७ ॥

नं० २८ तर्ज-कमलीवाले ॥

तपस्या का ठाठ लगाय दिया मुनि मयाचन्दजी स्वामी ने, कर्मों को चकचूर किया मुनि मियाचन्दजी स्वामीने ॥ टेर ॥ तात आप के दौलतरामजी माता धीमी जन्म दिया। फिर बाल गान प्रसिद्ध किया मुनि मया चंदजी ॥ १ ॥ संवत् उन्नी से साल गुणतर दीक्षा का दिल में धार लिया। ले संयम गुरु की रक्षी करी, मुनि मयाचंदजी ॥ २ ॥ देश विदेश आप विचर कर तपस्या महत्व जो दिखलाया। केई जीवों को अभय दान दिया मुनि मयाचंदजी ॥ ३ ॥ गुरु भाई चौथमलजी बड़े बड़ उपकार किये। तपस्या कर आतम कल्याण किया मुनि मयाचंदजी ॥ ४ ॥ सरल स्वभावी आप मुनिजी क्षमा जो दिल में धारी। दया धर्म प्रचार किया, मुनि मयाचन्दजी

॥ ५ ॥ संवत् उन्नीसे साल छियासी जलगांव शहर चौमासा किया । दिन चालीस का तपस्या पूर किया मुनि मयाचंदजी स्वामी ने ॥ ६ ॥ देश देश के नर नारी तपस्या पूर पर आय गया । फिर जीव दयाका उपदेश दिया मुनि मयाचदजी ॥ ७ ॥ कर उपकार बडा भारी मुल्कों में नाम जो आप किया । लिखवा कर पट्टा पेश किया मुनि मयाचंदजी ॥८॥ राजमल चरणों का चाकर यही अरज गुजार रहा । कर उपकार मुझे तार दिया मुनि मयाचंदजी ॥ ६ ॥

न० २६ तर्ज—पूर्ववत्

तपस्या की झडी लगा दीनी, गुरु मयाचंदजी तपस्वीने । अरु दया की झडी लगा दीनी, गुरु मयाचंदजी तपस्वी ने ॥ टेर ॥ तात आप के दौलतरामजी माता घीसी जन्म दिया । फिर ताल गांव प्रसिद्ध किया गुरु मयाचंदजी ॥ १ ॥ सम्वत उगणीसे साल गुणन्तर, दीक्षा की दिल में धार लीवी । कर कृपा संयम भार दिया गुरु हीरालाल जी स्वाभी ने ॥ २ ॥ गुरु भाई आपके चौथमलजी, केई राजों को प्रतिबोध दिया । केई जीवों को अभय दान दिया गुरु मयाचंदजी तपस्वी ने ॥ ३ ॥ सम्वत उगणीसे साल पिचासी धूलिया नगर में आय गया । दिन बारा की तपस्या करी गुरु मयाचदजी तपस्वीने ॥ ४ ॥ कर लिया अमोल्य रतन आपका दर्शन आन किया । बीच बजार उपदेश दिया

राजमल, मेरे पर उपकार किया। दे संयम मुझको निहाल किया, गुरु चौथमलजी स्वामी ने ॥ ६ ॥

नं० ३० तर्ज—पणिहारी

तपस्या कर तारी आतमा सुनो तपस्वीजी २ किया आतम कल्याण तपस्वीजी ॥ टेर ॥ देश मेवाड़ के मायन, सुनो तपस्वीजी ताल गांव विख्यात तपस्वीजी॥१॥ पिता जो दौलतरामजी सुनो तपस्वीजी, माता पीसी के अंगजात, तपस्वीजी॥२॥ सम्वत उगणीसे गुणन्तर साल में, सुनो तपस्वीजी कांई लीनो संयम भार सुनो तपस्वीजी ॥ ३ ॥ गुरु मेरा श्री हीरालालजी सुनो तपस्वीजी, कांई ज्ञान तणा भण्डार सुनो तपस्वीजी ॥ ४ ॥ गुरु भाई है श्री चौथमलजी मुल्कों में प्रसिद्ध तपस्वीजी ॥ ५ ॥ सरल स्वभावी आप हो सुनो तपस्वीजी, कांई क्षम्या तणा भण्डार तपस्वीजी ॥ ६ ॥ नाम लिया सम्पत मिले सुनो तपस्वीजी होय मन चाया काज तपस्वीजी ॥ ७ ॥ सम्वत उगणीसे छीयासी साल मा सुनो तपस्वीजी कांई जलगांव शहर मुझार तपस्वीजी ॥ ८ ॥ तपस्या का ठाठ लगाविया सुनो तपस्वीजी, कांई आया बहु नर नार तपस्वीजी ॥ ९ ॥ दर्शन कर हुलसा विया सुनो तपस्वीजी, कांई तपस्या मगशाचार तपस्वीजी ॥ १० ॥ राजमल की अरज है सुनो तपस्वीजी, कांई दीजो मुक्ति को वास तपस्वीजी ॥ ११ ॥

नं० ३१ तर्ज—सीता है सतवन्ती नार ॥

आनन्द वरते हो तपस्वीजी आपका नाम से जी। सुख सम्पत्त मिलसी हो, तपस्वी आप के नाम से जी ॥ टेर ॥ यो तो ताल गांव विख्यात, आपका दौलतरामजी है तात। माता घींसी के अंगजात, कूंख में उपना आय के जी ॥ १ ॥ आपका मियाचंदजी नाम, आप ने जाने मुल्क तमाम। आपने कीना उत्तम काम, संयम पद पाय के जी ॥ २ ॥ गुरु भाई चौथमलजी विख्यात, लेकर आया आप ने साथ। पहुंच्या रतलाम शहर विख्यात, दियो चौमासो ठाय के जी ॥ ३ ॥ पूज्य मन्नालालजी दायल वाणी उनकी वडी रसाल। मैं तो आया दूर से चाल, सेवा कीनी तपस्वीजी मन हुलसाय के जी ॥ ४ ॥ दिन अडतीस का तप कीना, सुयश कीर्ति जग में लीना। मुनि राजमल ने दर्शन कीना, चरणों में शीश झूकाय के जी ॥ ५ ॥ सम्वत उगणी से पिचासी साल, आप ने खूब कमाया माल। खरची लीनी है तत्काल, अबतो जानो मोक्ष पुरी के माय, करम खपाय के जी ॥ ६ ॥

न० ३२ तर्ज—महावीर से ध्यान लगाया करो ।

तपस्वी मयाचन्दजी का गुण नित गाया करो। उन की शिक्षापर ध्यान लगाया करो ॥ टेर ॥ देश मंदसोर मायने, ताल गाम विख्यात है। पिता दोलतरामजी घींसी बाई जो मात है। नित उठके गुण गाया करो ॥ १ ॥ साल

गुर्वंतर मायने, दीक्षा की दिलमें धार ली। गुरु हरिलालजी महाराज की शिक्षा को तुमने मानली। अबतो तपस्या का ठाठ लगाया करो ॥ २ ॥ रतलाम शहर से विहारकर, खान देशमें आगया। धूलिया नगर के मायने, वारा का तप ठाय दिया। जैन धर्म को खूब दिपाया करो ॥ ३ ॥ सम्वत उन्नीस साल पिचासी आया तो सेवे काल में। गुरु भाई श्री चौथमलजी, लाया है आप को साथ में। करके भक्ति उन्हें तुम रिझाया करो ॥४॥ राजमल की अर्जी प ध्यान आप दीजिये। सेवा में आया आप के जल्दी तार दीजिये। सदा ईश्वर से ध्यान लगाया करो ॥ ५ ॥

नं० ११ तर्ज—चालो २ मुगतगढ़ माहीं ॥

तपस्या से ध्यान लगायारे मुनि मयाचन्दजी महाराया ॥ टेर ॥ मे देश मेवाड़ के माहीं सुन लाल गाँव है भाँईरे ॥ १ ॥ पिता दौलतरामजी कहाया माता चौसी मे तुमे जायारे ॥ २ ॥ लाल गुर्वंतर माही दीक्षा की दिल में ठाईरे ॥ ३ ॥ गुरु हीरालालजी ज्ञानी उनकी आज्ञा मानी ॥ ४॥ अब तपस्या की दिल में ठानी फिर गुरु की आज्ञा मानीरे ॥ ५ ॥ शहर मनमाड़ में आया यहां पर होली चौमासा ठायारे ॥ ६ ॥ श्री चौथमलजी गुरु भाई दिन तेरा की तपस्या ठाईरे ॥ ७ ॥ मुनि राजमल गुण गाया चरणों में सिर नमायारे ॥ ८ ।

नं० ३४ तर्ज होली ॥

तपस्या कीनीरे २ मुनि मथाचन्दजी महाराज तपस्या कीनीरे ॥ टेर ॥ मुनि छगनलालजी के साथ में २ कीना पूना शहर चोमासा ॥ १ ॥ दिन ४१ की तपस्या कीनी काई काया पर जोर लगाय ॥ २ ॥ मुनि मगनलालजी सेवामें २ काई तन मनसे सेवा बजाय ॥ ३ ॥ अलग चोमासा करना तुम २ मुझे ऐसा दीना फरमाय ॥ ४ ॥ मुनि वृद्धीचन्दजी के साथ में २ मैंने तो तुरत किया विहार ॥ ५ ॥ यहां उपकार हुवो घणों २ कांई वरत्या मंगलाचार ॥ ६ ॥ गुरु चोथमलजी का हुकमसे २ कांई दिया चोमासा ठाय ॥ ७ ॥ सत्यासी का सालमें मुनि राजमल गुण गाय ॥ ८ ॥ नरनारी गुण गाविया २ कांई हिवड़ा शहर मुझार ॥ ९ ॥

नं ३५ तर्ज—सत्य के लिये मै दासी बनी

मेरे गुरु का मै दर्श किया २ दर्श किया मेरा हर्षाया जिया ॥ टेर ॥ छोडे मैंने मात पिता को गुरु सेवाके काज घणा दिना से इच्छा लगरही दर्श मिलाहै आज ॥ १ ॥ फस रहाथा संसार बीचमें तार दिया गुरु आप कर्म काट कर मोक्ष पधारो यही अर्ज है साफ ॥ २ ॥ मैं हूँ दास आपका गुरुजी तुमहो जगके तारण हार केरदा वेड़ापार हमारा कहू चरण सिर डार ॥ ३ ॥ दिन चोवीस की तपस्या कीनी सतारा शहर मुझार कसाइ खाना बंद कराया हुवा

घणा उपकार ॥ ४ ॥ गुरु चौथमलजी सोले ठाणा आया मेवाड़ कोई राजाको उपदेश दियाहै किया धर्म प्रचार ॥ ५ ॥ सम्वत् उगणीस साल सित्यासी तपस्या का ठाठ लगाया मुनि राजमलन जोड़ बनाके आज समावे गाथा ॥६॥

नं० ६, तर्ज—तोर फकना था ॥

तपस्वीजी तपस्या करके सेनाजी मोक्ष लेना फर्मा को खपा, खपाके लेनाजी मोक्ष लेना ॥टेर॥ वास गांव जन्म लीना याचक को दान दीना, आरम कल्याण कीना ॥१॥ दौलतरामजी आपके तात पीसी बाई, आपकी मात मिया चंदजी नाम दीना ॥ २ ॥ ससार का आप तजके, साधुका मेष सजके प्रमुका, ध्यान धरना लेना जो, मोक्ष, लेना ॥३॥ गुरू हीरालालजी आप कीना, ज्ञान ध्यान, बहोत दीना, कई जीवों को बचाना ॥ ४ ॥ कहे राजमल मजन बनाके आम समाके चीप गाके चरणा में शीश झुकाना ॥ ५ ॥

न० ३७ तर्ज—प्यारा लागे सुधर्मा स्वामी ॥

तपस्वीजी तपस्या का,, ठाठ लगाया कई, नरनारी दर्शन को आया ॥ टेर ॥ देश मेवाड़ के मांही, वहां पर वास गांव है मांई जन्म हुवा जब कुटुम्ब हुलसाया ॥१ ॥ पिता दोलतरामजी दान दिलाया माता पीसी बाई हुलराया मयाचन्दजी नाम दिलाया ॥ २ ॥ आपके हीरालाल गुरु जी उनकी महिमा कहांतक करूजी मुक्ति आने का मार्ग बताया ॥ ३ ॥ पण्डित चौथमलजी गुरु मांई जिनकी

कीर्ति फैली जग मांही, प्रचार ज्ञान का खूब फैलाया ॥४॥ दिन चोवोस का पूरजो आया, कई जीवों को अभय दान दिलाया, तब अनाथों को भोजन खिलाया ॥५॥ उनीसे सीत्यासी सालके माही, शहर सतारा जोड़ बनाई, गुरु चरणों में शीष झूकायो ॥६॥

नं० २८ तर्ज—म्हारा मंदिरये वेहरवाने चालो ॥

मारे पारनो लेवाने चालो तपस्वीजी महाराज स्वामी तपस्वीजी महाराज ॥टेर॥ दोलतरामजी तात हैरे घीसी बाइ मात मयाचन्दजी नाम आपका मुल्कों में विख्यात ॥१॥ उणंतर का सालमेर वैराग्य लिया है धार, गुरु भेट्या श्री हीरालालजी लीना संयम भार ॥२॥ दिन २४ की तपस्या कीनी सत्यासी की साल, अबतो स्वामी जल्दी पधारो हमको करदो निहाल ॥३॥ पोपाख सजीने सुंदर्यारे उभी घरके माय, धन्य भाग आज हमारा तपस्वी हम घर आय ॥४॥ गुरु भाइ है चोथमलजी लीना आपेन लार घर घर माहीं करे गोचरी कीना है उपकार ॥५॥ देश विदेश विचरत आया यहांपर सेके कार, मुनि राजमल की यही अर्ज है करना बेड़ापार ॥६॥

नं० २९ तर्ज—हे प्रभो आनंद दाता ॥

हे गुरुजी तपस्या करके मुक्ति का मार्ग लीजिये॥टेर॥मेराजो पाप हटायके सुरलोक पूगा दीजिये ॥१॥ तपस्या करके आप गुरुजी कर्म खपा दीजिये ॥२॥ उपदेश देदे आप गुरूजी

जीवों को छुड़ा दीजिये ॥ ३ ॥ अज्ञान की निद्रा जो मरी आप उड़ा दीजिये ॥४॥ कृपा करके आप गुरुजी तार हमको दीजिये ॥५॥ राजमल की अर्जी पै गुरु ध्यान अपरो दीजिये ॥६॥

नं० ४० तर्ज—मुबारिक हो ॥

मेरे गुरुराज तपसी की सदा जय हो सदा जय हो तपस्या कर आत्मा तारी सदा जय हो २ ।टेर॥ पिता दौलत रामजी है माता पीसीने जाया है मयाचंदजी नाम जो दीना ॥१॥ जब जन्मे आप गुरुजी क आई बहोतसी नारी कुटुंब सब ही हुलसाया ॥ २ ॥ इक्वीस वर्ष घर में रहकर बने फिर आप तपधारी दर्शन को आये नर नारी॥३॥ गुरु हीरालाल की गुणवन्ता बताया रास्ता शिवपुरका चौथमलजी मार्ग को ॥ ४ ॥ बजाया दयाका डंका सभी मुल्कों में जा जाकर बचाया प्राण जीवोंका ॥ ५ ॥ इक्वीस दिन की तपस्या को कीनी बम्बई शहर में आकर किना उपकार बड़ा भारी ॥ ६ ॥ ऐसे तपस्वी का गुण सभी मिल गावो नर नारी मुनि राजमल का कहना ॥ ७ ॥

नं० ४१ तर्ज—मुक्ति जाने की विधी दीजिये ॥

मुक्ति जाने का रस्ता सेखिया तपसी मियाचंदजी ने ॥ टेर ॥ वैराग्य बसा है दिल के माही लीना संयम भार तपस्या कर कर कर्म खपावो यही जग में है सार हो ॥१॥ बम्बई शहर में ठाठ लगाया चल मास में आय, दर्शन

दिन की तपस्या कीनी तन पे जोर लगाया हो ॥ २ ॥ दाद गुरु है जवाहिरलालजी या मोटा अणगार थारी सम्प्रदाय में मुख्य होता शांति के करनार हो ॥ ३ ॥ गुरु आपका हीरालालजी था मोटा कविराज। करनी करके मुक्ति पधान्या सारया आतम काज हो ॥ ४ ॥ चौथमलजी गुरु भाई आपका जाने मुल्क तमाम। मेवाड देश के माहे गुरु जी ताल आपका ग्राम हो ॥ ५ ॥ महावीर जयंति महोत्सव हुवा कांदावाडी के माय केइ नर नारी दर्शन करके प्रश्न पूछेत आय हो ॥ ६ ॥ मुनि राजमल ने स्तवन बना के आज सभा में गाया। चार तीर्थ का ठाठ देख के सब जन मिल हर्षाया हो ॥ ७ ॥

नं० ४२ तर्ज—रोडजी स्वामी में गुण घणा ॥

ओ गुरु मयाचंदजी स्वामी में गुण घणा हो स्वामी तपस्या कर तारी आतमा ॥ टेर ॥ देश मेवाड़ के माही ने हो स्वामी, ताल गांव विख्यात। पिता तो दौलतरामजी हो स्वामी, माता घीसी के अंगजात हो॥ १ ॥ गुणन्तर साल में ओ स्वामी, वैराग्य लिया तुम धार । संसार को झूठो जान्यो हो स्वामी, लीना है संयम भार हो ॥ २ ॥ गुरु हीरालालजी भेटीया हो स्वामी,तरन तारन की जहाज। उप-देश दिया भव जीवों ने हो स्वामी, सारोनी आतम काज हो ॥ ३ ॥ गुरु भाई चौथमलजी पधान्या हो स्वामी, बम्बई शहर मुझार तपस्या कीनी थे आकरी.हो स्वामी.देवोने कर्म

खपाय हो ॥४॥ सरल स्वभावी आप हो स्वामी, नहीं कपट नहीं मान, क्रोध कषाय का निवारने हो स्वामी, तपसा में रहो लवलीन हो ॥ ५ ॥ लडी मेघ तपसा धार मताव जा हो स्वामी, काया पे जोर लगाय हाड हाड दिखने लग्या काई, शरीर ने दीनो सुकाय हो ॥ ६ ॥ मध्यो नसाल स्वामी को लागियो हो स्वामी, कीना पकीस उपवास । नर नारी दर्शन को आवीया हो स्वामी, वरत्या है मंगलाचार ॥ ७ ॥ मुनि राजमल की बीनति हो स्वामी, मोने तारि गरीब नवाज । तरन तारन की जहाज हो स्वामी, करदो खेव पार ॥ ८ ॥

नं० १२ तर्ज – हिंदू होटल में खानाके खान लगे ॥

तपस्वीजी तपसा का ठाठ लगाने लगे तपसा कर क के कर्म खपाने लगे ॥ टेर ॥ पिता हो चौरूलालजी भीख भाई जो माव है देश मेवाड़ के माय ने पे थाना गांव निरूपा है । मात पिता का नाम दिपाने लगे ॥ १ ॥ सुद्धी चे मामा आन के लीना जो समझ मार्ग है। गुरु मेरा मे हीरालालजी मैं ज्ञान तथा अणगार है दया धर्म का डंका बजाने लगे ॥ २ ॥ गुरु भाई आपका चौथमलजी तरन तारन की जहाज है मोरी समाज के बीच में मेरे था सिर का ताज है केई नामा को आप समझाने लगे ॥ ३ ॥ दिन इक्कीस की तपसा को कीनी बम्बई शहर मा आपने तेलेके की अठीमा लगादी । देश देश में नाम के ढो

जीवों का प्राण बचाने लगे ॥ ४ ॥ आदि ठाना चौमासा कांदात्राडी ठाविया, केई नर नारी दर्शन करवा प्रेम भाव से आविया, मुनि राजमल गुण गाने लगे ॥ ५ ॥

नं० ४४ तर्ज—मुक्ति की राह बताने वाले ॥

मुनि वृद्धिचन्दजी महाराज वृद्धिके करनेवाले, वृद्धि के करनेवाले जैन धर्म दिपाने वाले ॥टेर॥ मेवाड देश मुझारा ए बडी सादडी भारी। वैराग्य लिया तुम धारीजी दीक्षा के लेनेवाले ॥१॥ पिता प्यारचन्दजी गुनवान माता राजी बाई लो जान। जिनके कूखमें उपने आन जी शील सन्तोष बढानेवाले ॥२॥ सम्वत उन्नीसे सितन्तर साल संयम लीना आप दयाल। गुरू भेटया चौथमलजी प्रतिपालजी गुरू भक्ति के करने वाले ॥३॥ लिया पंच महाव्रत धार फिरतो दोष बियालीस टार लेते सूजतो आप अहार, जो सच्चा उपदेश सुनानेवाले ॥४॥ मुनि भेरुलाल का लार कीना तुरत आपने विहार, आय हिवडे गाम मुझार जो मुनि राजमल गुण गाने वाले ॥ ५ ॥ सम्वत उन्नोसे सत्यासी साल आतो छकाया के रत्तपाल आपने खूब कमाया माल ज्ञान ध्यान बढ़ाने वाले ॥ ६ ॥ श्री संघ यहां का गुणवान खूब किया धर्म और ध्यानजी संतोकी सेवा बजाने वाले ॥ ७ ॥

न० ४५ तर्ज—ख्यालकी

मुनि नाथूरामजी मीठी मनोहर वाणी आपकी ॥टेर॥ मारवाड के माहीने सरे जोधाणा विख्यात। पिता आप

रही अब घरमें नहीं में रहूंगी प्रभु तीरने का मार्ग बताया मुझे॥५॥ प्रभू चरणों में मेरी यही अरदास है मुनि राजमल को देना अब मुक्ति जो वास है नित्य प्रभू मे ध्यान लगाना मुझे ॥ ६ ॥

न० ४७ तर्ज —अब तुम जागो जैनीजी

अबतो तुम जागो बहिनोंजी क्यो सोतीहो नीन्दमें।टेर॥ उच्च जातकी अनभिज्ञ लडकी वो घर घरमें फेरे चक्की वो बने अधर्भी पक्कीजी ॥१॥ अन्य समाज की जागृति कैसी तुम रहो आलस में बेसी करो उन्नति धर्म रहसीजी ॥ २ ॥ करिये जिन कोम सुधारो विद्याका करो प्रचारा सुनो बहिनो फर्ज तुम्हाराजी॥॥३॥परहित में द्रव्य लगावो मत मूंजण नाम धरावो विधवाका दुख मिटावोजी । ४ ॥ गुरु चौथमलजी स्वामी प्रसिद्ध जगत में नामी, हमने मिले गुरु ज्ञानीजी ॥५॥

न० ४८ तर्ज—छोटी मोटी सैंइयारे

सुनो श्रावकजी गुणवान बारा तो व्रत पालना ॥ टेर ॥ स्वदेशी कपड़ा पहिनो नर-नारी हां, त्यागो विदेशी माल यही गांधीजी का फरमावना ॥ १ ॥ डोरा कंठी झुला मोतियन के हां,घडिया हाथा में जो बांध कभी तो गर्भावना ॥ २ ॥ परनारी को माता समझो हां, मत देखो चक्षु पसार धर्म मत हारना ॥ ३ ॥ ज्ञान ध्यान और समाइक पौषा हां, करो प्रतिक्रमण नित आय यही तो जितलावना ॥ ४ ॥ साधु सत्याकी निन्दा नहीं करना हा सेवा करो चितलाय

दर्शन कर हर्षावना ॥ ५ ॥ कूड़ कपट कर माल कमाया हां धरिया सिजोरी के माय इनसे तो प्रेम हटावना ॥ ६ ॥ कुटुम्ब कबीला घरकी नारी हां घरकी नारी नहीं आवे संग में लार एक दिन होगा जावना ॥ ७ ॥ अनाथों की तू रक्षा करना हां, करो उनकी प्रतिपाल यही तो सेवावना ॥ ८ ॥ साल सीत्यासी खिचड़ा ग्राम में हां, कहे राजमल बारम्बार शिक्षा पे ध्यान लगावना ॥ ६ ॥

नं० ४६ तर्ज—मारा शासन पति बड़ भागी ॥

उठा गावो गुण वीर प्रभुका आवो गावो गुण वीर प्रभुका ॥ टेर ॥ कहो भाई क्या गुण है उन में वो फर मावो सभा क बीच में ॥ १ ॥ जन्म लीना है क्षत्रियकुण्ड में माता त्रशला देवीके कूंख में आय ॥ २ ॥ तात आपके सिद्धारथ नन्दन घर है सारे दुःखो के भंजन ॥ ३ ॥ तीस बरस गृहस्थाश्रम पाला बारा बरस में केवल म्हाला ॥ ४ ॥ दिन दिन मारग खूब दीपाया ले केवल ज्ञान मोक्ष सिधाया ॥ ५ ॥ उनकी महिमा करू क्या मुख से बह है माय गामी सार जुग से ॥ ६ ॥ यहां पर इस भव में गुरु चौथमलजी किया चौमासा अजगाव मानजी ॥ ७ ॥ मुनि छगनलाल जी पण्डित ज्ञानी का ज्ञान ध्यान नहीं है सानी ॥ ८ ॥ पण्डित प्यारचन्दजी न्याय क दाता सब सन्तों को ज्ञान सिखावा ॥ ६ ॥ आन सब मिलके सिरको झुकाव मुनि राजमल सुख संपत पाव ॥ १० ॥

नं० ५० तर्ज—वीनति सुनजो गुरु महाराज ॥

गुरु देव दर्शन आपका जल्दी दिरावजो यह मोहनी सुरत आपकी जल्दी दिखावजो ॥ टेर ॥ जिन वाणी का अमृत आय के जल्दी पिलावजो हम है दर्श प्यासे आपके जल्दी पधारजो ॥ १ ॥ आपके आया विना ये क्षेत्र बिगड जायगा जरा ध्यान लावजो गुरु देव क्षेत्र आय के जल्दी समालजो ॥ २ ॥ धर्म ध्यान की लगन आय के जल्दी लगावजो हमारा दिल का पाप आयके जल्दी हटावजो ॥ ३ ॥ श्री संघकी यह वीनति गुरु देव आपसे कोई अविनय अपराध किया होय तो माफी दिलावजो ॥ ४ ॥

नं० ५१ तर्ज—थिएटर

गुरु मयाचंदजी दयाल, खटकाया प्रतिपाल, मुझको कीना है निहाल, दीना संयम भार २, करुणा करीने मुझे तार दिया है, दीनाजी दीना मंत्र सिन्धू तार, राजमल की पुकार, अर्जी कीजो स्वीकार, मुनि कहे बारम्बार, बोलो जय ३ जय ३ जय ३ ॥

❀ ॐ शान्ति शान्ति शान्ति ❀

श्री चतुर्थ जैन ग्रंथ-माला का २५ वाँ पुष्प

ज्ञान-पुष्प

तृतीय-भाग

रचयिता

श्री जैन दिवाकर प्रसिद्ध वक्ता प० रत्न मुनि श्री चौथमल्ल जी म० के सुशिष्य मनोहर व्याख्यानी श्री नाथुलाल जी म० सुललित वक्ता श्री रामलाल जी म०

प्रकाशक —

श्री स्थानक वासी जैन संघ

किशनगढ़ (राजपूताना)

प्रथमावृति	अमूल्य	वीराब्द २४६६
१०००	भेंट	वि० स० १९९६

ज्ञान–पुष्प

तृतीय-भाग

नं० १ (तर्ज–उठाओ गोवर्द्धन गोपाल)

तिराओ ! वीर प्रभु भगवान ॥ ध्रु० ॥

पतित अधम पापीष्ट महा हूँ,
दयानिधि कर दीजे उत्थान ॥१॥

डूबत है सिन्धु में नैया,
उबारो वेग ही करुणा निधान ॥२॥

लक्ष चौरासी भोगी योनी,
मिटाओ जन्म-मरण दुख महान ॥३॥

लीनी शरण चरण की अनुचर,
दिखाओ शिवपुर का शुभ स्थान ॥४॥

नम्र निवेदन राम मुनि का,
करो प्रभु अब मेरा कल्याण ॥५॥

नं० २ (तर्ज–आओ आओ भय मेरे साधु)

✱

पालो पालो भय प्यार मित्रों, ब्रह्मचर्य्य सुखदाय ॥ध्रु०॥
होना पास अव्वल दर्जे में, बैरिस्टर बन जाना।
है यह ताकत ब्रह्मचर्य्य की, सभा जीत कर आना ॥१॥
जनता को मोहित कर लेना, आरोग्य तन का रहना।
है प्रताप यह ब्रह्मचर्य्य का, सभी ग्रन्थ का कहना ॥२॥
सूली मिट कर बना सिंहासन, अग्नि का हुआ नीर।
जहर हलाहल अमृत हो गया, लम्बे बढ़ गये चीर ॥३॥
भव-सिन्धु तरन के खातिर, ब्रह्मचर्य्य है नैया।
राम मुनि कहे पालो प्रेम से, अवश्य करो सब भैया ॥४॥

नं० ३ (तर्ज–छोटे से बलमा मेरे आंगना में)

थोड़ी जिन्दगानी तेरी, जागरे जगाने आये ॥ ध्रु० ॥
सोच समझ, प्राणी, जग में क्या लेकर आये।
आवे ना कोई तेरे लार, नाहक क्यों ललचाये ॥१॥
सार यही है जग में, धर्म से जो प्रेम लगाये।
यही करेगा तेरी सार, होंगे सब मन चाये ॥२॥
देना पड़ेगा बदला, नाहक जो जीवों को सताये।
नरतन का चोला अनमोल, क्यों विषयों में खाये ॥३॥

राम मुनि की शिक्षा, मानले मनाने आये।
दया धर्म उपदेश, हम समझाने आये ॥४॥

नं० ४ (तर्ज-रेकार्ड की)

जाने वाले कुछ यहाँ से ले जाना रे॥ ध्रु० ॥

तुम्हें मालूम नहीं, जहां से कितने ही गये।
अकबर जैसे जनाजे में वो नंगे ही गये॥
बादशाह कारु भी बस फक़त अकेले ही गये।
नेकी बदी के सिवा, हसर में क्या ले के गये॥
फानी दुनिया में तू न लुभाना रे ॥१॥

धर्म है सार सनम लेके इसे लार चलो।
सच्चा है मित्र यही, करते इसे प्यार चलो॥
सामां नेकी का सनम,-लेके ज़रा लार चलो।
कहे राम मुनि करते पर उपकार चलो॥
संग आवे न तेरे ख़ज़ाना रे ॥२॥

नं० ५ (तर्ज़-रिकार्ड की)

मतलब का सब संसार है, इसमें न लुभाना रे।
झूठा दुनिया का प्यार है, इसमें० ॥ ध्रु० ॥

मतलब की दुनिया सभी, करो आँख हर बार।
बिन मतलब पूछे नहीं, मात तात घरनार॥
ये बड़े बेदरदी रे, मुहब्बत करना बेकार है ॥१॥
सब तक घू है फूल में, कदर होय अति भारी।
बिन खुशबू छूवे नहीं, जाने आलम सारी॥
ये बड़े बेगरजी र, आवे नहीं कोई लार है ॥२॥
झूँठी दुनिया है सभी, किससे करता प्यार।
राम मुनि कहे धर्म से, होता बेड़ा पार॥
तेरे महल मनोहर रे, स्वपने सा सब संसार है ॥३॥

नं० ६ (तर्ज—लाखों प्रणाम)

देवी हिन्द विख्याता, तुमको लाखों प्रणाम।
धन्य धन्य सीता माता, तुमको लाखों प्रणाम ॥ टेक ॥
धर्म पतिव्रत पूर्ण निभाया, अग्नी का जल शीघ्र बनाया।
जग सारा यश गाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥१॥
लेते नाम राम के पहले, पाला धर्म कष्ट सब झेले।
रामचरित दर्शाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥२॥
जिन २ ने यह धर्म निभाया, उनके हुआ सभी मन चाया।
सुर नर शीश नमाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥३॥

छिन्नुसाल किसनगढ मांई, महिमा नाथु मुनि ने गाई।
सोहन मुनि गुण गाता, तुमको लाखों प्रणाम ॥४॥

नं० ७ (तर्ज मेरे स्वामी बुलालो०)

आये सद्गुरु ज्ञान सुनाने को।
मोह नींद से तुमको जगाने को ॥ध्रु०॥

फॅस रहे अज्ञान में कुछ भी न इनको होश है।
मान, माया, लोभ, मोह का बन रहा तू कोष है॥
दवा ले लो इसी के मिटाने को ॥१॥

लल्ले से लौ लग रही, दद्दे से दिल यह दूर है।
लोभ बस में सेठ सागर, डूबा बात मशहूर है॥
करो यत्न इसी के मिटाने को ॥२॥

चाहो गर कल्याण अपना, बात हृदय में धरो।
दान, तप और भावना, ब्रह्मचर्य्य को पालन करो।
आये नाथु मुनि समझाने को ॥३॥

नं० ८ (तर्ज—रिकार्ड की)

मैं अर्ज करूँ कर जोड़ कर, प्रीतम क्यों तज गये रे।
बिन औगुण मुझको छोड़ कर, प्रीतम क्यों० ॥ध्रु०॥

नेम पिया को, मैं चाहूँ, जैसे चन्द्र चकोर ।
तरसूँ तुम बिन नाथ मैं, जैसे घन बिन मोर ॥
हैं बड़े बेदरदी रे, गये प्रीत पुरानी तोड़ कर ॥१॥

प्रेम निभाने के लिये, लीना संयम भार ।
नेम मिलन राजुल चली, छोड़ सभी परिवार ॥
चढ़ी गढ़ गिरनारी रे, दर्शन कीने दिल खोल कर ॥२॥

साल छियाणु में कहे, चायु मुनि हितकार ।
ब्यावर में गुरुदेव के, कीने दर्श सुखकार ॥
ली शरण चरण की रे, दुनिया से मुँह मोड़ कर ॥३॥

नं० ६ (तर्ज—सरोता कहां भूल आये)

नरतन को सफल बनाओ प्यारे बीती जाय उमरिया ॥ध्रु०॥
आवे काम अन्त में नहीं ये, कंठि हार मुदरिया ।
चेतन जावे फकत अकेला, तजकर महल अटरिया ॥१॥
नर चोला दुर्लभ है मिलना, मत भर पाप गगरिया ।
निज आतम की शुद्धि करले, मिला ज्ञान का दरिया ॥ २॥
अधोगति होती है नर की, पापादिक आचरिया ।
उभय लोक में सुख पाओगे, सत्य धर्म आदरिया ॥ ३॥
परहित काज आम जन सारे, बाँधो बेग कमरिया ।
शिव संपति मुनि राम मिलेगी, जिनजी के सुमरिया ॥ ४॥

शैर—त्यागो खेलना जुआ, जरा देखो जमाने को।
जुआरी सैंकड़ों देखे हैं, रोते दाने दाने को॥

(राधेश्याम)

लंकाचोक, चूए, पतरे, बदनी, सट्टा है जग जहारी।
शतरंज, तास, चौसर, चौपड़, कैरम का खेल चला भारी॥
लाटरी, नीलाम, गटर, बीमा, पिंगपांग भी नाम इसीका है।
टंडीरा, बैडमैंटन, आदि कई, समझो ये नाम इसी का है॥

नं० १० (तर्ज़–आँगना में गिल्ली खेले)

सखी! बलमा तो मेरे रात दिन ये जुआ खेले॥ ध्रु०॥

बसन भूषण मेरे, जाय कर सब गिरवे मेले।
कौड़ी रही न उनके पास, अब वे इत उत डोलें॥१॥

हार हांसली माला, बेंचे हैं कानों के झेले।
साड़ी रक्खी न मेरी एक, बन रहे भोले भाले॥२॥

ख़्वाब में हर्षावें वह तो, स्वप्न भी सट्टे के लेले।
बोले हुआ मैं मालोमाल, बढ़िया मोटर लेले॥३॥

राम मुनि की शिक्षा, ध्यान में सब ही जन लेलें।
निज हित जो चाहो करो त्याग, मैं चेताऊँ पहले॥४॥

नं० ११ (तर्ज–पायल की झनकार कोयलिया काहे करत पुकार)

जप जिनवर का नाम, जियरवा जप जिनवर का नाम ॥ध्रु०॥
मात, तात, बन्धु, सुत, दारा, आवे न तेरे काम ॥ १ ॥
करते यार प्यार तब तक ही, जब तक पास में दाम ॥ २ ॥
पाप ताप नशे सुमरन से, सिद्ध होंय सब काम ॥ ३ ॥
राम मुनि धर ध्यान उसी का, तजदे काम तमाम ॥ ४ ॥

न० १२ (तर्ज राधेश्याम)

श्री ऋषभ अजित संभव स्वामी, अभिनन्दन भव बन्धन हारो।
सुमति पद्म सुपार्श्व नमूँ, चन्दा प्रभु भव भन्जन हारो॥
सुविधि शीतल श्रेयाँस प्रभु, अरु वासुपूज्य मम पीर हरो।
प्रभु विमल करो निर्मल बुद्धि, नैया भव जल से तीर करो॥
श्री अनन्तनाथ प्रभु, धर्मनाथ, श्री शान्तिनाथ शांति दीजे।
श्री कुन्थु अरह मल्ली नाथ प्रभु, मुक्ति जाने का वर दीजे॥
मुनिसुव्रत, नमि, नेम मेरी, अब आवागमन मिटाना तुम।
श्री पारसनाथ महावीर प्रभु, शिव नगरी नाथ बताना तुम॥
कहे नाथु मुनि अरु मोहन मुनि, कर दीजे नाथ उद्धार मेरा।
श्री चतुर्विंस पद पंकज में, वन्दन हो बारम्बार मेरा॥

नं० १३ (तर्ज—तेरे पूजन को भगवान् वना मन मन्दिर)

।कर नरतन चतुर सुजान, करो नित आतम का कल्याण ।।ध्रु०।।

प्रभु ने आगम में जितलाया, दुर्लभ नरतन चोला पाया ।
मिला यह देवप्रिय अति महान् ।। करो निज० ।। १ ।।
धन्ना शालि भद्र बड़ भागी, कैसी रिद्ध अतुल को त्यागी ।
जाना भोग भुजंग समान ।। करो निज० ।। २ ।।
जाता समय बड़ा अनमोल, मत सिर डाल विषय की धूल ।
है यह विष मिश्रित पक्वान ।। करो निज० ।। ३ ।।
सम्वत् उन्नीसे छीयानु साल, आया देहली सेखे काल ।
राम मुनि कहे सुनो धर ध्यान ।। करो निज० ।। ४ ।।

नं० १४ (तर्ज—छोड़ चले परदेश पिया बिन कैसे जीऊँगी)

छोड़ चले गिरनार नेम विन कैसे हो मेरी जान ।
कंथ बिन कैसे जीऊँगी, पिया बिन कैसे जीऊँगी ।।ध्रु०।।

चन्दा विन ज्ूँ चान्दनी हाँ, तारा विन ज्ूँ रात ।
पुत्र विना परिवार ज्ूँ हाँ, विना नमक का भात ।।१।।
सावन में बदली भरे ज्ूँ हाँ, नैना बरसे नीर ।
विन औगुन तज के गये हाँ, कौन बन्धावे धीर ।।२।।
तम पिहर तम सासरो हाँ- तुम बिन कौन आधार ।

तुम बिन जग सूनो सभी हाँ, खान पान सिनगार ॥३॥
राजुल की कुछ ना सुनी हाँ, पशुओं सुनी पुकार।
नाथु मुनि कहे जा मीली हाँ, राजुल जी गिरनार ॥४॥

नं० १५ (तर्ज—हलवाई के लड़के ने कमाल किया)

प्रभु तारो मुझे ली शरण मैं तेरी ।
दीनानाथ विनय अब सुनो ये मेरी ॥प्र०॥

चौगति में फिरा नहीं शान्ति मिली ।
मेटो लख चौरासी की नाथ फेरी ॥ १ ॥
डूबी जाती है जीवन नैया मेरी ।
इसे वेग उबारो करो न देरी ॥ २ ॥
पकड़ा दामन विषय कषा ने मेरा ।
दयानिधि छुड़ाओ दया कर मेरी ॥ ३ ॥
नाथु मुनि की अर्ज प्रभु दर पै तेरे ।
इच्छा पूर्ण करो जिनराज मेरी ॥ ४ ॥

नं० १६ (तर्ज—तेरे पूजन को भगवान बना मन)

तज दो फैशन को नर नार,
अगर जो चाहो देश सुधार ॥ प्र० ॥

फैशन पाई अब आजादी, हो रही पैसे की बरबादी ।

बन्धुओं देखो नैन पसार ॥ अगर जो० ॥ १ ॥

नेता पहन रहे हैं खादी, करली वृति अपनी सादी ।
जिनको जान रहा संसार ॥ अगर जो० ॥ २ ॥

इसने शाशन अजब जमाया, कीना धन का पूर्ण सफाया ।
हो रहे पूँजी पति लाचार ॥ अगर जो० ॥ ३ ॥

जब से इसने होस संभाला, तब से कीना धर्म किनारा ।
डूबा सत्य धर्म आचार ॥ अगर जो० ॥ ४ ॥

राम मुनि दे शिक्षा हितकारी, त्यागो फैशन को नर नारी ।
दया दीनों की उर लो धार ॥ अगर जो० ॥ ५ ॥

नं० १७ (तर्ज–साड़ी पल्लुदार लड़यो)

मोरी छोटी सी अर्ज गुरु दर्श दिलइयो ॥ ध्रु. ॥

तुम जल्दी २ अईयो, संग में शिष्य मण्डली लईयो, हाँ हाँ लईओ २ । नगरी पावन पुनः करईयो, गुरूवर दर्श दिलईयो ॥ १ ॥ प्रभु वाणी तुम सुनईयो, कृपा ईतनी तुम करईयो, नैया सिन्धु से तिरईयो, गुरूवर. ॥ २ ॥ अर्जी भूप की सुनईयो, सेर शिवपुर की करईयो, दया नाथु पे रखीयो, गुरूवर० ॥ ३ ॥

नं १८ (तर्ज हलवाई के लड़के ने कमाल किया)

रहना कायम धर्म पै है काम तेरा।
होगा रौशन हिन्द में नाम तेरा ॥ ध्रु ॥

करले तन से तपस्या है सार यही।
होगा अलकर, खाक यह धाम तेरा ॥१॥

राम सीता को करते हैं याद सभी।
होना निशदिन उन्हें प्रणाम मेरा ॥२॥

साधु मुनि सदा धर्म कायम रखो।
होगा शिवपुर खास मुकाम तेरा ॥३॥

नं० १६ (तर्ज अन्धेरीया है रात साजन रहियो के जईयो)

गुरुदेव मेरी नईयां, भव सिन्धु से तिरयो (ध्रुव)

जीवन नईयां डूबी साहब, करके दया दयालु,
इसे पार लो लगइयो (१)

मोह निद्रा में सोये हुये को; ज्ञान का जल छाँट,
हमें शीघ्र ही जगइयो (२)

श्री जीन बानी है सुखदानी श्री मुख से आप,
हमें वेग ही सुनइयो (३)

नाथु मुनि की अर्ज यही है शिव नगरी की सहल
नाथ शीघ्र ही करड़्यो (४)

नं० २० (तर्ज केसरीया मारो माथो दुःखे जी)

चेतन जी थांने, नित्य समझावाँ जी ॥ ध्रु० ॥

यो अवसर चूको मती जी, समय मिल्यो अनमोल ॥१॥
तन, धन, योवन स्थिर नहीं जी, नदी पुरवत् जाय ॥२॥
मात, तात, दारा सभी जी, मतलब को संसार ॥३॥
करो अराधन प्रेम से जी, सत्य-धर्म सुखदाय ॥४॥
नाथु मुनि स्तवन गवीयो जी, सोचो दिल के माँय ॥५॥

नं० २१ (तर्ज़—हाँ टिकट ले लो शिवपुर को)

हाँ उत्तम नर देही पाई, सद्गुरू थांने रया समझाई ।
सोच समझ नादान, फेर मिलने की नांई रे ॥ ध्रुव ॥

रतन चिन्तामणी कर में आया, सफल करो करणी कर काया
मिला समय अनमोल तोल हृदय के मांही रे ॥ १ ॥
लख चौरासी भटकत आया, निठ निठ मानव तन पाया
देव प्रिय यह जान प्रभु, मुख से फरमाई रे ॥ २ ॥
जम्बु सफल करली निज काया. विजय कंवर जी संजम पाया

फर इस पर तू ध्यान ज्ञान शिक्षा हित दाई रे ॥ ३ ॥
उत्तम नर तन मिलीयो नीको, सत धर्म को काढो टीको
